मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 33.4 | 27.9 |
| जमशेदपुर | 31.0 | 26.2 |
| डालटनगंज | 32.8 | 24.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


रफ्तार टेक्नो
खास उपहार : यादगार रहेंगी ये सुनहरी घड़ियां
झमाझम बारिश में जब बाइक से निकलें
पेज 09

www.lagatar.in रांची, मंगलवार 16 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 2, अंक : 98 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले सीएम हेमंत सोरेन, दी बधाई



## कहा-यह शिष्टाचार मुलाकात थी, जो बातें भी हैं उसे नीति आयोग की बैठक में रखेंगे

**विशेष संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने दिल्ली प्रवास के दौरान सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले. हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री मोदी को देश की तीसरी बार बागडोर संभालने के लिए बधाई दी. सोरेन ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया. बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं भी राज्य की तीसरी बार सीएम बना और मोदी जी ने भी देश की तीसरी बार बागडोर संभाली है. इसलिए शुभकामना देना तो बनता ही है. जब उनसे पूछा गया कि क्या बातचीत हुई, तो उन्होंने कहा कि कोई बातचीत नहीं हुई... बस यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी. मैंने उनको तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं. रही बात राज्य की मांगों और बकाए का, तो हम अपनी बातें नीति आयोग की बैठक में रखेंगे. जल्द ही नीति आयोग की बैठक होने वाली है. बता दें कि पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी शिष्टाचार मुलाकात की. इस मुलाकात में हेमंत के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं.

**-राष्ट्रपति से भी कल्पना के साथ मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन-** देखे पेज 02 पर

### पीएम-सीएम के बीच क्या बात हुई?

माना जा रहा है कि पीएम और हेमंत के बीच झारखंड के विकास को लेकर चर्चा हुई है. फिर सीएम बनने के बाद वह फिर से राज्य के विकास पर फोकस करना चाहते हैं. इसके लिए उन्हें मदद की जरूरत है. की उम्मीद जताई जा रही है कि उन्होंने झारखंड के लिए फंड या प्रोजेक्ट की मांग की होगी. झारखंड में इस साल के आखिर में चुनाव भी होने हैं. हेमंत सोरेन झारखंड के लोगों के लिए कुछ बड़ा काम करना चाहते हैं, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट से लेकर कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हो सकती हैं. इसके लिए उन्हें फंड की जरूरत पड़ेगी. हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि दोनों के बीच क्या बात हुई है. लेकिन काफी देर तक दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई.

## ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कह दी बड़ी बात

# जो विश्वासघात करे वो तो हिंदू है ही नहीं...

**एजेंसी। मुंबई**

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सोमवार को उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री पहुंचे. इस दौरान उनका परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया और ठाकरे फैमिली ने उनकी पादुकाओं की पूजा की. इस मुलाकात के बाद शंकराचार्य ने मीडिया से बात की और कहा कि उद्धव ठाकरे के साथ विश्वासघात हुआ है. उन्होंने कहा कि मैंने उद्धव ठाकरे को आशीर्वाद दिया है कि वह फिर से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजें. उन्होंने कहा कि हम सब लोग सनातन धर्म के पालन करनेवाले हैं. हमारे यहां पुण्य और पाप की परिभाषा बताई गई है. गऊ घात बड़ा पाप है और उससे भी बड़ा घात विश्वासघात बताया गया है.

उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे के साथ विश्वासघात हुआ है. इस बात की पीड़ा बहुत से लोगों के मन में है. हम यहां उनके अनुरोध पर आए और उन्होंने स्वागत किया. उनसे हम सभी ने कहा कि जब तक आप महाराष्ट्र के सीएम पर पुनः विराजमान नहीं हो जाते हैं, तब तक हमारी पीड़ा दूर नहीं होगी. विश्वासघात करनेवाला हिंदू नहीं हो सकता, लेकिन जो इसे सह ले वह हिंदू होगा.

जनता यह मानती है कि उद्धव ठाकरे के साथ विश्वासघात हुआ है. बीच में सरकार को तोड़ देना अच्छी चीज नहीं है. अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने ये भी कहा कि जनता का अनादर करना ठीक नहीं है. उन्होंने कहा, जनता जिसके लिए बहुमत देती है, उसे उसके समय तक के लिए बनाए रखना चाहिए. बीच में सरकार को तोड़ देना और जनमत का अनादर करना अच्छी बात नहीं है. हमें राजनीति से लेना देना नहीं है लेकिन विश्वासघात को पाप बताया गया है. इस बारे में कौन बोलेगा? क्या राजनेता बोलेगा? इस पर तो कोई धर्माचार्य ही बोलेगा.

**केदारनाथ धाम में 228 किलो सोने का घोटाला :** शंकराचार्य ने केदारनाथ धाम में 228 किलो सोने का घोटाला होने का आरोप लगाया है. मीडिया ने उनसे पूछा था कि दिल्ली में केदारनाथ धाम जैसा मंदिर बनाने की बात हो रही है. इस पर आपकी क्या राय है? इस पर तीखा जवाब देते हुए शंकराचार्य ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों की एक परिभाषा और नियम तय हैं. इसलिए कहीं भी केदारनाथ धाम नहीं बनाया जा सकता. शंकराचार्यने कहा, शास्त्रों में द्वादश ज्योतिर्लिंग की बात कही गई है. केदारनाथ धाम दिल्ली में बनेगा, ऐसा कहना गलत है. हमारे धर्मस्थान में राजनीति वाले एंट्री कर रहे हैं. यह गलत है. केदारनाथ धाम से 228 किलो सोने का घोटाला हो गया है. इसकी आखिर कोई जांच क्यों नहीं होती.



**बोले शंकराचार्य**

- हमारे धर्मस्थान में राजनीति वालों की इंट्री गलत है
- मैं पीएम मोदी का दुश्मन नहीं, उनका हितैषी हूं
- केदारनाथ दिल्ली में बनेगा तो मैं विरोध करूंगा ही

**पीएम मोदी के हम दुश्मन नहीं, हितैषी हैं :** शंकराचार्य ने इस दौरान अनंत अंबानी के विवाह में पीएम मोदी से मुलाकात पर भी बात की. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने मुझे प्रणाम किया, तो मैंने उन्हें आशीर्वाद दिया. हम उनके दुश्मन नहीं, बल्कि हितैषी हैं. हां, जब वह गलत करते हैं, तो फिर हम यह भी कहते हैं कि यहां तुमसे गलती हुई है. शंकराचार्य ने कहा कि शास्त्रों में लिखा है कि सोमनाथ सौराष्ट्र यानी गुजरात में ही होगा. केदारनाथ हिमालय पर ही होगा. उसका कोई प्रतिरूप नहीं हो सकता. यदि हम उसे दिल्ली में बनाना चाहें, तो गलत है. केदारनाथ एक ही है और जहां है, वहीं रहेगा. शास्त्र से अलग कुछ होगा, तो हम उसे गलत ही कहेंगे.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,400 |
| चांदी (किलो) | 98,000 |

## ब्रीफ खबरें

### 3 राज्यों में बाढ़ पर सीएम से अमित शाह ने की बात

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम, उत्तर प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से बात कर तीनों राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया तथा उन्हें केंद्र से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया. सूत्रों ने यह जानकारी दी.

### एएसआई ने भोजशाला विवाद पर सौंपी रिपोर्ट

**भोपाल।** एएसआई ने भोजशाला- कमाल मौला मस्जिद मामले में अपनी रिपोर्ट एमपी हाईकोर्ट में दायर कर दी है. एएसआई ने दो हजार पन्नों की रिपोर्ट सौंपी है. कहा है कि अब तक के अध्ययन से पता चलता है कि मौजूदा ढांचे को पूर्व के मंदिर के हिस्सों से बनाया गया है.

### कांग्रेस ने धन विधेयक पर जताई बड़ी उम्मीद

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद में कई विधेयकों को धन विधेयक के रूप में पारित किये जाने से जुड़े मामले पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ गठित करने के निर्णय का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के नवंबर में रिटायर होने से पहले इस पर फैसला आ जाएगा.

### पीएम ने तथ्यों को तोड़ा-मरोड़ा: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने देश में आठ करोड़ नौकरियों के सृजन से संबंधित पीएम नरेंद्र मोदी के बयान को लेकर सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने तथा ध्यान भटकाने का काम किया है, जबकि हकीकत यह है कि रोजगार के मोर्चे पर स्थिति गंभीर है.

### पाकिस्तान में बैन होगी इमरान खान की पार्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी पर राज्य विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में प्रतिबंध लगाएगी. सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी. पेज 12 भी देखें

## अगस्त से सरकार देगी आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक छात्रावासों के छात्रों को सौगात

# मिलेगा नाश्ता और खाना



**सीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट**

*हेमंत सोरेन की ड्रीम योजना पर अब शुरू हुआ अमल, सीएम के निर्देश के बाद विभागीय कार्यवाही हुई तेज*

*11 फरवरी को तत्कालीन चंपाई सरकार ने लिया था निर्णय, मगर आचार संहिता के कारण रह गया था लंबित*

**कौशल आनंद। रांची**

अगस्त माह से राज्य सरकार छात्रों को एक बड़ी सौगात देने जा रही है. इसके मुताबिक राज्य के विभिन्न आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक एवं पिछड़े छात्रावासों में सुबह और दिन-रात का खाना मिलना शुरू हो जाएगा. यह योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ड्रीम प्रोजेक्ट है. हेमंत ने पिछले साल ही इसकी घोषणा विभिन्न मंचों के माध्यम से की थी. हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद तत्कालीन सीएम चंपाई सोरेन ने 11 फरवरी को कैबिनेट की बैठक में इसके प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की थी.

मगर इसके बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाने और आचार संहिता लागू जाने के कारण इसका काम आगे नहीं बढ़ सका. अब तीसरी बार राज्य की बागडोर संभालने के बाद सीएम हेमंत सोरेन इस योजना को लेकर हुई देरी से नाराज दिखे. उन्होंने संबंधित विभागीय मंत्री दीपक बिरूआ और अफसरों को जल्द से जल्द इसे शुरू करने का निर्देश दिया है. इसके बाद विभागीय हलचल तेज हो गयी है. जानकारी के अनुसार टेंडर एवं अन्य औपरचारिकताएं इसी माह तक पूरी करके अगस्त से इस योजना को शुरू होने की बातें कही जा रही है.

### ये था हेमंत सोरेन का निर्देश

जेल जाने से पूर्व पिछले साल ही हेमंत सोरेन ने घोषणा की थी कि अब छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राएं केवल अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें, राशन-पानी की चिंता छोड़ दें. सरकार ही उन्हें खाना देगी. हेमंत सोरेन की इस घोषणा को तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी हरी झंडी दे दी थी. इसके लिए 2024-25 के बजट में प्रावधान भी कर दिया गया है.



**छात्रों को खाने और पानी की है घोर समस्या**

बता दें कि वर्तमान में अधिकांश छात्रावासों का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है. मगर छात्रावासों में मुलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है. इसके कारण छात्रों का समय खाना और पानी की व्यवस्था में निकल जाता है. शौचालयों का हाल बहुत खराब है. अधिकांश छात्र या तो बाजार से खाना खरीद कर या फिर गांव के छात्र अपने घर से राशन लाकर खुद खाना बना कर खाते हैं. राज्य सरकार ने कई छात्रावासों का जीर्णोद्धार भी कराया है.

### छात्रावासों में पुस्तकालय भी बनेंगे

**राज्य के 500 बड़े छात्रावासों में पुस्तकालयों की स्थापना की जाएगी. इनमें हाईस्कूल और कॉलेज की विभिन्न पुस्तकों के अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें भी होंगी. यहां छात्रों के लिए प्रतिदिन अखबार भी आएंगे. एक छात्रावास की स्थापना पर करीब 20 लाख रुपए खर्च होंगे, जिसमें 5 लाख रुपए की किताबें खरीदी जाएंगी.**

### ये है छात्रवास पोषण योजना

- *सभी आदिवासी, दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यकों के लिए बने छात्रावासों के बच्चे इस योजना के दायरे में आएंगे.*
- ***राज्य में ऐसे छात्रावास की कुल संख्या 593 ही है.***
- *इन छात्रावासों में करीब 22 हजार छात्र-छात्राएं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आकर पढ़ाई करते हैं.*
- ***इस पूरी योजना पर एक वर्ष में 103 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा.***
- *तीन समय नि:शुल्क (सुबह का नाश्ता, दिन और रात में खाना) दिया जाएगा.*
- ***संबंधित एनजीओ या ट्रस्ट जिसे यह काम दिया जाएगा, उसे ही सरकार द्वारा तय मीनू के आधार पर राशन-पानी खरीदकर रसोइया रख कर उसे छात्रवासों में ही बनवाकर छात्रों को देना होगा.***
- *संबंधित एजेंसी को ही हर छात्रावास में दो रात्रि प्रहरी (महिला हॉस्टल में महिला और पुरुष हॉस्टल में पुरुष) की व्यवस्था करनी होगी.*
- ***प्रति छात्र हर महीने करीब 3800 रुपए खर्च होंगे.***
- *रसोइया भी एजेंसी को ही रखना होगा.*
- ***छात्रावासों में जहां पानी की व्यवस्था नहीं है, वहां पर जरूरी हुआ तो बाजार से जार से पानी खरीद कर छात्रों को मुहैया कराना होगा.***

> राज्य में आचार संहिता लागू होने के कारण योजना के कार्यान्वयन में विलंब हुआ. इसके बाद तक कई तरह की तकनीकी अड़चनें भी आती रहीं. अब दो से तीन दिनों में इसकी निविदा निकाल दी जाएगी. सारी औपचारिकताएं पूर्ण करके अगले महीने से छात्रावासों में पोषण योजना चालू हो जाएगी.
> **-अजय नाथ झा**, आदिवासी कल्याण आयुक्त

## भाजपा विधायक की छात्रों को अनोखी सलाह

# डिग्री से कुछ नहीं होगा खोलो पंचर की दुकान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गुना से भाजपा के विधायक पन्नालाल शाक्य ने छात्रों को अनोखी सलाह दी है. उन्होंने पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन के मौके पर गुना में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि छात्र बाइक पंचर रिपेयर की दुकान खोल लें, डिग्री लेने से कुछ नहीं होने वाला है. गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को इंदौर में समारोह में एमपी के 55 जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का ई-उद्घाटन किया था. गुना सहित संबंधित जिलों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए थे.

### क्या बोले विधायक जी?

इसी मौके पर शाक्य ने कहा, मैं सभी से छात्रों से एक वाक्य ध्यान में रखने की अपील करता हूं कि इन कॉलेज की डिग्रियों से कुछ नहीं होने वाला. इसके बजाय, बाइक पंचर मरम्मत की दुकान खोल लेना, ताकि जीवन यापन चलता रहे. सबसे पहले मानव शरीर को बनाने वाले पंचतत्व को बचाने का प्रयास करना चाहिए. प्रदूषण व पर्यावरण की चिंता है, लेकिन कोई भी इस दिशा (पंचतत्व को बचाने) में काम नहीं कर रहा है.

# कर्नाटक के डिप्टी सीएम को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई की प्राथमिकी को चुनौती देने वाली कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी. न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करना नहीं चाहती. पीठ ने कहा, माफ कीजिए. इसे खारिज किया जाता है.

शीर्ष अदालत शिवकुमार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने हाईकोर्ट के 19 अक्टूबर 2023 के आदेश को चुनौती दी है. इस आदेश में हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी. हाईकोर्ट ने सीबीआई को अपनी जांच पूरी करने और तीन महीने के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया था. सीबीआई ने आरोप लगाया है कि शिवकुमार ने 2013 से 2018 के बीच आय के अपने ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की. वह उस दौरान तब की कांग्रेस सरकार में मंत्री थे. सीबीआई ने तीन सितंबर 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी. शिवकुमार ने 2021 में हाईकोर्ट में प्राथमिकी को चुनौती दी थी.

**भाजपा ने साधा निशाना**

वहीं इस पूरे मामले को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि ये भ्रष्टचारी दल कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है. क्या अब कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहेगी कि लोकतंत्र खतरे में है? आईएनसी का मतलब इंडियन नेशनल कांग्रेस नहीं बल्कि आई नीड करप्शन है.

**हमला** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बालूलाल मरांडी ने घुसपैठ को लेकर हेमंत सोरेन सरकार को फिर घेरा, कहा

# झारखंड में घुसपैठ से बढ़ रही हैं समस्याएं, बदली डेमोग्राफी

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर से घुसपैठ को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि बांग्लादेशी मुसलमानों की झारखंड में अवैध घुसपैठ कई समस्याएं खड़ी कर रही है. कांग्रेस - झामुमो सरकार के संरक्षण में इन घुसपैठियों के फर्जी आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्र तैयार किए जा रहे.

संथाल परगना क्षेत्र के कई जिलों की डेमोग्राफी पर अवैध घुसपैठ का दुष्परिणाम नजर आ रहा. आदिवासी भाई-बहन अपनी जन्मभूमि-कर्मभूमि पर ही अल्पसंख्यक बन गए हैं. उनकी जमीनों और संसाधनों को लूटा जा रहा है. भाजपा झारखंड को 'जिहादखंड' नहीं बनने देगी.



- **आदिवासी** अपनी जन्मभूमि पर ही बन गए हैं अल्पसंख्यक
- **आदिवासियों** का अस्तित्व ही खतरे में आ गया है

**ठगबंधन सरकार में घुसपैठियों को प्राप्त है संरक्षण :** इससे पहले बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ठगबंधन सरकार की तुष्टीकरण नीति में घुसपैठियों को संरक्षण प्राप्त है. आदिवासी आबादी खतरे में है. ऐसा लगता है कुछ दिनो में अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा.

आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा था कि 1951में संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44.67%थी ,मुस्लिम आबादी 9.44%थी और सामान्य आबादी 45.91% थी. आज 2011 की जनगणना रिपोर्ट को देखें तो मुस्लिम आबादी में ढाई गुना वृद्धि के साथ 22.73% हो गई जबकि आदिवासियों की आबादी 44.67% से घट कर 28.11% हो गई. यही पर सामान्य आबादी 45.9%से 49.2% तक ही बढ़ी.

संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी को लव जिहाद, लैंड जिहाद के नाम पर सुनियोजित तरीके से घटाया जा रहा है.

## इंदिरा भी झुकी थीं, हेमंत भी झुकेंगे : मरांडी

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है. इस बार बाबूलाल मरांडी से सीएम हेमंत सोरेन से पूछा है कि ये कौन सी गांव से चलने वाली सरकार है, जहां पिछले चार साल से चुनाव नहीं हुए. बाबूलाल ने सोशल मीडिया पर आगे लिखा है कि इंदिरा गांधी भी झुकी थीं, हेमंत भी झुकेंगे. संविधान और लोकतंत्र के आगे किसी का नहीं चलेगा.

### हेमंत जब सत्ता के शीर्ष पर पहुंचते हैं तो बन जाते हैं भक्षक

बाबूलाल ने आगे लिखा है कि हेमंत सोरेन और इंडी गठबंधन वाले चुनाव प्रचार के दौरान खुद को संविधान का रक्षक, लोकतंत्र के इकलौते चिंतक तो बताते हैं, लेकिन जब सत्ता के शीर्ष पर पहुंच जाते हैं तो सबसे बड़े भक्षक बन जाते हैं. झारखंड में चार सालों से नगर निकाय चुनाव नहीं कराए गए, हाईकोर्ट द्वारा लगातार निर्देश देने के बाद भी ये संविधान और लोकतंत्र को मानने का नाटक करने वालों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही.

**झारखंड की जनता पूछना चाह रही है**

बाबूलाल ने लिखा है कि हैरानी की बात तो ये है, इसके बाद भी हेमंत सोरेन कहते हैं कि उनकी सरकार गांवों से चलती है, झारखंड की जनता पूछना चाहती है ये कौन सी गांवों से चलने वाली सरकार है, जहां पिछले चाल साल से चुनाव ही नहीं हुए? एक वक्त तब था, जब आपातकाल थोपने वाली प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के चुनावों पर अपनी मनमर्जी चलाई थी, और एक आज का वक्त है झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री निकाय चुनावों को हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं करा रहे हैं. खैर, अंत का आगाज ऐसे ही होता है.

**राज्य में भयावह हैं सर्पदंश के आंकड़े : दो माह में ही अबतक सर्पदंश से हो चुकी है 50 की मौत**

# राज्य में हर साल सर्पदंश से होती है 2000 लोगों की मौत

**रवि भारती। रांची**

झारखंड में सर्पदंश से होने वाली मौतों के आंकड़े काफी भयावह हैं. इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दो महीने जून और जुलाई में सर्पदंश से अब तक लगभग 50 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं सर्पदंश से होने वाली मौतों की संख्या के मामले में झारखंड राज्य पूरे देश में सबसे आगे है. विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिर्पोट के अनुसार पूरी दुनिया में हर साल 83 हजार लोग सर्पदंश के शिकार होते हैं. वहीं अकेले झारखंड में हर साल सर्पदंश से 2000 से अधिक लोगों की मौत हो जाती है.

**गुमला की स्थिति काफी डरावनी :** राज्य में सबसे अधिक सर्पदंश के मामले गुमला में ही होते हैं. इस साल जनवरी से लेकर अब तक 42 लोग सर्पदंश के शिकार हुए. जिसमें सात लोगों की मौत हो गई. पालकोट प्रखंड के डहुपानी पंचायत के लोटवा डुगडुगी गांव के एक ही परिवार के तीन लोगों की सर्पदंश के कारण मौत हो गई. वहीं नाथपुर वनटोली गांव में एक महिला की मौत सर्पदंश से हुई है.



**खास बातें**

- झारखंड में मौजूद सांप की 250 प्रजातियों में 25% ही हैं विषैले
- दुनिया में हर साल सर्पदंश से 83 हजार लोग मरते हैं

### झारखंड में पाए जाने वाले ये सांप जहरीले

झारखंड में पाए जाने वाले कॉमन करैत, रसेल वाइपर, कोबरा, बैंडेड करैत जहरीली प्रजाति के हैं. वहीं कम जहरीले सांपों की श्रेणी में कॉमन कैट स्नेक और फोर्स्टन कैट स्नेक आते हैं. विषरहित सांपों में रैट स्नेक या धामन सांप अथवा ढोर सांप हैं. वहीं झारखंड में पाये जाने वाले सांप की 250 से अधिक प्रजातियों में केवल 25 फीसदी ही विषैले होते हैं.

### सांप को मारने पर सजा का प्रावधान

सांप पयार्वरण व आहार श्रृंखला बनाए रखने के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं. सांप विभिन्न आकार-प्रकार के छोटे बड़े जीवों को खासकर पर्यावरण को नियंत्रित करते हैं. देश में सभी सांप वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित हैं. उन्हें मारने व नुकसान पहुंचाने पर सजा का भी प्रावधान है.

### स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर

सर्प दंश के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है. स्वास्थ्य विभाग ने सर्पदंश और कुत्ता काटने के कारण दी जाने वाली दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा है. साथ ही कहा है कि हर स्वास्थ्य केंद्र में एंटी स्नेक बाइट की दवा की उपलब्धता होनी चाहिए.

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले हेमंत-कल्पना



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस समय दिल्ली दौरे पर हैं. जेल से छूटने और दोबारा झारखंड के मुख्यमंत्री बनने के बाद वे पहली बार दिल्ली पहुंचे हैं. अपने इस दौरे के दौरान सोमवार को हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की.

**कोर्ट की खबरें**

### शूटर शिव कुमार को हाईकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के कुख्यात शूटर शिव कुमार उर्फ शिवेंद्र को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है. शिव कुमार के खिलाफ पलामू पांकी थाना में दर्ज जीतू कुमार की हत्या का मामला दर्ज है. इस केस में शिव कुमार की गिरफ्तारी 12 जनवरी 2023 को की गयी थी. इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में था. शिव कुमार ने अपने अधिवक्ता अमन कुमार राहुल के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की थी. जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की डबल बेंच में सुनवाई हुई. अदालत ने उसे इस शर्त पर बेल दी है कि उसे ट्रायल के दौरान सभी तारीखों में निचली अदालत में सशरीर उपस्थित होना होगा.

### लैंड स्कैम : संजीत को बेल देने से कोर्ट का इनकार

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस ऑफिस के कर्मचारी संजीत को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने बेल देने इनकार कर दिया है. कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने संजीत की जमानत याचिका खारिज कर दी है. इससे पहले तीन जुलाई को दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. सोमवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया. बता दें कि ईडी ने संजीत को 9 मई को गिरफ्तार किया था.

### हंसडिहा-गोड्डा लाइन पर भटौंधा में बनेगा स्टेशन

**रांची।** बीजेपी सांसद निशिकांत दूबे ने ट्वीट कर कहा है कि हंसडिहा गोड्डा रेलवे लाइन पर भटौंधा में रेलवे स्टेशन बनेगा. चुनाव के समय भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी थी गारंटी मोदी जी ने उसे पूरा किया. खूब हुई राजनीति, जनता को गुमराह किया गया, लेकिन यह भाजपा है. जो कहती है, वही करती है. उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार भी प्रकट किया है. बताते चलें कि गोड्डा पीरपैंती रेल लाइन के निर्माण में 1600 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. यह रेलवे ट्रैक 127 किलोमीटर लंबा होगा. इसके लिए गोड्डा से मेहरामा तक 507.57 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा. इन प्रोजेक्ट के लिए पूरा राशि केंद्र सरकार देगी. इस रूट पर रेल लाइन बिछाने के साथ-साथ बिजली, सिग्नल और टेलीकॉम का काम भी एक साथ किया जाएगा. यह लाइन बिहार के भागलपुर जिले के कहलगांव अनुमंडल क्षेत्र में स्थित बटेश्वरस्थान-नवगछिया रेलवे पुल से भी जुड़ेगी.

**सिंगल विंडो सिस्टम : 4279 आवेदनों को क्लीयरेंस की प्रक्रिया चल रही**

# निपटाए गए 1.59 लाख आवेदन



- 1,82,916 आए थे कुल आवेदन, रिजेक्ट हुए 19,275 एप्लीकेशन

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

सरकारी विभागों से विभिन्न कार्यों के लिए आए 1,82,916 आवेदनों को सिंगल विंडो सिस्टम के तहत 1,59,362 आवेदनों को क्लीयरेंस दे दिया है. यह अपने आप में एक नया कीर्तिमान है. इसमें 19,275 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया. फिलहाल विभाग स्तर पर 3,210 आवेदन पेंडिंग हैं. 4,279 आवेदनों को क्लीयरेंस देने की प्रक्रिया चल रही है.

**सबसे अधिक श्रम विभाग के आवेदनों को मिला क्लीयरेंस :** सबसे अधिक श्रम विभाग के आवेदनों को क्लीयरेंस मिला है. श्रम विभाग की ओर से कुल 87,862 आवेदन आए, जिसमें से 79,928 आवेदनों को क्लीयरेंस मिल चुका है. इसी तरह प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कुल 31,472 आवेदन आए, जिसमें से 23,942 आवेदनों को मंजूरी मिली. बिजली वितरण निगम की ओर से 8830 आवेदन आए, जिसमें से 6907 आवेदनों को मंजूरी मिली. इसी तरह कृषि विभाग के 5911 आवेदनों में से 5730 आवेदनों को मंजूरी मिली.

**विभाग व संस्थान में कितने आवेदन और कितने को क्लीयरेंस**

| विभाग | कुलआवेदन | कितने का निपटारा |
|---|---|---|
| उद्योग | 61 | 03 |
| फायर सर्विस | 13,229 | 9,112 |
| वाणिज्यकर | 17,749 | 17,100 |
| श्रम विभाग | 87,862 | 79,928 |
| प्रदूषण बोर्ड | 31,472 | 23,942 |
| जियाडा | 144 | 93 |
| बिजली वितरण | 8,830 | 6,907 |
| भू राजस्व | 16 | 04 |
| जैप आइटी | 01 | 01 |
| जलसंसाधन | 37 | 02 |
| नगर विकास | 661 | 527 |
| ऊर्जा विभाग | 16,290 | 15,703 |
| पर्यटन | 15 | 15 |
| कृषि | 5911 | 5730 |
| खाद्य आपूर्ति | 64 | 36 |
| उत्पाद | 01 | 01 |
| पथ निर्माण | 352 | 147 |
| रांची नगर निगम | 175 | 92 |
| स्वास्थ्य | 02 | 00 |
| जुस्को | 07 | 01 |
| गृह विभाग | 18 | 17 |
| फिल्म डेवलपमेंट | 19 | 00 |

**किस जिले से कितने आवेदनों का निपटारा**

| जिला | आवेदनों का निपटारा |
|---|---|
| बोकारो | 7679 |
| चतरा | 1525 |
| देवघर | 4950 |
| धनबाद | 12,941 |
| दुमका | 3561 |
| पूर्वी सिंहभूम | 22,979 |
| गढ़वा | 2624 |
| गिरिडीह | 5522 |
| गोड्डा | 2236 |
| गुमला | 2345 |
| हजारीबाग | 6387 |
| जामताड़ा | 1494 |
| खूंटी | 1625 |
| कोडरमा | 2809 |
| लातेहार | 1082 |
| पाकुड़ | 2539 |
| पलामू | 4683 |
| रामगढ़ | 4413 |
| रांची | 21823 |
| साहिबगंज | 2956 |
| सरायकेला | 7718 |
| सिमडेगा | 1070 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 2529 |

**किस साल कितने आवेदन आए**

| वर्ष | आवेदनों की संख्या | वर्ष | आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2024( अब तक) | 21,258 | 2019 | 17,934 |
| 2023 | 40,654 | 2018 | 9,642 |
| 2022 | 34,331 | 2017 | 1,501 |
| 2021 | 36,279 | 2016 | 59 |
| 2020 | 21,268 | — | — |

**मिशन विस : बोरिया से हेमलाल के दावे से बढ़ा झामुमो का टेंशन**

- लोस में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण लोबिन हो चुके हैं पार्टी से निष्कासित
- हेमंत के विश्वास मत में समर्थन कर पार्टी को सोचने को मजबूर किया चमरा का भी निलंबन मुक्त होगा
- सीता सोरेन के भाजपा में जाने से पार्टी को मजबूत प्रत्याशी चाहिए झामुमो कर रहा है मंथन

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड झामुमो विधानसभा की तैयारी में जुट गया है. सीट और पार्टी प्रत्याशियों को लेकर भी मंथन शुरू हो गया है. लोकसभा चुनाव में राजमहल सीट से पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने के आरोप में विधायक लोबिन हेंब्रम पार्टी से छह साल के निष्कासित हो चुके हैं. अब इनका मामला विधानसभा न्यायीकरण में लंबित है. इसलिए पार्टी के पूर्व सांसद रहे हेमलाल मुर्मू लोबिन की सीट बोरिया से चुनाव लड़ना चाहते हैं. इसकी दावेदारी भी उन्होंने पार्टी के समक्ष रख दी है. मगर हेमंत सोरेन के जेल से आने और उनके विश्वास मत के दौरान सरकार को समर्थन देकर उन्होंने अपना लचीला रुख अपनाया है. इसके बाद पार्टी भी फिलहाल बैकफुट पर नजर आ रही है. अब पार्टी के समक्ष यह धर्मसंकट उत्पन्न हो गया कि पार्टी से निष्कासित विधायक सरकार को साथ दिया है. ऐसे में आगामी चुनाव में लोबिन को बदला जाए या नहीं. इसको लेकर शीर्ष स्तर पर विचार-विमर्श जारी है. अब पार्टी बीच का रास्ता निकालने को लेकर मंथन कर रही है.

**चमरा लिंडा का निलंबन मुक्त होना तय :** गठबंधन प्रत्याशी के खिलाफ लोहरदगा से निर्दलीय चुनाव लड़े पार्टी विधायक चमरा लिंडा पार्टी से निलंबित हैं. इन्होंने भी हेमंत सोरेन के विश्वास मत के दौरान सरकार को समर्थन दिया है. चमरा लिंडा का निलंबन मुक्त करने में कोई तकनीकी पेंच नहीं है. इसलिए संभव है कि चमरा लिंडा बहुत जल्द निलंबन मुक्त हो जाएं.






**जामा से पार्टी नए चेहरे की तलाश में**

शिबू सोरेन की बड़ी बहु और जामा से विधायक रहीं सीता मुर्मू सोरेन लोकसभा चुनाव में भाजपा में चल गयीं. उन्होंने अपना इस्तीफा भी पार्टी और स्पीकर को दे दिया. उनका इस्तीफा भी दोनों जगह से स्वीकार कर लिया गया है. चूंकि जामा से सीता सोरेन का फिर से चुनाव लड़ने में तकनीकी पेंच है. नए नियम और कोर्ट के आदेशानुसार दूसरे प्रदेश की महिलाओं को राज्य में आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा. यानि कि वे विधानसभा चुनाव आरक्षित सीट से नहीं लड़ सकती हैं. यही कारण है कि कल्पना सोरेन आदिवासी आरक्षित सीट के बदले सामान्य सीट गांडेय से चुनाव लड़ीं. अब भाजपा सीता को कहां से चुनाव लड़ाती है, इसको लेकर विचार-विमर्श चल रहा है. मगर यह तय है कि जामा से भाजपा उनकी बड़ी पुत्री जयश्री सोरेन को उतार सकती है. इसलिए अब झामुमो जामा से नए चेहरे की तलाश में जुट गयी है. पारिवारिक बेटी के खिलाफ सोरेन परिवार और पार्टी किसे मैदान में उतारती है, यह देखना भी दिलचस्प होगा.

## झारखंड के 606 थानों में 49,592 मामले हैं पेंडिंग

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड के 606 थानों में 49592 मामले अनुसंधान के लिए लंबित हैं. केस पेंडिंग होने के कारण ट्रायल नहीं हो पा रहा है. लंबित मामलों की लंबी फेहरिस्त (लिस्ट) को देखकर कहा जा सकता है कि पुलिस लोगों को न्याय दिलाने में गंभीर नहीं है. शायद यही कारण है कि राज्य के विभिन्न थानों में इतनी बड़ी संख्या में केस पेंडिंग हैं. रांची जिले की स्थिति सबसे खराब है. इसके बाद धनबाद, हजारीबाग, बोकारो, जमशेदपुर, पलामू में भी सबसे अधिक मामले लंबित हैं.




**जानें किस जिले में कितने केस लंबित**

| | | |
|---|---|---|
| रांची : 11883 | गढ़वा : 1752 | लोहरदगा : 536 |
| धनबाद : 5009 | साहिबगंज : 1543 | कोडरमा : 527 |
| हजारीबाग : 4217 | दुमका : 1103 | जामताड़ा : 462 |
| बोकारो : 4048 | सरायकेला : 1086 | पाकुड़ : 446 |
| जमशेदपुर : 2685 | लातेहार : 1045 | खूंटी : 438 |
| पलामू : 2630 | चाईबासा : 849 | रेल धनबाद : 353 |
| देवघर : 2603 | गोड्डा : 806 | सिमडेगा : 217 |
| गिरिडीह : 1999 | रामगढ़ : 758 | रेल जमशेदपुर : 123 |
| चतरा : 1760 | गुमला : 714 | कुल : 49592 |

### एसबीएम अनुबंध कर्मचारी महासंघ के लोग श्रम मंत्री से मिले

**रांची।** श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन अनुबंध कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. महासंघ के महासचिव कौशर आजाद ने पिछले साल से लेकर इस साल मार्च माह की अवधि में सेवा से बाहर कर दिया गया है. वहीं स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण और जल जीवन मिशन में हो रही नई नियुक्तियों में अनदेखी की जा रही है. इस पर श्रम मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि आपलोगों की सेवा बहाल हो, इसका प्रयास करेंगे. इस दौरान श्रम मंत्री ने पेयजल सचिव से भी फोन पर बात की. सचिव से कहा कि हटाए गए कर्मियों का समायोजन होना चाहिए. सचिव ने कहा कि इस पर सकारात्मक पहल होगी. बताते चलें कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 500 से अधिक प्रखंड समन्वयक संविदा पर सेवारत हैं.

**मुलाकात** लोकतंत्र बचाओ अभियान के लोग खूंटी सांसद से मिले, कहा-

# 'आदिवासी विरोधी नीतियों को जल्द रद्द कराएं'

**विशेष संवाददाता। रांची**


लोकतंत्र बचाओ अभियान का प्रतिनिधिमंडल खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा से मिला. इस मौके पर क्षेत्र के जन मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा की और एक मांग पत्र दिया गया. इन्होंने कहा कि अभियान ने पिछले 1.5 साल से लगातार खूंटी समेत राज्य की कई लोक सभा सीटों पर लोकतंत्र पर मंडरा रहे खतरों और जन मुद्दों पर लोगों को जागरूक और संगठित किया था. इसका परिणाम खूंटी समेत राज्य के पांचों आदिवासी सीटों पर देखने को मिला है. इस दौरान क्षेत्र के अनेक मुद्दे सामने आये हैं, जिनपर सांसद को कार्रवाई करनी चाहिए.

प्रतिनिधिमंडल ने मोदी सरकार की आदिवासी-विरोधी नीतियों जैसे भूमि स्वामित्व कार्ड परियोजना, वन संरक्षण अधिनियम संशोधन 2023 व व्यवसायिक खनन नीति को रद्द करना चाहिए. क्षेत्र में बिना ग्राम सभा की सहमति के बन रही भारतमाला परियोजना को तुरंत रोका जाना चाहिए. आने वाले दिनों में ऐसी किसी भी परियोजना को लागू नहीं करना चाहिए जो आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करती है व जिसमें ग्राम सभा ने सहमती नहीं दी है. तीनों नए अपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य संहिता के कार्यान्वयन पर तुरंत रोक लगना चाहिए. सांसद को संसद में 2011 से लंबित जनगणना को तुरंत करवाने की मांग भी रखनी चाहिए. विलम्ब के कारण इसके कारण करोड़ों लोग अनेक अधिकारों व योजनाओं से वंचित हैं. साथ ही, सरना कोड लागू किया जाए एवं मुंडारी, हो, कुड़ुख समेत सभी आदिवासी भाषाओं को संविधान की आठवी अनुसूची में डाला जाए. प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से यह भी मांग किया कि सांसद प्रतिनिधियों व विभिन्न प्रकोष्ठों के चयन में आदिवासियों को प्राथमिकता दी जाए. साथ ही, हर सभी विधान सभा में सांसद कार्यालय खोला जाए ताकि लोग अपनी समस्याओं को सांसद तक आसानी से पहुंचा सके. प्रतिनिधिमंडल में अजय एक्का, अम्बिका यादव, असिशन बिलुंग, बासिंह मुंडा, बिनसाय मुंडा, एलिना होरो, मानसिंह मुंडा, नंदराम मुंडा, प्रवीर पीटर, रेजिना टोप्पो, सुशांत खेस्स, सिराज दत्ता आदि शामिल थे.



सांसद कालीचरण मुंडा से मिलता प्रतिनिधिमंडल.


**क्लासिफाइड**
























तापमान
28.8⁰ अधिकतम | 24.0⁰ न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 16 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 98 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### फुटपाथ दुकानें हटाने को लेकर नगर निगम की ओर से दी गई जानकारी को हाईकोर्ट ने दरकिनार किया, कहा- सुबह आप हटाते हैं, शाम को फिर लग जाती हैं दुकानें

**सब्जी दुकानदारों को हटाने से पहले उनको जगह दीजिए**

# हाईकोर्ट का कड़ा रुख, कहा- सिर्फ डंडा चलाने से कुछ नहीं होगा

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

राजधानी के फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पहले उनका पुनर्वास करने की मांग को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की ओर से दायर जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि नगर निगम को निर्देश दिया कि सब्जी विक्रेता एवं फुटपाथ दुकानदारों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए जगह चिन्हित करे. इसके साथ ही अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि सिर्फ फुटपाथ और सब्जी विक्रेताओं पर डंडा चलाने से काम नहीं चलेगा. उन्हें सब्जी बाजार एवं दुकान लगाने के लिए जगह दी जाए. कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि अगर रांची नगर निगम इस दिशा में



प्रयास नहीं करेगा, तो कोर्ट अपने स्तर पर इसका समाधान निकालेगा. नगर निगम द्वारा कोर्ट में दी गई जानकारी को दरकिनार करते हुए अदालत ने कहा कि बिरसा चौक, हिनू, लालपुर और कोकर इलाके में सब्जी विक्रेताओं एवं फुटपाथ दुकानदारों को हटाए जाने के बाद शाम होते ही वो फिर से उसी जगह पर अपनी दुकान लगा लेते हैं.

**आप कुछ कीजिए, वरना हम करेंगे**

हाईकोर्ट ने कहा कि सिर्फ फुटपाथ और सब्जी विक्रेताओं पर डंडा चलाने से नहीं होगा, उन्हें सब्जी बाजार एवं दुकान लगाने के लिए जगह दी जाए. ये उनकी आजीविका का साधन है. सब्जी विक्रेता ग्रामीण इलाकों से आते हैं और अपने उत्पाद को बेच कर चले जाते हैं. ऐसे में उनके उत्पाद के बदले उन्हें समुचित मूल्य मिले इसके लिए नगर निगम को एक जगह निर्धारित करना होगा. कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर रांची नगर निगम इस दिशा में प्रयास नहीं करेगा, तो कोर्ट अपने स्तर पर इसका समाधान निकालेगा. कोर्ट ने रांची नगर निगम के द्वारा फुटपाथ दुकानदारों एवं सब्जी विक्रेताओं को हटाए जाने के दावे को खारिज करते हुए कहा कि बिरसा चौक, हीनू, लालपुर आदि क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं एवं फुटपाथ दुकानदारों को हटाए जाने के बाद भी शाम होते ही फिर से उसी जगह पर वे बाजार लगा देते है. हटिया स्टेशन रोड के निकट एवं सिंहमोड़ के आसपास सब्जी विक्रेता सड़क पर प्रतिदिन बैठते हैं.

**अटल मार्केट की कितनी दुकानें रद्द हुईं**

हाईकोर्ट ने मौखिक कहा की अटल मार्केट बनने के बाद भी मेन रोड (महात्मा गांधी मार्ग) में फुटपाथ दुकानदार अपने दुकान लगा देते हैं, वे अटल मार्केट स्थित अपने दुकान को या तो भाड़े पर लगा देते हैं या उसे खाली रखते हैं और मेन रोड में सड़कों का अतिक्रमण कर वहां बैठ जाते हैं. कोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा कि अटल मार्केट की बजाय में मेन रोड में बैठने वाले कितने दुकानदारों का अटल मार्केट का दुकान का आवंटन रद्द किया गया? कोर्ट ने कहा कि यह जनहित याचिका 10 साल से लंबित पड़ी हुई है, इतने वर्षों में रांची शहर के सब्जी विक्रेताओं और फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित नहीं किया जा सका है.

## नशा कारोबार पर सरकार ले कड़ा एक्शन

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट नशे के कारोबार पर काफी सख्त है. हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से कहा कि नशे के सौदागर युवाओं की जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं. राज्य में नशे के शिकार युवा रिनपास में भर्ती हो रहे हैं और जीवन-मौत की लड़ाई लड़ रहे हैं. राजधानी रांची सहित झारखंड में अफीम, गांजा चरस आदि का धड़ल्ले से बिकना अभिभावकों, राज्य सरकार एवं कोर्ट के लिए चिंता का विषय बना हुआ है. ड्रग्स माफियाओं के नेटवर्क को ध्वस्त करना होगा. कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र, बिरसा चौक आदि क्षेत्रों में अफीम, चरस, गांजा का व्यापार फल फूल रहा है. पुलिस को सख्ती से अंकुश लगाना होगा.

**बिना लाइसेंस के कई रेस्टूरेंट में शराब की व्यवस्था रहती है :** हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि शहर के कई इलाकों, जैसे लालपुर, डोरंडा, बिरसा चौक के आसपास, तुपुदाना में कई रेस्टूरेंट खुले हैं, जहां लोग रात में शराब का सेवन करते हैं. इन रेस्टूरेंट के पास बिना लाइसेंस के ही शराब की व्यवस्था रहती है. उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाये. राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ राज्य भर में अभियान चलाया जा रहा है और नशे के कारोबार में संलिप्त कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है.

**ब्रीफ खबरें**

### नीट पेपर लीक: हजारीबाग से एक और गिरफ्तार

**रांची/हजारीबाग।** नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में हजारीबाग में सीबीआई की टीम ने फिर से अपनी दबिश बढ़ा दी है. इस क्रम में सोमवार देर शाम कटकमदाग थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस में छापेमारी की गयी. सीबीआई यहां से राजकुमार सिंह उर्फ राजू को अपने साथ ले गई. जानकारी के मुताबिक, सीबीआई की टीम शाम करीब साढ़े छह बजे राज गेस्ट हाउस पहुंची और और आधे घंटे जांच के बाद राजकुमार उर्फ राजू को लेकर निकल गई. सीबीआई की टीम दो गाड़ियों से आई थी, जिसमें एक पर हजारीबाग और दूसरे पर रांची का रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित था. इससे पूर्व भी सीबीआई की टीम हजारीबाग से तीन लोगों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले जा चुकी है. इनमें ओएसिस स्कूल का पूर्व प्रिंसिपल डॉ एहसान उन हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और एक अन्य बड़े बैनर का व्यक्ति शामिल था. इधर, हजारीबाग में फिर से सीबीआई की कार्रवाई के बाद शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है.

- सीबीआई की टीम ने राज गेस्ट हाउस में छापेमारी की
- टीम ने आधे घंटे तक गेस्ट हाउस में की जांच

### डॉ शैलेश रिम्स के अपर चिकित्सा अधीक्षक बने

**रांची।** रिम्स के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश कुमार त्रिपाठी को अपर चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया. सोमवार को कार्यकारिणी समिति की 34वीं बैठक में रिम्स के सफल संचालन को लेकर निर्णय लिया गया है. इसके साथ डॉ अजय कुमार, सह-प्राध्यापक, सर्जरी विभाग और डॉ राजीव रंजन, सहायक प्राध्यापक, एनाटोमी विभाग को चिकित्सा उपाधीक्षक बनाया गया है. तीनों चिकित्सक अगले आदेश तक कार्यकारी व्यवस्था के तहत अपने कार्य के अतिरिक्त सम्मुख पदनाम पर चिकित्सा अधीक्षक के अधीन कार्य करेंगे. जारी आदेश में इसे तत्काल प्रभाव लागू किया गया.

### इसरो के लांचिंग पैड से लेकर तोप के कल-पुरजे तक बना चुका है एशिया का सबसे बड़ा कारखाना

# एचईसी ने 61 वर्षों में कई बार साबित की उपयोगिता

**इसरो के लिए रॉकेट लांचिंग पैड से लेकर तोप के पार्ट-पुरजे तक तैयार करने वाला एचईसी आज पूरी तरह से बदहाल हो गया है. उसके पास न वर्किंग कैपिटल है और न वर्क आर्डर. कभी 22 हजार कर्मचारियों से शुरू हुए कारखाने की हालत आज हो गयी है कि यहां स्थायी और ठेका कर्मचारी मिला कर गिने-चुने 26-2700 कर्मचारी ही बचे हैं. 1100 स्थायी और 1600 अस्थायी कर्मचारी हैं, जिन्हें न तो 22 महीने से वेतन मिल रहा है और न ही अन्य सुविधाएं. लेकिन, 80 के दशक तक एशिया के सबसे बड़े कारखाना एचईसी का स्वर्णिम दौर था. उस वक्त एचईसी मुनाफा कमाने वाली इंडस्ट्री थी. पढ़िए एचईसी के 61 वर्षों की उपयोगिता पर खास रिपोर्ट.**

शुभम किशोर। रांची

एचईसी कारखाने ने अपने जीवन काल के 61 वर्षों में कई बार अपनी उपयोगिता साबित की है. एचईसी ने बोकारो, दुर्गापुर, भिलाई, राउरकेला, विशाखापट्टनम जैसे बड़े स्टील प्लांटों की स्थापना की. इसके अलावा इसरो के तीन लाउंचिंग पैड, बांग्लादेश युद्ध के समय में गन बैरल, टी-72 टैंक के लिए उपकरण, माइनिंग क्षेत्र के विभिन्न क्षमता के शावेल, ईओटी क्रेन के अलावा अन्य उपकरण, पानी जहाज के उपकरण, सेना के लिए माउंटेन गन, ड्रैगलाइन का निर्माण किया है.

एचईसी द्वारा पूर्व में बनाये गये उपकरणों की मांग देश के अलावा विदेशों में भी रही है. तुर्की के लिए कोक ओवेन इक्विपमेंट, कंटीन्यूअस कास्टिंग ओवेन इक्विपमेंट, सिंटरिंग प्लांट इक्विपमेंट, क्रशिंग एंड ग्राइडिंग इक्विपमेंट, माइनिंग इक्विपमेंट, फोर्ज्ड रोल एंड हॉलेज विंचेस, मिनी स्टील कास्टिंग, कोल चार्जिंग कार, डोर एक्सट्रेक्टिंग मशीन, ब्लास्ट फर्नेस इक्विपमेंट, इलेक्ट्रोलायजर पोर्टस का निर्माण किया. एचईसी ने यूगोस्लाविया के लिए एल्यूमीनियम इलेक्ट्रोलिसर विथ एनोड मैकेनिज्म, चार रोल क्रशर का निर्माण किया. बुलगारिया, हंगरी व क्यूबा के लिए मेटालर्जिकल क्रेन, चार रोड क्रशर, ब्रिज री-लोडर क्रेन का निर्माण किया. श्रीलंका के लिए स्टील मेल्टिंग शॉप इक्विपमेंट, कोक ओवेन इक्विपमेंट का निर्माण किया. वहीं बांग्लादेश के सीमेंट प्लांट के लिए विभिन्न तरह के उपकरणों का निर्माण किया.

**एचईसी द इग्नोर्ड इंडस्ट्री**



**एचईसी के प्लांट**

### हेवी मशीन बिल्डिंग प्लांट (एचएमबीपी)

संयंत्र का बाड़ा क्षेत्र 5,70,000 वर्ग मीटर और फर्श क्षेत्र लगभग 2,00,000 वर्ग मीटर है. यह उच्च गुणवत्ता की भारी मशीनरी और उपकरणों के निर्माण के लिए परिष्कृत मशीन टूल्स और हैंडलिंग उपकरणों से सुसज्जित है. यहां स्टील प्लांट, खनन, खनिज प्रसंस्करण, क्रशर, सामग्री हैंडलिंग, क्रेन, बिजली, सीमेंट, एल्यूमीनियम, अंतरिक्ष अनुसंधान, परमाणु ऊर्जा आदि के लिए उपकरणों और घटकों के डिजाइन और निर्माण भी किया जाता है.

### फाउंड्री फोर्ज प्लांट (एफएफपी)

एचईसी भारत में सबसे बड़ा फाउंड्री और फोर्जिंग कॉम्प्लेक्स है और दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा कॉम्प्लेक्स है. संयंत्र का क्षेत्रफल 13,16,930 वर्ग मीटर है, जिसमें विभिन्न कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए 76,000 टन स्थापित मशीनरी है. यह प्लांट स्टील प्लांट, रक्षा, बिजली, परमाणु ऊर्जा आदि से संबंधित एचईसी के विभिन्न उपकरणों के लिए भारी कास्टिंग और फोर्जिंग का निर्माता है. यह स्टील प्लांट के लिए फोर्ज्ड रोल, रेलवे लोको के लिए क्रैंक शाफ्ट आदि का भी निर्माण करता है.

### भारी मशीन टूल्स प्लांट (एचएमटीपी)

एचएमटीपी देश में अपनी तरह का सबसे आधुनिक और परिष्कृत है, जो भारी रेंज में मशीन टूल्स का उत्पादन करता है. यह संयंत्र 2,13,500 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र को कवर करता है. यह रेलवे, रक्षा, आयुध कारखानों, एचएएल, अंतरिक्ष और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों के लिए मध्यम और भारी शुल्क सीएनसी और पारंपरिक मशीन टूल्स का डिजाइन और निर्माण करता है.

### परियोजना विभाग

इस विभाग में थोक सामग्री से संबंधित हैंडलिंग, इस्पात संयंत्र परियोजनाओं, सीमेंट संयंत्र और अन्य क्षेत्रों से संबंधित डिजाइन, इंजीनियरिंग और टर्न-की परियोजनाओं के निष्पादन का कार्य किया जाता है.

## एचईसी की उपलब्धियां

### रक्षा क्षेत्र

- असेंबली इंडियन माउंटेन गन (एमके-टू) का पूर्ण निर्माण
- टी 72 टैंक के लिए बुर्ज (अनुच्छेद) कास्टिंग
- 105 मिमी गन बैरल की ट्रेपैनिंग सहित फोर्जिंग और मशीनिंग
- जाली कवच प्लेट, कास्ट कवच प्लेट, प्रोपेलर शाफ्ट असेंबली
- आईएनएस राणा के लिए स्टर्न गियर सिस्टम
- 120 मिमी गन बैरल का हीट-ट्रीटमेंट और मशीनिंग
- बल्ब बार के लिए विशेष इस्पात और ताप उपचार प्रौद्योगिकी का विकास
- डीएमआरएल के लिए सॉफ्ट आयरन का विकास
- एटीवी परियोजना के लिए विशेष इस्पात का विकास
- डीप बोरिंग मशीन, हॉरिजॉन्टल बोरिंग मशीन, सीएनसी वर्टिकल बोरिंग मशीन जैसे मशीन टूल्स

### अंतरिक्ष अनुप्रयोग

- अंतरिक्ष वाहन एकीकरण के लिए फोल्डिंग कम वर्टिकल रिपोजिशनेबल प्लेटफॉर्म (एफसीवीआरपी)
- क्षैतिज स्लाइडिंग दरवाजा (एचएसडी)
- मोबाइल लंच पेडस्टल (एमएलपी)
- विशेष प्रयोजन 400 टन और 200 टन ईओटी क्रेन, और टॉवर क्रेन
- इसरो के लिए 2.8 मीटर व्यास की मैरेजिंग स्टील की जाली रिंग
- वीएसएससी के लिए विशेष ग्रेड के स्टील का विकास
- हाई टेक हेवी ड्यूटी स्ट्रक्चरल
- हेवी ड्यूटी सीएनसी मशीन टूल्स

### परमाणु क्षेत्र

- परमाणु दबाव पोत के लिए विशेष फोर्जिंग का सफलतापूर्वक निर्माण किया गया
- अल्ट्रा क्लियर लिक्विड स्टील को रासायनिक संरचना और अशुद्धियों के करीबी नियंत्रण के साथ बनाया गया
- परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में फोर्जिंग बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाओं और नियंत्रणों की स्थापना की
- वीईसीसी के लिए सुपर कंडक्टिंग साइक्लोट्रॉन बनाया गया

### एचईसी के पास मशीनें

- पिघलाने वाली भट्टियां : 30 टन इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस, 10टन इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस, 5 टन इंडक्शन फर्नेस, 2 टन इंडक्शन फर्नेस
- माध्यमिक शोधन भट्टियां : 60 टन वैक्यूम आर्क डीगैसिंग यूनिट, 90 टन वैक्यूम डीगैसिंग यूनिट, 60 टन लैडल फर्नेस
- फोर्जिंग सुविधाएं : 6000 टन हाइड्रोलिक प्रेस, 2650 टन हाइड्रोलिक प्रेस, 1650 टन हाइड्रोलिक प्रेस, 1000 टन हाइड्रोलिक प्रेस, 3 टन/1.6 टन हैमर, डाई फोर्जिंग यूनिट (15 टन और 1600 किलोग्राम)
- हीट ट्रीटमेंट सुविधाएं :
- कम आवृत्ति इंडक्शन हार्डनिंग एम/सी (50 चक्र)
- मध्यम आवृत्ति प्रेरण एम/सी (1000 चक्र)
- नाइट्राइडिंग फर्नेस

### थर्मल स्थिरता परीक्षण उपकरण

- लंबवत और क्षैतिज धुंध शमन एम/सी (50 टन तक और 18 मीटर लंबी)
- 18 मीटर गहराई तक इलेक्ट्रिक एच/टी पिट फर्नेस
- 12 मी x 6 मी x 3.5 मी की बोगियां टाइप एच/टी फर्नेस
- बोगियां टाइप एच/टी फर्नेस 19 मी x 4 मी x 3 मी तक
- इलेक्ट्रिक पिट फर्नेस (व्यास- 2.5 मीटर)
- इलेक्ट्रिक पिट फर्नेस (व्यास- 4.0 मीटर)

### परीक्षण सुविधाएं

- हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन 1960 के लिए बाल्जर्स एक्सालोग्राफ
- स्पेक्ट्रो लैब एम-5 एम-5 1988
- क्वांट्रोन मैगलन 2004
- परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर - 902 902-1984
- मेटलर्जिकल माइक्रोस्कोप नियोफोटो-1936
- छवि विश्लेषक 2002
- हाई वॉल्यूम एयर सैम्पलर एपीएम- 415
- स्टैक गैस विश्लेषक एपीएम- 610
- यूनिवर्सल टेस्टिंग एम/सी जेडडी- 40, जेडडी- 10
- ब्रिनेल कठोरता परीक्षण एम/सी एचपीओ - 3000
- विकर्स कठोरता परीक्षण एम/सी एचपीओ- 250
- रॉकवेल कठोरता परीक्षण एम/सी एचपी- 25
- नॉच कटिंग एम/सी 1044
- चार्पी टेस्टिंग एम/सी पीएस- 30
- आईजेडओडी परीक्षण एम/सी पीएस- 30

### मशीनिंग सुविधाएं

- सीएनसी हेवी ड्यूटी गियर शेपर पिच व्यास आंतरिक/बाहरी गियर- 500 मिमी, मॉड्यूल अधिकतम- 8 मिमी
- माग गियर शेपर (विशेषता - नैरो गैप हेरिंगबोन गियर), अधिकतम व्यास- 1800 मिमी, मॉड्यूल अधिकतम- 18 मिमी
- वर्टिकल गियर हॉबिंग एम/सी, अधिकतम जॉब डायमीटर- 5 मीटर, मॉड्यूल- 50 मिमी, अधिकतम जॉब की चौड़ाई- 2 मीटर
- क्षैतिज गियर हॉबिंग एम/सी मैक्स, अधिकतम व्यास- 5 मीटर, मॉड्यूल- 40 मिमी, अधिकतम कार्य की लंबाई- 5.6 मीटर
- मैग गियर ग्राइंडिंग मशीनें, अधिकतम व्यास- 1800 मिमी, अधिकतम मॉड्यूल- 0.5 मिमी से 16 मिमी
- सीएनसी वर्टिकल टर्निंग और बोरिंग एम/सी (ओ एंड एम मेक) अधिकतम जॉब डाया- 14 मीटर, अधिकतम जॉब वजन- 250 टन
- सीएनसी प्लानोमिलिंग एम/सी (वाल्ड्रिच कोबर्ग), अधिकतम जॉब का आकार- 3.5 मी x 7 मी x 2.5 मी, अधिकतम जॉब वजन- 120 टन
- सीएनसी होर बोरिंग एम/सी (स्कोडा मेक), अधिकतम स्पिंडल व्यास- 200 मिमी, अधिकतम कॉलम यात्रा- 20 मीटर
- गियर कटिंग एम/सी, अधिकतम जॉब डाया- 5 मीटर, अधिकतम मॉड्यूल- 40 मिमी (हॉबिंग)

**तैयारी**

### मुहर्रम को लेकर डीजीपी ने सभी जिलों के एसएसपी, एसपी, आईजी व डीआईजी के साथ की बैठक

# सोशल मीडिया पर रहेगी निगरानी, अफवाह फैलानेवालों की खैर नहीं

संवाददाता। रांची

मोहर्रम को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की. इसमें जिले के एसएसपी, एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए. डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखें और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई करें. इसके अलावा राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती पर चर्चा की गयी.

डीजीपी ने सभी जिलों के एसएसपी व एसपी को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी का निर्देश दिया है, ताकि असामाजिक तत्व अफवाह न फैला सकें. कहा कि किसी भी तरह की अफवाह फैले, तो तत्काल उसका सत्यापन करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें. सभी थानों में स्थानीय शांति समिति की बैठक करने को कहा. साथ ही अपील की है कि कोई भी फर्जी या भ्रामक खबर की सूचना मिलने पर उसकी तत्काल सूचना जिला प्रशासन या अपने नजदीकी पुलिस थाना में दें, ताकि इस पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा सके.

**पुलिस कर्मियों को बॉडी प्रोट्रेक्टर के साथ चलने का निर्देश :** वैसे जिले, जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं घटित हुई हैं, उन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का डीजीपी ने निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि मुहर्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्य के अलग-अलग जिलों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की जा रही है. जुलूस के दौरान सभी पुलिस कर्मियों को बॉडी प्रोट्रेक्टर समेत अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण साथ में लेकर चलने को लेकर कहा गया है.

- **संवेदनशील** जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी
- **पूर्व से** लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश




अपने मातहतों के साथ बैठक करते डीजीपी अजय कुमार सिंह.

**संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से निगरानी पर जोर**

थानों में होने वाली शांति समिति की बैठकों में पिछले वर्षों के वैसे चिह्नित स्थानों जहां सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं, वहां अतिरिक्त सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया. उन्होंने सभी जिलों में पूर्व से लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया. डीजीपी ने संवेदनशील इलाकों में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के अलावा ड्रोन से निगरानी रखने पर भी जोर दिया. उन्होंने मुहर्रम जुलूस पूर्व से तय रूट पर ही निकालने, रूट में पड़ने वाले धार्मिक स्थल, चौक-चौराहों पर निगरानी रखने और जुलूस रूट का आपसी समन्वय से भौतिक सत्यापन करने का भी निर्देश दिया.

## मुहर्रम जुलूस को लेकर कल शहर में गाड़ियों की नो एंट्री

संवाददाता। रांची

इस वर्ष मुहर्रम पर्व 17 जुलाई को को मनाया जाएगा. मुहर्रम के अवसर पर रांची शहर के विभिन्न अखाड़ों से जुलूस निकाला जाएगा. इसे लेकर रांची ट्रैफिक एसपी कार्यालय से सूचना जारी की गई है. 17 जुलाई को सुबह 10 बजे से निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन जुलूस की समाप्ति तक बंद रहेगा. जारी सूचना में रांची शहर के अन्य मार्गों में मुहर्रम जुलूस के दौरान यातायात को आवश्यकता अनुसार डायवर्ट करने की बात कही गई है.

**17 को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था**

- किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक होकर शहीद चौक के तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा.
- शहीद चौक से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा.
- सुभाष चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- कचहरी चौक से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक आने वाले मार्ग में सामन्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- चडरी तलाब से अल्बर्ट एक्का चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.

**बैठक :** सीईओ ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा

# 18 से 20 वर्ष के शहरी युवाओं के मतदाता निबंधन पर दें विशेष ध्यान : रविकुमार

**संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने द्वितीय विशिष्ट संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोमवार को समीक्षा बैठक की. बैठक में राज्य के सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) मौजूद थे. के रवि कुमार ने कहा कि द्वितीय मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम सीमित समय में कराए जा रहे हैं. इस अवधि में लक्ष्य आधारित होकर कार्य करें. उन्होंने कहा कि स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण करना हमारी प्राथमिकता है. स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण से ही मतदान प्रतिशत में आशानुरूप वृद्धि होगी. कार्य में पिछड़ रहे बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर की हैंड होल्डलिंग तो करें ही परिस्थितियों अनुरूप उन पर त्वरित कार्रवाई भी करें.




### रांची व धनबाद में युवा वोटरों का निबंधन असंतोषजनक

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि धनबाद एवं रांची जिले में 18 से 20 वर्ष के मतदाताओं के मतदाता सूची में निबंधन की स्थित असंतोषजनक है. इनके निबंधन के लिए जागरूकता कैंप लगाकर कार्य करें. शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर शत प्रतिशत सुपर चेकिंग करना सुनिश्चित करें. मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में पंजीकृत होने से वंचित न रहे इसे ध्येय बनाकर कार्य करें. विगत लोकसभा निर्वाचन में जिन जिलों में निर्वाचन कार्य में किसी भी रूप में छोटी मोटी समस्या उत्पन्न हुई थी उनकी जिलावार समीक्षा की गई. सीईओ ने कहा कि पदाधिकारी ऐसे मामलों को आगामी चुनाव में केस स्टडी के रूप में लेते हुए इनका प्रशिक्षण के दौरान इस्तेमाल करें. इस अवसर पर मुख्यालय से संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे उपस्थित रहे.

उत्पाद विभाग में सिपाही नियुक्ति का मामला

## क्या बिना चिप लगाये पारदर्शी तरीके से होगी अभ्यर्थियों की दौड़

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड में उत्पाद विभाग के सिपाहियों की बहाली की तैयारी शुरू हो गई है. इसको लेकर रविवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा इस बहाली के लिए नियुक्त किये गये अध्यक्ष और मेंबर के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में बिना आरएफआईडी लगाये अभ्यर्थियों की दस किलोमीटर दौड़ कराने पर जोर दिया गया. ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या बिना आरएफआईडी लगाये अभ्यर्थियों की दौड़ पारदर्शी तरीके से सफल हो पाएगी?

**दौड़ के समय प्रत्येक अभ्यर्थी के शरीर पर इसे लगाया जाता है :** रेडियो फ्रिक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) टैग में इलेक्ट्रो मैग्नेटिक चिप व छोटी रेडियो ट्रांसपांडर लगा होता है. यह किसी मैराथन दौड़ के दौरान ट्रांसमिशन डाटा रिसीव करने वाली मशीन से जुड़ा रहता है. टैग ऑन करने पर यह हर मूवमेंट पर नजर रखती है. दौड़ के समय प्रत्येक अभ्यर्थी के शरीर पर इसे लगाया जाता है, जिस वजह से हर मूवमेंट पर नजर रखी जाती है. इसके नहीं लगाने से अभ्यर्थियों ने कितनी दौड़ पूरी की या कोई अभ्यर्थी लाइन के बीच में घुसकर दौड़ने लगा, ऐसे गतिविधि पर नजर रखना संभव नहीं हो पाटेगा. जानकारी के मुताबिक, उत्पाद सिपाही के 583 पदों के लिए पांच लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने फार्म भरे है. शारीरिक परीक्षा के लिए 50- 50 हजार के अभ्यर्थियों पर एक बोर्ड बनाया गया है, जो शारीरिक परीक्षा लेगा.

**शुभम संदेश एक्सक्लूसिव**

### टेंडर में देरी, एजेंसी का चयन नहीं हो पाया

झारखंड में उत्पाद विभाग के सिपाहियों की बहाली छह माह से रेडियो फ्रिक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) टैग उपलब्ध कराने वाली एजेंसी का चयन नहीं होने के चलते रुकी हुई है. सिपाहियों की शारीरिक परीक्षा में 10 किमी की दौड़ होनी है. इस दौरान हर अभ्यर्थी की बांह पर एक खास किस्म का टैग लगाया जाता है, जिसे आरएफआईडी कहते हैं. इसी के जरिये दौड़ में हर व्यक्ति की मॉनिटरिंग होती है. लेकिन झारखंड पुलिस मुख्यालय स्तर पर दो बार टैग देने वाली एजेंसी के चयन का टेंडर पूरा नहीं हो सका. तीसरी बार भी टेंडर प्रक्रिया की देरी से बहाली टल गयी है. बताया गया कि दो बार सिंगल बीडर आने से एजेंसी का चयन नहीं हुआ, लेकिन तीसरी बार टेंडर निकलने के बाद एजेंसी के चयन में बाधाएं आ रही हैं.

## शहर में आज

1. 9वीं मुहर्रम पर शिया समुदाय की मातमी जुलूस, मेन रोड से रात्रि 9 बजे
2. आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम, कई प्रखंडों में दिन के 10 बजे

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### प्रभात तारा मैदान में होगी बीजेपी की बैठक

**रांची।** रांची में होने वाली बीजपी की प्रदेश वृहद कार्यसमिति की बैठक अब प्रभात तारा मैदान में होगी। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे. यह बैठक 20 जुलाई को होगी. इससे पहले इस बैठक के लिए आयोजन स्थल मोरहाबादी रखा गया था. इस बैठक में बीजेपी के लगभग 25 हजार कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे. जानकारी के अनुसार इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कार्यकर्ताओं में जोश भरने के साथ अगामी विधानसभा की रणनीति पर भी मंथन करेंगे.

### आज आएंगे असम के सीएम हिमंता

**रांची।** झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा मंगलवार को 10 बजे सेवा विमान द्वारा रांची पहुंचेंगे. वे रांची से सड़क मार्ग से तोरपा और फिर खूंटी जाएंगे. वहां वे ममरला में तोरपा विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मान एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे. अपराह्न में वे खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे. सरमा बुधवार को महानगर कार्यालय में आयोजित रांची विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा क्षेत्र स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे.

### शौचालय को लेकर छात्रों ने दिया धरना

**रांची।** यदुवंश आदिवासी कॉलेज छात्रावास के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उपायुक्त कार्यालय के ब्लाक बी कमरा 413 के परियोजना निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण कार्यालय के बाहर शौचालय निर्माण को लेकर सोमवार को धरना में बैठ गये. छात्रों ने कहा कि शौचालय जाने के लिए हेलमेट लगाना होता है. शौचालय पूरी तरह से जर्जर हो चुका है. दो साल से कल्याण विभाग को आवेदन पर आवेदन लिख रहे हैं. विभाग केवल आश्वासन दिया है. इस विभाग में दो बार लिखित आवेदन जमा किया गया है. शौचालय निर्माण के लिए विधायक और सांसद से मिल चुके है. इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हो पाई है.

सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में 13 दिन से कर रहे आंदोलन

# राजभवन जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों को रोका

**संवाददाता। रांची**

सोमवार को आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मी राजभवन घेराव करने जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया है. अपनी मांगों के समर्थन में सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में आंदोलन कर रहे हैं. सोमवार को तय कार्यक्रम के तहत में मोरहाबादी मैदान से राजभवन घेराव के लिए निकले थे. लेकिन भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच उन्हें मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया गया है. सहायक पुलिस कर्मियों को जब यहां रोका गया तो विरोध में सभी सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. सहायक पुलिसकर्मियों ने कई बार बैरिकेडिंग को धकेलते हुए आगे बढ़ाने की कोशिश भी किया, लेकिन प्रशासन ने उन्हें रोक दिया. सिटी एसपी राजकुमार मेहता सहायक पुलिस कर्मियों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन सहायक पुलिसकर्मी राजभवन घेराव के लिए अड़े रहे. बता दें सहायक पुलिस के जवानों का आंदोलन मोरहाबादी मैदान में बीते दो जुलाई से शुरू हुआ है, जो 13वें दिन भी जारी है. बारिश होने के बाद भी कई जिलों से आए सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में टेंट बना कर आंदोलन कर रहे हैं.

**लंबे समय से आंदोलनरत है :** सहायक पुलिसकर्मियों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि हमलोग लंबे समय से आंदोलनरत हैं. लेकिन सरकार के कान में अभी तक जू भी नहीं रेंग रही है. फिलहाल सभी अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं. इससे पहले सहायक पुलिस कर्मियों ने आठ जुलाई को विशेष सत्र के दौरान विधानसभा के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया था. सहायक पुलिस कर्मियों का कहना है रघुवर दास की सरकार के दौरान 2017 में राज्य के 12 नक्सल प्रभावित जिलों में विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने में सहायता के लिए इन सहायक पुलिस की नियुक्ति हुई थी. तब उन्हें दस हजार रुपये मासिक दिया जाता था. सहायक पुलिसकर्मियों की मानें तो आज भी उन्हें दस हजार रुपये ही मिलता है.

**नौकरी परमानेंट करने की मांग :** मोरहाबादी मैदान में आंदोलन के लिए जुटे सहायक पुलिसकर्मियों ने बताया कि वो लोग पिछले सात वर्षों से दस हजार रुपए के मासिक मानदेय पर नौकरी कर रहे हैं. दस हजार रुपये में परिवार का पालन पोषण करना बेहद ही मुश्किल है. झारखंड में पुलिस जवानों की कमी है. उनकी मांग है, कि उनकी सेवा को पुलिस सेवा में समायोजित किया जाए. उन्होंने बताया कि सेवा को परमानेंट करने की मांग को लेकर आंदोलन की शुरुआत कर रहे हैं. उनका कहना है कि अनुबंध के खत्म हो जाने के बाद उनके पास कुछ करने को नहीं बचेगा. पूर्व की सरकार ने आश्वासन दिया था कि तीन साल तक की ड्यूटी के बाद उन्हें परमानेंट कर दिया जाएगा. लेकिन इस संबंध में सरकार ने कोई प्रक्रिया नहीं शुरू की है इसलिए उनका आंदोलन जारी है.



सहायक पुलिस कर्मियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

बाबूलाल ने शायराना अंदाज में सीएम हेमंत पर साधा निशाना, कहा...

## सहायक पुलिस कर्मियों को पिछले साढ़े चार साल से तरसाया जा रहा है

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने सहायक पुलिसकर्मियों की मांगों को लेकर शायराना अंदाज में सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है. ट्वीट में सीएम हेमंत सोरेन को लिखा है कि आवाज हो तो बोलिए कि आप जिंदा हैं, कान हो तो सुनिए कि आप जिंदा हैं, आंख हो तो देखिए कि आप जिंदा हैं, पर किसके लिए. सिर्फ सत्ता और परिवार के लिए! पुलिसकर्मियों को सड़कों पर ला खड़ा करके चैन की नींद में सोने वाले हेमंत सोरेन जी उठिए, देखिए जनता आपके दरवाजे पर आपसे अपना हक और अधिकार मांगने नहीं, इस बार छीनने आ खड़ी है.

### सहायक पुलिसकर्मियों का वीडियो भी वायरल

सहायक पुलिसकर्मी के वीडियो वायरल में पुलिसकर्मी कहते हुए नजर आ रहा है कि यदि सरकार गंभीर है तो वार्ता करे. अभी तक हमें वार्ता के लिए नहीं बुलाया. वार्ता करने के लिए सरकार तैयार नहीं है और कहती है कि हम संवेदनशील हैं. मुख्यमंत्री कहते हैं कि मैं सब जानता हूं. हमारे पास कान और आंख हैं, लेकिन वह सुनते या देखते नहीं हैं. खुद जेल से आते ही 2 दिन में दोबारा गद्दी में बैठ गये. हम 7 साल से संघर्ष कर रहे हैं.

### केंद्र ने डीआरडीए के पदाधिकारियों को सड़क पर ला दिया: डॉ इरफान

**रांची।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के पदाधिकारियों ने सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवग कराया. डीआरडीए के पदाधिकारियों से मंत्री को बताया कि पिछले 12 महीने से वेतन नहीं मिल रहा है. राशन के भी पैसे नहीं है. इस पर ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आपलोगों को सड़क पर ला दिया है, लेकिन राज्य सरकार ने आपलोगों का समायोजन जिला परिषद में करने का फैसला लिया है, लेकिन इसमें कुछ खामियां हैं, इसे जल्द ही सुधारा जाएगा. इस मामले में मुख्यमंत्री से भी बात करेंगे.

## हेमंत की याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को एक और मौका

**संवाददाता। रांची**

ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के लिए दायर याचिका पर एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष जज सार्थक शर्मा की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई. मामले में ईडी की ओर से एक बार फिर से कोर्ट से समय की मांग की गयी. कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया है. मुख्यमंत्री की ओर से व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के लिए सीआरपीसी की धारा 205 के तहत याचिका दायर की गयी थी. इससे पूर्व तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था. पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति कोर्ट में नहीं हुई थी. मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है. हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है. इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है.

### क्या है मामला

ईडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में ईडी ने 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था. इस पर गत चार मार्च को सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था. सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया गया था. आठवें समन पर 20 जनवरी और दसवें समन पर 31 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे. ईडी का कहना है कि आठ समन पर उपस्थित नहीं होना समन की अवहेलना है.

### कांग्रेस पार्टी के जन सहायता शिविर में लोगों की उमड़ी भीड़

**रांची।** कांग्रेस की ओर से सिल्ली प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को एक दिवसीय जन सहायता शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ी. इस शिविर में प्रखण्ड के सभी पंचायतों से लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे और आवेदन जमा किये. अधिकांश लोगों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया. रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बताया कि इस दौरान 1422 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, जिसमें भूमि सम्बधी, राशन कार्ड, आय, जाति, आवासीय , विकलांगता प्रमाण पत्र, पेंशन, कृषि ऋृण, छात्रवृत्ति, बिजली, पेयजल, चिकित्सा, श्रम, अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री बहन - बेटी योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, झारखंड एकलव्य प्रशिक्षण योजना, सावित्री बाई किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, सरना, मसना स्थल घेराबंदी इत्यादि है.

## बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा पर विशेष ध्यान दें : राजेश्वरी बी

**विशेष संवाददाता। रांची**

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना समीक्षा हुई. बैठक में उन्होंने जिलों के समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी और जिलों के उप विकास आयुक्त के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजटीय उपबंध के आलोक में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर दिशा निर्देश दिए. उन्होंने निदेश दिया कि माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में पारित निर्णय के आलोक में जिलों में नियुक्ति प्रक्रिया को 2 सप्ताह के अंदर पूर्ण करें. राजेश्वरी बी ने राज्य सरकार द्वारा पारित गृह के मानक



संचालन के आलोक में अनुपालन का निदेश देते हुए उन्होंने बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित का निर्देश दिया. उन्होंने जिलों द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के गृहों के पुनर्निबंधन की समीक्षात्मक टिप्पणी के संबंध में अविलंब प्रतिवेदन देने को कहा. बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव विकास कुमार समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे.

### भारत आदिवासी पार्टी के लोग मुख्य सचिव से मिले

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को झारखंड सरकार के मुख्य सचिव एल खियांग्ते से मिला. रांची महानगर में आदिवासियों की धार्मिक जमीन पहनई, भूईहरी, जमीन घोटाला के विषय पर व शिक्षा विभाग द्वारा मुंडारी, कुडुख संथाली और हो भाषाओं का झारखंड के स्कूलों में भाषा पर सर्वे किया जा रहा है. आदिवासी समाज असमंजस की स्थिति में है. मुंडा, हो संथाल आदिवासी समाज के लोग नागपुरी या खोरठा लिख रहे हैं. जनजातिय भाषाओं को विलुप्त करने का एक साज़िश हो रहा है. जब तक सही तरिके से सर्वे नहीं होता है, तब तक नियुक्ति नहीं की जाए. इन सभी जन मुद्दों को लेकर के मुख्य सचिव से चर्चा कर मांग रखी गई.

आज दुमका परिसदन में आयोग की टीम करेगी जनसुनवाई

## अल्पसंख्यक आयोग की टीम पहुंची दुमका

**संवाददाता। रांची/देवघर**

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्लाह खान की अध्यक्षता में आयोग की टीम आज देवघर पहुंची. आयोग की देवघर समीक्षा बैठक में आयोग के सदस्य कारी बरकत अली, इकरारुल हसन एवं सबिता तुडू भी शामिल थे. मालूम हो कि आयोग की टीम रविवार रात्रि ही देवघर परिसदन पहुंच गई थी. देवघर परिसदन में बड़ी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने आयोग की टीम का भव्य स्वागत किया. आयोग की टीम के समक्ष देर रात से ही स्थानीय लोग अपनी अपनी समस्या लेकर आवेदन के साथ पहुंचने लगे. आयोग ने सभी आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी मामलों को संबंधित विभाग को भेज दिया. सोमवार को आयोग की समीक्षा बैठक में देवघर जिला प्रशासन के सभी विभाग के वरीय पदाधिकारी अपने अपने विभाग की रिर्पोट आयोग के स्मक्ष प्रस्तुत की. आयोग ने सभी विभागीय रिर्पोट का अवलोकन कर समीक्षा बैठक के बारे में विस्तार पूर्वक मिडिया को जानकारी दी. देवघर की बैठक के उपरांत सोमवार को देर शाम आयोग की टीम दुमका के लिए प्रस्थान कर गई. दुमका जिला की समीक्षा बैठक मंगलवर को दुमका परिसदन में रखी गई है. दुमका परिसदन में स्थानीय लोगों द्वारा जन समस्याओं को दोपहर 2 बजे आयोग की टीम के समक्ष रखा जायेगा. आयोग की ओर से अल्पसंख्यक समाज से जुड़े लोगों को कहा गया कि 16 को दोपहर 1.30 बजे से दुमका परिसदन में अपनी समस्या लिखित आवेदन के साथ जनसुनवाई के लिए दे सकते हैं. दोपहर 3 बजे से आयोग की टीम दुमका जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक करेगी.



दुमका पहुंची अल्पसंख्यक आयोग की टीम का देवघर में स्वागत किया गया.

**जांच** कांके जेएसएफसी गोदाम का जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

# चीनी व नमक का ससमय वितरण नहीं करने पर होगी कार्रवाई

**संवाददाता। रांची**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने सोमवार को कांके के झारखंड राज्य खाद्य निगम गोदाम एवं प्रखण्ड के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में गोदाम में भण्डार पंजी एवं आगत पंजी 12 जुलाई तक संधारित पाया गया. पंजी के अनुसार कुल 1898 बैग चावल एवं 1778 बैग गेंहू उपलब्ध होना चाहिए था. गोदाम में रखे खाद्यान्न का मिलान करने पर भंडारित खाद्यान्न की मात्रा संतोषजनक पाई गई. निरीक्षण के दौरान गोदाम में चीनी एवं नमक भंडारित पाया गया. सहायक गोदाम प्रबंधक को निदेशित किया गया कि युद्ध स्तर से नमक का डोर स्टेप डिलीवरी करायें. साथ ही निदेशित किया गया कि जिन डीलरों द्वारा चीनी मद में राज्य खाद्य निगम के बैंक खाते में राशि जमा कर दिया गया उन डीलरों का भंडार निर्गमादेश कार्यालय द्वारा निर्गत किया जा चुका है. जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने चीनी एवं नमक ससमय उठाव एवं वितरण नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की बात कही.



दुकानों का औचक निरीक्षण करते जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत.

### जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कांके के जन वितरण प्रणाली दुकानदार शैलेश कुमार के दुकान का भी औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में निगम गोदाम से डीएसडी कराये गये खाद्यान्न की जांच की गई. जांच के क्रम में भंडारित खाद्यान्न की मात्रा संतोषजनक पाई गई. दुकानदार को निदेशित किया गया कि सभी कार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण करते समय ही नमक भी वितरण करेंगे एवं सभी अंत्योदय परिवारों के बीच चीनी वितरण करना सुनिश्चित करेंगें. डीलर शादाब अली के दुकान के औचक निरीक्षण के दौरान गोदाम से डीएसडी कराये गये खाद्यान्न की जांच की गई। जांच के क्रम में भण्डारित खाद्यान्न की मात्रा संतोषजनक पाई गई. दुकानदार द्वारा चीनी वितरण योजना के लिए राशि जमा नहीं करने के कारण चीनी का डीएसडी नहीं कराया जा सका है. डीलर को सख्त निदेश दिया गया कि चीनी वितरण योजना के लिए राशि जमा करते हुए अंत्योदय परिवारों को चीनी उपलब्ध करायें, अन्यथा अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी.

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से बोकारो और धनबाद के नेताओं ने की मुलाकात

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित एक मुलाकात अपनो के साथ कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सोमवार को बोकारो और धनबाद जिला के प्रखंड अध्यक्षों एवं उनके परिजनों से उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की, जहां प्रखंड स्थित कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद थे. प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के जरिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत प्रखंड अध्यक्षों से मुलाकात होती रहती है, लेकिन उनका आवास पहुंच उनके परिजनों से मिलना एवं उनके सुख-दुख को साझा करना सुखद अनुभूति प्रदान करती है. इससे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में एक आत्मबल का संचार भी होता है.

## बड़ा तालाब के पास निगम ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान



**संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम की इनक्रोचमेंट टीम ने सोमवार को सेवा सदन के सामने तथा बड़ा तालाब के आस-पास अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया. इस अभियान के दौरान निगम ने अस्थाई और अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया. इसके अलावा नालियों के ऊपर वेंडर्स के द्वारा अतिक्रमण किए जाने पर उन्हें हटाया गया. अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों के सामान भी जब्त किए गए, जिसमे एक काउंटर तथा बांस-बल्ली शामिल है. अतिक्रमण मुक्त अभियान के उपरांत निगम की टीम द्वारा वेंडर्स को भविष्य में उक्त स्थल पर फिर से अतिक्रमण ना करने को लेकर निर्देशित किया. बता दें नगर प्रशासक के आदेश पर निगम की टीम लगातार अतिक्रमण मुक्त अभियान चला रही है.

## ब्रीफ खबरें

### सीसीएल में कार्यशाला का किया गया आयोजन

**रांची।** सीसीएम में सोमवार को रजरप्पा क्षेत्र में क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों की क्षमता निर्माण हेतु खरीद पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन कोल इंडिया लिमिटेड के मार्गदर्शन और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सतर्कता विभाग के तत्वावधान में हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार ने किया. इस कार्यशाला में 66 अधिकारियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को मानक खरीद प्रक्रियाओं से अवगत कराना था. इस कार्यक्रम को चार सत्रों में आयोजित किया गया था.

### वीडियो एडिटिंग कार्यशाला का आयोजन आज से शुरू

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज मास कम्युनिकेशन विभाग के तत्वाधान में 15 दिवसीय वीडियो एडिटिंग कार्यशाला का आयोजन 16 जुलाई से विभाग के स्टूडियो में आयोजित की गई है. जिसमें फिल्म निर्देशक और संपादक प्रो अनुज कुमार मौजूद रहेंगे. विभागाध्यक्ष प्रो महिमा गोल्डेन बिलुंग ने बताया कि यह कार्यशाला महाविद्यालय के छात्राओं के लिए आयोजित किया गया है. इसका उद्देश्य छात्राओं में तकनीक ज्ञान को बढ़ाना और उन्हें वीडियो एडिटर के रूप में प्रशिक्षित करना हैं.

### रस्मे पगड़ी सह सम्मान समारोह आयोजित

रांची। मुहर्रम के अवसर पर रांची के विभिन्न क्षेत्रों में रस्मे पगड़ी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. सोमवार को हिंदपीढ़ी बर मुहल्ला में गुलजार लकड़ी फंड के तत्वावधान में खालिद उमर खलीफा की अध्यक्षता में एवं सरपरस्त हाजी शराफत की सरपरस्ती में,अमन यूथ वेलफेयर सोसाइटी में, पूर्व पार्षद मो असलम की अध्यक्षता में, चिश्तिया अखाड़ा में, मंसूर चिश्ती, नाला रोड में मो इम्तेयाज खलीफ के नेतृत्व में समेत अनेक अखाड़े में रस्मे पगड़ी सह सम्मान समारोह आयोजित की गई.

### चैंबर की आईटी उप समिति की बैठक

**रांची।** चैंबर की आईटी उप समिति की बैठक सोमवार को किशोर मंत्री की अध्यक्षता में हुई. मौके पर एचडीएफसी बैंक के कंट्री हेड के चैंबर आगमन पर आईटी उप समिति मनोज कुमार मिश्रा ने बिजनेस बैंकिंग, इंटीग्रेटेड बैंकिंग एवं कनेक्टेड बैंकिंग के लिए जो मुद्दा उठाया गया था उसपर आईटी उप समिति की बैठक के दौरान एचडीएफसी बैंक के पदाधिकारी आये. उन्होंने अपना पक्ष रखा और जल्द ही इसकी सुविधा सारे व्यापारियों को उपलब्ध कराने का आश्वाशन दिया. झारखंड चैंबर की सोशल मीडिया हैंडल्स के प्रचार-प्रसार बढ़ाने की रणनीति बनाई गई.

### विल्फ्रेड बने कुरकुरिआ पल्ली के नए पुरोहित

**रांची।** आर्च बिशप विंसेट आईंद ने फादर विल्फ्रेड वेईगस को रांची कैथोलिक के कुरकुरिया पल्ली के पुरोहित नियुक्त किया. उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया. कलिसिया सेवा का नई ज़िम्मेदारी दी गई. मालूम हो कि फादर विल्फ्रेड वेईगस पिछले चार वर्षों से लपरा (मैकलुस्कीगंज) में सहायक पल्ली पुरोहित के रूप सेवा देते रहे. पूर्व पल्ली पुरोहित फ़ादर देयोनिस खेस्स का तबादला लपरा पल्ली में सहायक पल्ली पुरोहित के रूप में किया गया है. मौके पर पूर्व पल्ली पुरोहित देयोनिस खेस्स, फादर ह्यूबरतुस बेक, फादर असीम समेत अन्य शामिल हुए.

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच झारखंड की गोष्ठी में बोले आरएसएस कार्यकारिणी सदस्य डॉ. इंद्रेश कुमार

# किसी भी विवाद या समस्या का समाधान नफरत नहीं मोहब्बत है

संवाददाता। रांची

विकसित भारत अभियान के तहत मुस्लिम राष्ट्रीय मंच झारखंड की ओर से गोष्ठी का आयोजन सोमवार को धुर्वा स्थित गाला बैंक्वेट हॉल में किया गया. जिसका विषय संवाद से विश्वास राष्ट्रीय एक एवं विकास था. मौके पर आरएसएस कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ प्रचारक डॉ इंद्रेश कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए.

उन्होंने इस्लाम धर्म के 14 सौ साल पर प्रकाश डालते हुए इसकी तुलना करीब 5000 वर्ष पुराने महाभारत से की. उन्होंने कहा कि 1400 साल पहले रसूल (स.) ने अच्छे रास्ते पर चलने और मां के पैरों तले जन्नत बताया है. किसी भी विवाद का हल नफरत नहीं मोहब्बत है जो सुलह, समझौता के



मुस्लिम राष्ट्रीय मंच झारखंड के कार्यक्रम में आरएसएस के इंद्रेश कुमार.

साथ होता है. रसूल (स.) 39 दिनों के लिए जब हिजरत पर थे, तब भी उन्होंने मोहब्बत, भाईचारगी और सुलह पर जोर दिए इसी पर बातें करते रहे. जब मदीना से मक्का से वापस लौट रहे थे तो उन्होंने हिंद की तारीफ की, तब हिंदुस्तान और इंडिया नहीं था. हिंद के नाम से प्रसिद्ध था, ठीक इसी तरह आज से करीब 5000 साल पहले महाभारत में कृष्णा ने भी पांडवों और कौरवों के बीच में हो रहे विवाद को खत्म कराने के लिए उन्होंने सुलह समझौता का सहारा लिया. उन्होंने बार-बार दोनों पक्षों से कहते थे कि आपस में बैठकर सुलह कर लो, जब तक आप सुलह नहीं करोगे, तो विवाद खत्म नहीं होगा. हिंदू धर्म की परंपरा हो या भारतीय मुसलमानों की , जब मुसलमान अपने पूर्वज अपनी पुरानी जड़ों को खोदेंगे तो देखेंगे उनकी परंपरा सनातन धर्म से ही मिलती है.

उन्होंने बताया कि हम सब इंसान हैं और इंसानियत ही हमारा धर्म होना चाहिए. गुस्सा, नफरत के लिए जगह नहीं होना चाहिए, हम आज इस मंच पर बैठे हैं, मोहब्बत, भाईचारागी एकता के लिए, न कि वोट के लिए. आप वोट किसे देते हैं यह मायने नहीं रखता है, जो मालिक चाहेगा वही होगा, आपने जिसे वोट दिया, लेकिन मलिक ने उसे हुकूमत नहीं दी, लेकिन आपने जिसे वोट नहीं दिया मलिक ने उसे हुकूमत दिया, जो करता है सब मालिक करता है, और हम सबका मालिक कौन है ऊपर में है, जिसे हम भगवान, आप अल्लाह कहते हैं. मैं सब से कहता हूं कि दंगा से कुछ नहीं होगा, एक समय उत्तर प्रदेश में शिया और सुन्नी आपस में लड़ते थे, दंगा होता था. जान माल के नुकसान होते थे, लेकिन धीरे-धीरे सब खत्म हो गया. दंगा से किसी का भला नहीं हुआ है, रोजगार, शिक्षा नहीं मिली है , तो फिर हम उस बेतुकी बातों में क्यों रहे. हम आपस में मिलजुल कर देश की एकता और उसकी शक्ति को बढ़ाने की ओर क्यों न आगे बढ़े. उन्होंने कहा कि जब सरकार योजनाएं लाती है तो सबके लिए लाती है, चाहे वह आवास योजना हो या आयुष्मान योजना हो इसका लाभ मुसलमानों को भी मिलता है.

### संवाद से विश्वास भारत की संस्कृति में है: डॉ शाहिद

विशिष्ट अतिथि डॉ शाहिद अख्तर राष्ट्रीय संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सदस्य राष्ट्रीय शैक्षणिक अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान आयोग ने कहा कि संवाद से विश्वास एवं विकास भारत की संस्कृति में है . सांस्कृतिक विरासत द्वारा ही देश की तरक्की संभव है . उन्होंने कहा कि मंच ने अपने स्थापना काल से नारा दिया की तालीम जिंदगी के लिए और जिंदगी वतन के लिए , जब हम शिक्षित होंगे तो संवाद करेंगे . इससे विवादों का समाधान होगा और राष्ट्रीय एकता स्थापित होगी .

### मिसाइल मैन को बनायें रोल मॉडल : प्रो सिंह

विशिष्ट अतिथि झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डीके सिंह ने कहा कि हमें मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम को अपना रोल मॉडल बनाकर उन्हीं के रास्ते पर चलकर उस स्तर तक शिक्षित होना है . संचालन तनवीर अब्बास, स्वागत शूजाउद्दीन मलिक ने किया . मौके पर हाजी एजाज , प्रो अशफाक, डॉ नाजिश हसन, मौलाना जिया उल हक अशरफी, फरहाना खातून , मौलाना अब्दुल रकीब, वारिस खान , टीपू खान, जाली खान, सोना खान, राफिया नाज, आरिफ नासिर बट्ट सहित कई गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे .

## मुहर्रम पर्व को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

# सारे त्योहार हम सबको आपस में जोड़ने के लिए हैं: उपायुक्त

संवाददाता। रांची

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को मुहर्रम पर्व को लेकर केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी. समाहरणालय में आयोजित बैठक में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम की उपस्थिति में केन्द्रीय शांति समिति के सदस्यों, अखाड़ा प्रतिनिधियों एवं पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया.

बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से अपने सुझाव दिये. अखाड़ा प्रतिनिधियों ने जुलूस के रुट में गड्ढों की भराई, लाइट की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति, साफ-सफाई शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था किये जाने की बात कही.

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम: एसएसपी:** रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि मुहर्रम को लेकर जिला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं. 200 से ज्यादा स्थानों पर पुलिस बल की स्टैटिक प्रतिनियुक्ति है. गश्ती के साथ क्यूआरटी भी है, जिसमें सीनियर पुलिस ऑफिसर रहेंगे. उन्होने सभी से अपील करते हुए कहा कि शांति पूर्वक मुहर्रम मनायें और मनाने में सहयोग करें. असामाजिक तत्वों के खिलाफ एसएसपपी ने कड़ी कार्रवाई की बात कही.

उन्होने कहा सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर पहले से ही सीसीटीवी के कवरेज में है, जितने भी संवेदनशील स्थान हैं वहां सीसीटीवी लगाने का कार्य किया जा रहा है. साथ ही कंट्रोल रुम से लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है. उन्होंने रांचीवासियों से अपील करते हुए कहा कि कभी भी कोई आपतिजनक, भड़काऊ पोस्ट, फोटो या वीडियो मिलता है तो कंट्रोल रुम को भेजें ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके.

बैठक में शमशेर आलम ने कहा कि हम कई वर्षों से मुहर्रम का पर्व मनाते आ रहे हैं और इसमें सभी धर्मों व वर्गों का सहयोग होता है. इस बार भी हम भाईचारा के साथ पर्व मनाते हुए मिसाल कायम करेंगे. उन्होंने सभी अखाड़ाधारियों को अपने-अपने क्षेत्र में आये नये थाना प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जुलूस निकालने की बात कही.

### सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर, आपतिजनक पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसएसपी


समाहरणालय में आयोजित केंद्रीय शांति समिति की बैठक.

### डीसी ने दिए अफसरों को चौकसी के निर्देश

शांति समिति के सदस्यों के सुझावों को सुनने के बाद डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने इस पर अमल करने हेतु जिला स्तर के संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए . उन्होंने कहा कि सारी तैयारियां नियत समय पर पूरी कर ली जायेंगी . डीसी ने जुलूस रुट के गड्ढों के भरने, लाइट, शौचालय, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया . डीसी ने कहा कि त्यौहार हम सभी को जोड़ने के लिए है, हमारी तैयारी बेहतर स्थिति में है . हमें उम्मीद है कि सभी अनुशासन, भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाएंगे और रांची पूरे राज्य में उदाहरण पेश करने में सफल होगा .

### मोहर्रम को लेकर शहर के संवेदनशील इलाकों में निकाला गया फ्लैग मार्च


शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में सिटी एसपी के नेतृत्व में निकला पुलिस फ्लैग.

**रांची।** मोहर्रम को लेकर सिटी एसपी राजकुमार मेहता और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया. सोमवार को एलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड, डेली मार्केट, उर्दू लाइबेरी, अंजुमन प्लाजा, एकरा मस्जिद, कर्बला चौक और चर्च रोड होते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया. इस फ्लैग मार्च में सीआरपीएफ की महिला बटालियन फ्लैग मार्च में शामिल हुई. रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि मुहर्रम को लेकर जिला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं. 200 से ज्यादा स्थानों पर पुलिस बल की स्टैटिक प्रतिनियुक्ति है. गश्ती के साथ क्यूआरटी भी है, जिसमें सीनियर पुलिस ऑफिसर रहेंगे.

### शांतिपूर्वक मुहर्रम मनाएं: एसएसपी

एसएसपी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि शांति पूर्वक मुहर्रम मनायें और मनाने में सहयोग करें. असामाजिक तत्वों के खिलाफ एसएसपपी ने कड़ी कार्रवाई की बात कही. उन्होने कहा सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर पहले से ही सीसीटीवी के कवरेज में है, जितने भी संवेदनशील स्थान हैं वहां सीसीटीवी लगाने का कार्य किया जा रहा है. साथ ही कंट्रोल रुम से लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है. उन्होंने रांचीवासियों से अपील करते हुए कहा कि कभी भी कोई आपतिजनक, भड़काऊ पोस्ट, फोटो या वीडियो मिलता है तो कंट्रोल रुम को भेजें ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके.

### मुहर्रम की चंदा वसूली के नाम पर मारपीट वीडियो वायरल, दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

मुहर्रम की चंदा वसूली के नाम पर कुछ युवकों के द्वारा दुकानदारों के साथ मारपीट और बदसलूकी किये जाने की खबर है, यह घटना लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित टैक्सी स्टैंड के सामने हुई है. खबरों के अनुसार दास म्यूजिक नाम की दुकान में मुहर्रम के नाम पर चंदा लेने के दुकानदार से मारपीट की गयी. इस घटना से स्थानीय लोग काफी आक्रोशित दिखे. इसे लेकर पुलिस से भी शिकायत की गयी है. वहीं पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है. इस मामले में पुलिस ने कहा है कि घटना का संज्ञान लेते हुए त्वरित प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और कांड में संलिप्त दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है.

**बाबूलाल मरांडी ने प्रशासन से दुकानदारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा :** इस घटना को लेकर बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने ट्विटर (एक्स) पर पोस्ट करते हुए कहा है कि रांची में मुहर्रम की चंदा वसूली के नाम पर असामाजिक तत्वों द्वारा दुकानदारों के साथ मारपीट और बदसलूकी की जा रही है .ऐसी घटनाओं से पूरे शहर का शांति-सौहार्द बिगड़ सकता है. रांची का मेन रोड अति संवेदनशील क्षेत्र है. पूर्व में भी ऐसे असामाजिक तत्वों द्वारा शहर को दंगों की आग में झोंकने का प्रयास किया जा चुका है.

बाबूलाल मरांडी ने प्रशासन से कहा कि उक्त घटना में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर मुहर्रम में चंदा वसूली के नाम पर हो रही इस गुंडागर्दी को तुरंत बंद करें, साथ ही मेन रोड के सभी दुकानदारों की सुरक्षा सुनिश्चित करें.

### आज रात 9 बजे शिया समुदाय का मातमी जुलूस

**रांची।** समाजसेवी सैयद फराज अब्बास ने बताया कि मंगलवार 9 मुहर्रम को शिया समुदाय का मातमी जुलूस मेन रोड विश्वकर्मा मंदिर लेन अनवर आर्केड (अधिवक्ता स्व. सैयद यावर हुसैन) के आवास से रात्रि 9.30 बजे निकलेगी. इससे पूर्व 8 बजे से अनवर आर्केड में मजलिस ए शहीदाने कर्बला होगी. मजलिस में मस्जिद ए जाफरिया के इमाम व खतीब मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी रौशनी डालेंगे.

### अलमदार हुसैनी की याद में 8वीं मुहर्रम को अल्म का मातमी जुलूस निकाला गया

**रांची।** मस्जिद जाफरिया रांची में 10 दिवसीय मजलिसे शोहदा ए कर्बला की सोमवार को आठवी मजलिस में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने फरमाया कि कर्बला के जंग के कमांडर हजरत अब्बास हजरत अली के बेटे थे. उनके हाथ में हुसैनी परचम था, हजरत अब्बास अपने पिता की तरह बहादुर और साहसी थे, दोनों की बहादुरी का इतिहास में कोई मुकाबला नहीं, हजरत अब्बास कर्बला के वो शहीद हैं जिन्हें इमाम हुसैन ने जंग करने की इजाजत नहीं दी बल्कि उन्होंने बच्चों की प्यास बुझाने के लिए पानी लाने की इजाजत दी थी.

जब हजरत अब्बास को पानी लाने की इजाजत दी गयी तो आप अपने अल्म के साथ हजरत सकीना की खिदमत में आ गये, वह कर्बला की सबसे छोटी लड़की थी. वह हुसैन की बेटी थीं. हज़रत सकीना ने चचा अब्बास की मशकीजा पानी लाने का गिलन दिया और वह दरिया की ओर रवाना हो गये, ताकि बच्चों के पीने के लिए कुछ पानी लाया जा सके. लेकिन यजीदी सेना ने इमाम हुसैन के भाई अब्बास को चारों तरफ से घेर लिया और उसका दाहिना हाथ काट दिया. अब्बास ने दूसरे हाथ से पानी उठाया तो दुश्मनों ने उसका दूसरा हाथ भी काट दिया, तब अब्बास ने पानी के गिलन को अपने दांतों से पकड़ लिया, लेकिन दुश्मनों ने उसे भी छेद कर दिया. जिससे पानी कर्बला की जमीन पर गिरा, और उसने अब्बास पर ऐसी तलवार मारी कि वह अपने घोड़े पर खड़ा न रह सका, शहीद हो गया.

## न्यूज अपडेट

### धूमधाम से मना हेसल हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव



**रांची।** हेसल हनुमान मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया. मौके पर डीजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी. दिनभर पूजन-अनुष्ठान चला, सांझ ढलते बजरंगबली की सामूहिक आरती उतारी गयी. भक्तों ने सस्वर हनुमान चालीसा पाठ कर अपने इष्ट के श्रीचरणो में श्रद्धा अर्पित की.शोभायात्रा में भाग लेने को सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा. दिन के साढ़े दस बजे बजरंगबली के जयकारे के साथ झूम कर यात्रा निकली. डीजे पर बजते भक्ति धुन पर थिरकते श्रद्धालु और 151 कलशधारी महिलाओ की लंबी कतार निकली तो वातावरण गुलजार हो गया. अगुवाई करते मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों संग स्थानीय पूर्व पार्षद अशोक यादव ने भी इसमें मुख्य रूप से भागीदारी निभायी. यात्रा दयाल नगर होते हुए विश्वनाथ शिव मंदिर, पिस्का मोढ़ पहुंची. यहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में पवित्र जल भरा गया. फिर सभी देवी, मंडप रोड, नायक चौक होते हुए वापस लौटे. कलश के पवित्र जल से मंदिर और वेदी की शुद्धि की गयी. इसके बाद पूजन-अनुष्ठान का शुरू हुआ सिलसिला, दोपहर बाद तक चलता रहा. पुजारी निरंजन पंडित ने नेम-निष्ठा से अनुष्ठान संपन्न कराया. सौरभ जायसवाल ने इसमें यजमान के रूप में हिस्सा लिया. शाम सात बजे पूजन-आरती और पाठ के बाद रूप में भंडारा चलाया गया.

### दूसरों की जरूरत के प्रति संवेदनशील बनें: आर्च बिशप

**रांची।** कोकर स्थित क्लुनी सिस्टर्स ऑफ संत जोसेफ का पर्व सोमवार को मनाया गया. मुख्य अतिथि आर्च बिशप विसेंट आइंद शामिल हुए. पवित्र मिस्सा बलिदान अर्पित किया. धर्म बहनों के लिए विशेष प्रार्थना की गई. इस अवसर पर आर्चबिशप ने कहा कि आधुनिक समय में मनुष्य जी रहे है. हम सिर्फ अपने चिंताओं में ही खोए रहते हैं. इस क्रम में वस्तु और धन के गुलाम बन जाते हैं. धन्य अन्न मेरी जाहोवी के जीवन का उदाहरण प्रस्तुत किया. और दूसरों के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया. इस मौक पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए. जिसमें बच्चो ने मधुर संगीत प्रस्तुत किया. आदिवासी संस्कृति झलक भी बच्चो ने प्रस्तुत किया. मौके पर फ़ादर सुधीर टेटे, सिस्टर केरोबिम, सिस्टर अमृता, क्लूनी धर्मसमाज की धर्म बहनें, फादर असीम मिंज, क्लूनी स्कूल के शिक्षक, छात्र छात्राएं समेत अन्य मौजूद थे.

### सर्व इंडिया ग्रुप की जनरल पटिशिपेट्री बैठक, कई प्रस्ताव पारित

**रांची।** सर्व इंडिया ग्रुप की जनरल पटिशिपेट्री बैठक सोमवार को अध्यक्ष सुल्तान जुबैर की अध्यक्षता में एवीएन ग्रांट होटल में हुई. इसकी शुरुआत पवित्र कुरान से की गई. ग्रुप के अध्यक्ष सुल्तान जुबैर ने कहा कि सर्व इंडिया ग्रुप एक पंजीकृत संस्था है जो 2014 से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है, समाज के विकास के लिए लोगों को आगे आकर शारीरिक और आर्थिक रूप से मदद करनी चाहिए. सचिव सैफुल हक ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में पढ़ने वाले बच्चों को आर्थिक और शैक्षणिक रूप से विकसित करना है. उन्होंने कहा कि सर्व इंडिया ग्रुप ने चान्हू ब्लॉक में पचास डिसमिल जमीन ली है और हमारा लक्ष्य वहां एक तकनीकी संस्थान स्थापित करना है. ताकि बच्चे रोजगार तकनीकी पाठ्यक्रम पढ़ सकें. मौके पर पूर्व अध्यक्ष इबरार अहमद, महासचिव तारिक हुसैन, हसीब, इस्लाम इदरीसी, मेराज गद्दी, गयासुद्दीन, जुनैद अनवर, शमीम, नैयर शाहदाबी, डॉ शाहबाज अलम, मुख्तार गद्दी ने सर्व इंडिया के कार्यों की सराहना की. कहा कि यदि अच्छी संस्था स्थापित हो तो हम पांच लाख देने को तैयार हैं. रैन पंचायत के अध्यक्ष हाजी फिरोज ने भी कॉलेज शुरू होने पर पांच लाख रुपये देने की बात कही, डॉ. शाहबाज आलम ने भी कहा कि वे सर्व इंडिया ग्रुप के कार्य को सराहा. माही के अध्यक्ष इबरार अहमद ने आर्थिक रूप से सहयोग की बात कही.

### मॉब लिंचिंग पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की



**रांची ।** अंजुमन इस्लामिया सिमलिया की टीम सदर मो. जावेद अंसारी के नेतृत्व में कटमकुली में विगत दिनों मॉब लिंचिंग में मारे गए अख्तर अंसारी के परिवार से मुलाकात की. टीम ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए 20,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी. सदर मो. जावेद अंसारी ने कहा कि मॉब लिंचिंग पर जल्द से जल्द झारखंड सरकार कड़ा कानून बनाए और उसे लागू करे. मॉब लिंचिंग के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा फास्ट ट्रैक कोर्ट की मदद से दी जाए. उन्होंने अख्तर अंसारी की घटना की कड़ी निंदा की. सचिव इमरान अंसारी ने कहा कि पत्र लिखने के बाद भी झारखंड सरकार मॉब लिंचिंग के कानून को नहीं लाई है. झारखंड सरकार को मॉब लिंचिंग की घटनाओं को रोकने की जरूरत है.

## आंदोलन — मदरसा व संस्कृत कर्मियों को हल्के में ले रही राज्य सरकार

# नहीं बचा कोई रास्ता, उतरेंगे सड़क पर : मौलाना हम्माद

- पेंशन के मामले पर मदरसा व संस्कृत कर्मियों को बहलाया जा रहा

संवाददाता। रांची

झारखंड में 186 मदरसे व 12 संस्कृत स्कूल मान्यता प्राप्त हैं. लेकिन इनके रिटायर शिक्षकों को पेंशन मिलनी अब तक शुरू नहीं हुई.

इस संबंध में झारखंड प्रदेश मदरसा-संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति के पदधारियों ने मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायकों को दर्जनों से अधिक बार ज्ञापन दे चुके हैं. किंतु उनका समाधान अब तक नहीं हुआ है. मिलना और ज्ञापन देना यहीं तक ये शिक्षक सिमित रह जाते हैं. सड़क से सदन तक आंदोलन का रुख नहीं अपना रहे हैं. इस कारण शिक्षकों को हल्के में लिया जा रहा है, और उनकी मांगें आज तक लंबित ही हैं.

### 2014 में कैबिनेट की बैठक पेंशन देने का निर्णय लिया था



झारखंड प्रदेश मदरसा-संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति के सचिव सह मिडिया प्रभारी मौलाना मो हम्माद कासमी ने कहा कि राज्य के 186 मदरसों और 12 संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों का राज्य में हेमन्त सोरेन के नेतृत्व महागठबंधन की सरकार मदरसा और संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के पेंशन क्रियान्वयन से संबंधित मामले को सुलझाने के बजाय उन्हें बहलाने का काम कर रही है . उन्होंने कहा कि आप जानते हैं कि लंबे आंदोलन और कड़े संघर्ष के बाद 24 अक्टूबर 2014 को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने 186 गैर सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों और 12 संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों को पेंशन देने का निर्णय लिया था . लेकिन इस फैसले के लागू नहीं होने से शिक्षकों व कर्मचारियों को अब तक इसका लाभ नहीं मिल सका . मौलाना हम्माद कासमी ने कहा कि हम पेंशन अधिसूचना 2020 जारी होने की तिथि 24 .10 .2014 से इस अहम समस्या के समाधान के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करने के संघर्ष में लगे हुए हैं . हमने मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट स्तर के मंत्रियों से दसियों बार मुलाकात की और उन्हें बताया कि किस तरह उपरोक्त दोनों शिक्षण संस्थानों के सेवानिवृत्त शिक्षक और कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और पेंशन नहीं मिलने के कारण बेहद कष्टकारी और पीड़ादायक जीवन जी रहे हैं . इसी स्थिति में कितने सेवानिवृत्त शिक्षकों की मृत्यु हो गई . लेकिन सत्ता के सरदारों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी . उन्होंने कहा कि मुस्लिम मंत्रियों, जो मुसलमानों के प्रतिनिधि हैं, उन्होंने भी हमारी समस्या के समाधान में कोई भूमिका नहीं निभाई . अब ऐसी परिस्थिति में हमारे पास करो या मरो के तहत पूरी तैयारी, ताकत और योजना के साथ सड़कों पर उतरने और अपना अधिकार हासिल करने के लिए विरोध और प्रदर्शन का रास्ता अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहा है . यदि सरकार जल्द ही पेंशन से संबंधित समस्या को हल नहीं करती है तो हम मदरसा व संस्कृत विद्यालय के कर्मी सड़क पर उतरने पर बाध्य होंगे . मालूम हो कि झारखंड उच्च न्यायालय ने भी पेंशन से संबंधित याचिका की सुनवाई करते हुए मदरसा व संस्कृत विद्यालय के कर्मियों के पक्षा में फैसला सुनाया है .

# भटकते असहाय को पहुंचाया गया अपना घर आश्रम

संवाददाता। रांची

भटकते असहायों को अब सहारा मिलने लगा है. संत स्वामी सदानंद की सार्थक पहल पर लावारिस भटकते हुए मानसिक और शारीरिक रोगियों को पनाह देने के उद्देश्य से पुंदाग में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम की शुरुआत की गयी है.

सोमवार को इटकी रोड में भटक रहे एक पैर से लाचार और मानसिक रूप से बीमार युवा को आम जन के सहयोग से आश्रम पहुंचा गया. जहां एमआरएस श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के सेवाधारी उसकी समुचित देखभाल कर रहे हैं. संस्था के राजकुमार अग्रवाल राजू ने बताया कि आश्रम के उद्घाटन मौके पर शारीरिक और मानसिक रूप से असहाय 20 प्रभु जी को बाहर से लाया गया था. इसके बाद अपनी राजधानी में भी सुध-बुध खो कर भटकते लोगों को सहारा देने की सार्थक पहल की जा रही है. संस्था और संतश्री से जुटे अनुयायी मानव सेवा माधव सेवा के भाव से शरह में घूमते कई लाचारों को रेस्क्यू कर आश्रम ला रहे हैं. उन्होंने बताया कि सभी को चिकित्सा और खान-पान के साथ जीवनोपयोगी समुचित व्यवस्था मुफ्त में दी जा रही है. राजू ने बताया कि अपना घर भरतपुर और सत्यनारायण पोद्दार चैरिटेबल ट्रस्ट इसमें सहयोगी के रूप में योगदान दे रहा है.


पैर से लाचार मानसिक रूप से बीमार को मिला सहारा.

## ब्रीफ खबरें

### करंट की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के चटवल मोड़ निवासी सोमनाथ साहू की (35) वर्षीय पत्नी निशा देवी बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई. घटना सोमवार लगभग 3 बजे की है. बताया जाता है अभी से कुछ दिन पहले ही सोमनाथ साहू ने चटवल मोड़ में नया घर बनवाया है जिसमे दरवाजा लोहे का है . घर के वायरिंग में कही फॉल्ट होने की वजह करंट दरवाजे में आ गया. सोमवार को निशा देवी घर से बाहर कही गई हुई थी. वापस लौटने के बाद जैसे ही दरवाजे का ताला खोलना चाहा उसी समय दरवाजा में आई बिजली के करंट के चपेट में आ गई. जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई.

### स्कूटी और बाइक में टक्कर, दंपती घायल

**मांडर।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर टांगरबसली मोड़ के पास एक स्कूटी और बाइक के बीच टक्कर हो गई. हादसे में स्कूटी सवार दंपति घायल हो गए. घटना सोमवार की दोपहर लगभग एक बजे की है. बताया जाता है कि खूंटी के लियाकत अली रोड निवासी कलीम अंसारी, पत्नी रशिदा खातून के साथ स्कूटी से अपनी ससुराल चान्हो के चोरेया जा रहा था, रास्ते में हादसे का शिकार हो गया. दोनों घायलों का मांडर के रेफरल अस्पताल में इलाज कराया गया.

### वारंटी के घर में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**राहे।** कोर्ट के आदेश पर पोक्सो एक्ट के आरोपी सोनाहातू के बीरगामडीह गांव निवासी अंकित कुमार पातर के घर राहे पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया. राहे थाना प्रभारी फैज रब्बानी के नेतृत्व में एएसआई राज कपूर ने बताया कि अंकित कुमार पातर फरार है. कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर उसके घर कुर्की-जब्ती की जाएगी.

### चान्हो में दो घर से साढ़े चार लाख के जेवरात चोरी

**चान्हो ।** थाना क्षेत्र के चोरेया गांव में दो भाइयों के बंद घरों से चोरों ने 25 हजार रुपये नगद समेत साढ़े चार लाख रुपये का जेवरात चुरा लिया. घटना रविवार देर रात की है. चोरों ने शिक्षक आशुतोष मिश्र और उनके घर के बगल में स्थित चचेरे भाई प्रमोद मिश्र के घर को निशाना बनाया. आशुतोष रांची जिले के एक सरकारी स्कूल में पढ़ाते हैं. स्कूल घर से काफी दूर रहने के कारण वे घर से बाहर ही रहते हैं. वहीं उनके चचेरे भाई प्रमोद मिश्र पूजा पाठ कराकर परिवार की जीविका चलाते हैं. प्रमोद निजी कार्य से तीन दिन पहले हैदराबाद गए हैं, घटना की जानकारी मिलने पर ट्रेन से घर लौट रहे हैं. पीड़ित आशुतोष मिश्र ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाने में आवेदन दिया है.

### ग्रामीणों ने शव के साथ की सड़क जाम

**अनगड़ा।** अनगड़ा-गेतलसूद मार्ग पर महेशपुर गांव के पास ग्रामीणों ने मृतक सुरेश मुंडा के शव के साथ सोमवार को तीन घंटे सड़क जाम किया.. सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही गांव पहुंचा आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी. सड़क जाम होने से अनगड़ा से गेतलसूद आने-जाने वाले वाहनों की एक किमी तक कतार लग गई. ज्ञात हो कि रविवार को सड़क दुर्घटना में सुरेश मुंडा की मौत हो गई थी. इधर, जाम सूचना मिलने पर अनगड़ा थाना प्रभारी चमरा मिंज ने लोगों को समझाया बुझाया, ग्रामीण 10 लाख रुपए मुआवजा और अबुआ आवास देने की मांग पर अड़े थे. भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, राम पोदो महतो, मुखिया रोशन मुंडा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, प्रमुख अनिता गाड़ी आदि थे.

## हादसों का सोमवार : अलग-अलग दुर्घटनाओं में 10 लोगों की मौत

# एक किमी तक युवक को घसीटती रही बस

**राज्य भर में सोमवार का दिन हादसों से भरा रहा. अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गयी, जबकि, दो दर्जन लोग घायल हो गये. पलामू के पांकी में बस की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि छह लोग घायल हो गए. उग्र ग्रामीणों की पिटाई से बस चालक भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया. पांकी में ही घटी एक और सड़क दुर्घटना में बाइक सवार महिला की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गये. वहीं, गुमला में दो पिकअप की टक्कर में दोनों चालकों की मौत हो गयी. लोहरदगा के भंडरा में टाटा-मैजिक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. इस घटना में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि मैजिक का चालक ग्रामीणों की पिटाई से गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं, घाटशिला के मऊभंडार में ट्रक के धक्के से बाइक सवार महिला की मौत हो गयी, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया. घाटशिला में दो हाइवा की टक्कर में एक हाइवा चालक की मौत हो गयी. इसके अलावा चांडिल, बरहरागोड़ा, गढ़वा में भी अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए. वहीं तमाड़ में बारातियों से भरी बस बिजली तार की चपेट में आ गया और करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी.**

संवाददाता। पांकी (पलामू )

पांकी-डाल्टनगंज मुख्य पथ पर कुंदरी गांव के समीप जेपीएस नाम की बस ने एक यात्री ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी. इसी घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, ऑटो सवार अन्य पांच यात्री घायल हो गये. मृतक की पहचान कुंदरी गांव निवासी ओमप्रकाश विश्वकर्मा के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, ऑटो से उतरने के बाद ओमप्रकाश भाड़ा दे रहे थे.

इसी बीच बेकाबू बस में ऑटो को टक्कर मारते हुए उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. टक्कर के बाद बस ओमप्रकाश विश्वकर्मा को कुंदरी बस स्टैंड से कुंदरी चेक नाका तक करीब एक किलोमीटर तक घसीटती चली गयी. घटना से आक्रोशित लोगों ने बस को खदेड़ कर रामसागर में रोका और चालक को नीचे उतार कर उसकी जमकर पिटाई कर दी. इस घटना में घायल हुए लोगों में ऑटो सवार चिल्ही बरवाडीह गांव निवासी मिनी देवी, चैनपुर निमिया निवासी रिंकी देवी, नावा कसमार निवासी मनोज कुमार, लोइंगा निवासी विजय भुईयां व चौरा बांसडी निवासी खुशबू देवी शामिल है.



घटनास्थल पर ग्रामीणों को समझाते पांकी विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता और धूं-धूं कर जलती बस.




### उग्र ग्रामीणों ने बस में लगाई आग

घटना से गुस्साये स्थानीय लोगों ने बस में तोड़ फोड़ कर आग के हवाले कर दिया . वहीं, शव को सड़क पर रख कर पांकी-डाल्टनगंज मुख्य मार्ग जाम कर दिया . इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची . लेकिन, आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस को खदेड़ दिया . बाद में सुरक्षा बल के साथ पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और बस चालक को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराया . पिटाई से घायल बस चालक समेत अन्य पांचों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया .

### शव को सड़क पर रख पांकी-डाल्टगंज मार्ग किया जाम

घटना की जानकारी होने के बाद पांकी विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता भी घटनास्थल पर पहुंचे और उग्र ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया . मृतक के परिजन और ग्रामीण मुआवजा की मांग पर अड़े थे . जाम और बस में आग लगने के कारण पांकी-डाल्टगंज मार्ग पर वाहनों का परिचालन घंटों बाधित रहा . घायलों का उचित इलाज कराने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया . इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया . उधर, दमकल की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद धूं-धूं कर जल रही बस में लगी आग को बुझाया गया . हालांकि, तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी .

**पांकी**

### दो बाइक की टक्कर में महिला की मौत, दो गंभीर

**पांकी (पलामू)।** सूरजवन माड़न गांव के समीप दो बाइक की सीधी टक्कर में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गये. इनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है. जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह करीब बजे पांकी से मेदिनीनगर की ओर दो बाइक पर सवार बच्चे समेत पांच लोग मेदिनीनगर की ओर जा रहे थे. इसी बीच अचानक सड़क पर एक गाय आने से टक्कर हो गई. ग्रामीणों की मदद से घायलों को पांकी सीएचसी भेजा गया. चिकित्सक ने जांचोपरांत एक महिला को मृत घोषित कर दिया. मृतका की पहचान करार गांव के नादगाद टोला निवासी रामरती देवी के रूप में हुई है.

**गुमला**

### दो पिकअप में टक्कर दोनों के चालक की मौत

**गुमला।** रांची-गुमला एनएच पर गुमला थाना क्षेत्र के खोरा पतरा टोली के पास रविवार की देर रात दो पिकअप वाहन में आमने-सामने टक्कर हो गई. इस घटना में दोनों वाहन के चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मृतकों में लोहरदगा के भंडरा निवासी रूपेश लहरी (36) और छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला अंतर्गत छोटा गलोंदरा निवासी अक्षय लकड़ा (30) और शामिल हैं. जानकारी के मुताबिक, अक्षय जशपुर के सन्ना से मिर्च लोड कर धनबाद जा रहा था. वहीं, रूपेश लहरी पिकअप में भंडरा से मकई और मिर्च लोड कर उड़ीसा के संबलपुर जा रहा था.

**घाटशिला**

### ट्रक के धक्के से बाइक सवार महिला की मौत

**घाटशिला।** मऊभंडार ओपी क्षेत्र में आईसीसी कंपनी के मुख्य द्वार के समीप सोमवार की शाम ट्रक के धक्के से बाइक सवार महिला की मौत हो गई. वहीं बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक को मऊभंडार पुलिस ने अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया. घायल हिकिंम मार्डी ने बताया कि वह बाइक से अपने छोटे भाई के घर अमाईनगर से अपनी मां झानो मार्डी के लेकर अपने घर हलुदबनी गांव जा रहा था. अचानक पीछे से आ रही ट्रक ने बाइक में धक्का मार दिया, जिससे मां बाइक से गिर गई और ट्रक का चक्का उसे सिर पर चढ़ गया. जबकि, वह विपरीत दिशा में गिर गया.

**भंडरा**

### मैजिक ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा-बेड़ो मुख्य पथ के पझरी ढलान के समीप टाटा मैजिक ने बाइक में टक्कर मार दी. इस घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी. घटना सोमवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है. जानकारी के मुताबिक, पझरी सियार टोली निवासी लिट्टू उरांव के पुत्र महावीर उरांव (19) अपने दोस्त प्रेम उरांव के साथ बाइक से दूध लेने पझरी बड़की टोली की ओर जा रहा था. इस क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे टाटा मैजिक ने बाइक में ठोकर मार दी. घटना के बाद मैजिक चालक ने भागने की कोशिश की, पर ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया. ग्रामीणों ने चालक की जमकर पिटाई कर दी.

## बारातियों से भरी बस में करंट दौड़ा, तीन की मौत

**तमाड़**

**रांची।** जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र में बारातियों से भरी बस के बिजली के तार की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गये. घटना चोगागुटू गांव में रविवार की देर रात की है. मृतकों की पहचान दिनेश सिंह मुंडा (36), मुंडा मुंडा (25) और जितेन सिंह मुंडा (12) के रूप में हुई है. वहीं, घायलों में लंबार मुंडा, शंकर मुंडा, सुभाष मुंडा, उपेन मुंडा और चरण मुंडा शामिल हैं. झुलसे हुए लोगों को रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तमाड़ अस्पताल पहुंचाया गया. चिकित्सक ने पांच लोगों को हालत गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया.

**सरायकेला से बारातियों को लेकर तमाड़ आ रही थी बस :** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सरायकेला जिले के कुचई थाना क्षेत्र स्थित बारूहातु गांव से बारात को लेकर बस तमाड़ थाना क्षेत्र के चोगागुटू गांव आ रही थी. गांव में प्रवेश करने से पहले ही बस बिजली तार के संपर्क में आ गयी. इसके बाद पूरे बस में करंट दौड़ गया. इस हादसे में बस की छत पर बैठे तीन लोगों की मौके पर मौत हो गयी. करंट लगने के बाद बस पर सवार लोगों में चीख-पुकार मच गयी. तुरंत बस को रोककर उस पर सवार लोगों को सुरक्षित उतारा गया. इधर हादसे के बाद वर-वधु पक्ष के बड़े-बुजुर्गों ने बैठकर बातचीत की और फैसला किया कि शादी नहीं रुकेगी. इसके बाद किसी तरह से शादी संपन्न कराया गया. लोगों ने बताया कि बस में करीब 80 से 90 बराती सवार थे. बस पूरी भरी थी. बस की छत पर भी कुछ लोग बैठे थे.

### दो हाइवा में भिडंत, एक हाइवा चालक की मौत

**घाटशिला।** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के जयरामडीह के समीप बालू लेकर जा रहे हाइवा ने आगे चल रहे हाइवा में जोरदार टक्कर मार दिया. इस घटना में टक्कर मारने वाले हाइवा के चालक विकास यादव की मौके पर ही मौत हो गई. बताया जाता है कि एनएच 18 पर एक ही लेन से दो वाहन जा रहे थे. इस दौरान पीछे से हाइवा ने आगे चल रहे हाइवा को टक्कर मार दिया.

## सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में आंगनबाड़ी सेविका भूमिका : मुनेश्वरी




लापुंग की सीडीपीओ मुनेश्वरी बाड़ा कार्यशाला को संबोधित करते हुए.

संवाददाता। लापुंग

समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है. गांव-गांव में प्रत्येक घरों तक संबंध रखने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं को डायन प्रथा, बाल विवाह, भ्रुण हत्या, लिंगभेद जैसी सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए आगे आना होगा उक्त बातें लापुंग प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लापुंग की सीडीपीओ मुनेश्वरी बाड़ा ने कही. लापुंग प्रखंड के अन्तर्गत प्रखंड मुख्यालय के सभागार में महिला एवं समाज कल्याण तथा बाल विकास परियोजना विभाग के द्वारा सामाजिक कुरीति निवारण हेतु कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम किया गया . इस दौरान प्रखंड की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मुनेश्वरी बाड़ा ने कुरीतियों के बारे में विस्तार पूर्वक आंगनबाड़ी सेविकाओं को बताते हुए उसे जड़ से समाप्त करने का अपील किया. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो भी कुछ देर के लिए उपस्थित होकर सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया. उन्होंने कहा कि डायन प्रथा हमारे समाज के लिए बहुत ही घातक है जहां अंधविश्वास के कारण बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषों पर डायन होने का आरोप लगाया जाता है . इसे जड़ से उखाड़ फेंकना और लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है. कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मुक्ता होरो, सुशांति बरला, अनिता शांडिल्य, शांति होरो, ललिता कुमारी, अनिता होरो, फुलजेंसिया बरला, रंजीता कुमारी, रीता कुमारी, प्रज्ञा देवी, जिनिथ बरला, बैजयंती देवी, रेखा देवी, मारग्रेट बरला सहित दर्जनों आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका मौके पर मौजूद थे.

### विद्यालय में ट्रैक्टर चालक ने फांसी लगाई

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के चापावार गांव निवासी ट्रैक्टर चालक 21 वर्षीय अनुराग मुंडा ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय टुंडाहुली में सीढ़ी चढ़ने वाली रेलिंग में गमछा के सहारे फांसी लगा ली. घटना के संबंध में मां अरुणा देवी और बहन अनुराधा कुमारी ने बताया कि रविवार को दिन के 10 बजे परिवार के साथ भोजन करने के बाद अनुराग घर से चला गया. अनुराग अक्सर रात में घर में नहीं सोता था. सोमवार की सुबह सात बजे गांव के शिवम नामक युवक ने स्कूल की सीढ़ी की रेलिंग में उसका लटका हुआ शव देखा.

### कॉलेज का 12वां स्थापना दिवस मनाया

**रातू।** समर्पण दीप बीएड कॉलेज रातू में 12 वां स्थापना दिवस मनाया. कार्यक्रम का प्रारंभ कॉलेज के चेयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पोद्दार, प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद्र प्रसाद , विशाल सिंह एवं शैलेन्द्र सिंह के साथ प्रभारी प्राचार्य दशरथ महतो ने संयुक्त रूपसे दीप प्रज्वलित करके किया . स्वागत भाषण प्रभारी प्राचार्य ने दिया , तथा सचिव नवल किशोर गुप्ता ने कॉलेज के शुरुआती दिनों से लेकर अभी तक के सफर से सभी को अवगत कराया . इसके बाद एक से बढ़कर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

## खलारी में मुहर्रम सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय



खलारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक.

संवाददाता। खलारी

मुहर्रम पर्व को लेकर खलारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता व संचालन खलारी थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने किया. बैठक में मुख्य रूप से खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बश्ट और खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी उपस्थित थे. बैठक के दौरान मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारगी और सौहार्दपूर्ण के साथ मनाने का निर्णय लिया गया. इस बैठक खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बैठक में कहा कि मुहर्रम समितियों के लिए जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस बहुत ही जरूरी है. जुलूस के दौरान लाउडस्पीकर का साउंड सीमित रखने, अफवाह पर ध्यान नहीं देने के अलावा उन्होने कहा कि मुहर्रम त्योहार के दौराप किसी भी तरह की विवादास्पद बात हो तो तत्काल खलारी थाना प्रभारी को सुचना दें. शोसल मीडिया पर किसी भी तरह की आपत्तिजनक मैसेज करने वालों पर पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी. इस बैठक के दौरान खलारी थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार के दौरान शरारती तत्वो व मनचलों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी.इस बैठक में अनि देव कुमार दास, मुकेश कुमार, शंकर राम चौधरी, सहदेव महतो के अलावा पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल्ला अंसारी, साबीर अंसारी, इस्माइल अंसारी, इस्लाम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, शत्रुंजय सिंह, इम्तियाज अंसारी, सलामत अंसारी, कृष्णा चौहान, पारसनाथ उरांव, अशर्फी राम, रमेश चौहान, जफरुदीन अंसारी, जहीर अंसारी, खालिद अंसारी, विक्की सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### सड़क जर्जर, ग्रामीणों को चलना हुआ मुश्किल



**रातू।** हटिया और मांडर विधानसभा के सीमावर्ती क्षेत्र के मलटोटी ग्राम का सड़क पैदल चलने के लायक भी नहीं है. इस सड़क के जर्जर होने के कारण रातू प्रखंड के पूरियो, जाड़ी, बानापीड़ी, मुरचू एवं मांडर प्रखण्ड के मालटोटी गांव का संपर्क एनएच 75 से बिल्कुल टूट गया है. हटिया विधायक नवीन जयसवाल और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के विकास की दावों की पोल भी यह सड़क खोल रही है.

### एसएसबी जवानों ने सुअरमारा में किया पौधरोपण



**राहे।** एसएसबी 26 वीं बटालियन ए कंपनी सताकी कैंप के जवानों ने अंबाझारिया पंचायत के सुअरमारा गांव में एक पौधा अपने मां के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम किया . इस दौरान गांव में कंपनी कमांडर शशि कुमार ने लोगो को बताया कि जल को कैसे बचाना चाहिए तथा नशा मुक्ति और वृक्षा रोपण करने से क्या फायदे है और भविष्य में क्या लाभ मिलेगा.

### मुरी ओपी में हुई शांति समिति की बैठक



**सिल्ली/मुरी।** मुरी ओपी परिसर में सोमवार के दिन संध्या 4 बजे से थाना प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुहर्रम को लेकर आए हुए सभी लोगों ने अपने-अपने सुझाव एवं विचार दिए. सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार और मुरी ओपी प्रभारी कुंदन सिंह ने लोगों से अपील किया कि त्यौहार को आपसी भाईचारे, सौहाद्रपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनायें.

### वेतन की मांग को लेकर बस चालकों की हड़ताल

**रातू।** रातू काठीटांड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल के बस चालकों ने वेतन मांग को लेकर सोमवार को अनिश्चितकालिन हड़ताल पर चले गए हैं. चालकों एवं उप चालकों के इस हड़ताल के कारण विद्यालय के लगभग आधे बच्चे स्कूल आने से वंचित रह गए. उन का कहना है की विगत 5 वर्षों से उनके वेतन में कोईभी वृद्धि नहीं की गई है. प्रबंधन से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उनकी मांगों पर प्रबंधन ने कभी भी गंभीरता से विचार नहीं किया. इस कारण चालकों को मजबूरी में हड़ताल पर जाने पर विवश होना पड़ा. बस के चालकों ने कहा कि जब तक प्रबंधन उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए उनका वेतन वृद्धि नहीं करता है ,तब तक हड़ताल जारी रहेगी. इस अचानक हुए हड़ताल के कारण बच्चे एवं अभिभावकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

### अनामांकित बच्चों की नामांकन कराएं मुखिया

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड मुख्यालय सभागार में स्कूल रुआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता बीईईओ शांति मुनी तिर्की ने किया. वहीं बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, विशिष्ट अतिथि के रुप में सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव, दोलैचा पंचायत की मुखिया मालती रानी केरकेट्टा, दानेकेरा पंचायत के मुखिया धुचला मुंडा, देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव, सापुकेरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य नसीम आलम तथा हुलसू पंचायत के उप मुखिया अरविंद सिंह उर्फ भूलन सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की तथा बीपीओ लीलावती तिर्की ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया और अनामांकित एवं छिजित बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने का संकल्प लिया.

**आस्था**

## भक्तों ने दर्शन-पूजन कर जगन्नाथ स्वामी के श्रीचरणों में पुष्प चढ़ाया,मेले में का उठाया लुफ्त

# जगन्नाथपुर मेला के नौवें दिन भी बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

रांची। संवाददाता

जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेला सोमवार को भी देर शाम तक गुलजार रहा. सुबह से देर शाम तक मौसी बाड़ी में दर्शनार्थियों की कतार लगी रही. सुबह पांच बजे दैनिक पूजन आरती के बाद मंदिर का पट आम भक्तो के लिए खोल दिया गया. पहली पाली में दोपहर 12:10 तक भक्तों ने दर्शन-पूजन कर जगन्नाथ स्वामी के श्रीचरणों में श्रद्धा का पुष्प चढ़ाया. इसके बाद दिन के तीन से रात साढ़े आठ बजे तक पुनः दर्शन-पूजन का सिलसिला चला. रात आठ बजे श्यन आरती उतारी गयी. साथ ही पट बंद हो गया. पुरोहितो ने भगवान को सुबह हलुआ, दोपहर में दाल-भात, सब्जी और रात में छिलका रोटी, खीर का भोग लगाया गया. इस बीच श्रद्धालुओ ने अपने मेले का भी जमकर लुफ्त उठाया. जरुरत के समानो की खरीदारी की. रथ मेला के दौरान ही कई पारंपरिक समानो का संग्रह एक स्थान पर मिलता है. इसके बाद कई वस्तुओं की खरीदारी के लिए साल भर इंतजार करना पड़ता है. इसी कारण लोग जमकर जरुरत के समानो की खरीदारी करते हैं.



### आज बटेगा गुडिचा भोग, धुरती रथयात्रा कल

भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के घर लौटने से एक दिन पहले मंगलवार को विशेष गुड़िचा भोग लगाया जायेगा . वर्षो से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए सिर्फ इसी मौके पर भगवान को खिचड़ी, खीर और सब्जी का भोग निवेदित किया जायेगा . मंदिर के पुरोहित कौस्तुभधर मिश्रा ने बताया कि रात आठ बजे आरती उतारी जायेगी . साथ ही भक्तो के बीच प्रसाद रूप में भोग बांटा जायेगा . बुधवार को घुरती रथ यात्रा निकाली जायेगी . भगवान वापस घर लौटेंगे . साथ ही मेला संपन्न हो जायेगा .

### चतुर्थी तिथि बढ़ने से 11 दिन चला मेला

जगन्नाथ स्वामी का रथ यात्रा मेला तिथि नुसार घटता-बढ़ता है . पुरोहित कौस्तुभधर मिश्रा ने बताया कि इस बार चतुर्थी तिथि दो दिन होने से भगवान जगन्नाथ 11वें दिन मुख्य मंदिर लौटेंगे . उन्होंने बताया कि घुरती रथ मेला के दिन तीन बजे विग्रहो को रथारूढ़ किया जायेगा . चार बजे श्रद्धालु रथ चलेगा . उन्होंने बताया कि मंदिर में भगवान को विराजमान करने से पहले, रूठी मां लक्ष्मी को मनाने की रश्म आदा की जायेगी . फिर विग्रहो को विराजमान कर मंगल आरती उतारी जायेगी . उन्होंने बताया कि गुरुवार से समान्य दिनो की तरह पूजन-आरती और भोग निवेदित करने का सिलसिला चलेगा .



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** सप्तम चंद्र है व्यापारी कार्य संपन्न होगा. दौड़धूप अधिक रहेगी. बुरी खबर मिल सकती है. वाणी पर नियंत्रण रखें. दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं. समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी. राजकीय सहयोग मिलेगा.

**वृषभ** मानसिक रोग से बचें. बहुत ही ज्यादा तनाव होगा. कार्य नही होने से मन उदास होगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे. विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. व्यापार अच्छा चलेगा.

**मिथुन** अपने सगे संबंधियों से मुलाकात होगी. उत्साह-वर्धक सूचना मिलेगी. स्वाभिमान बना रहेगा. नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे. स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा. व्यापार में नए अनुबंध होंगे.

**कर्क** विवाद से बचें. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी. धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी. आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है. व्ययों में कमी करना चाहिए. शिवजी का पूजन करें.

**सिंह** दूसरों पर अतिविश्वास न करें. वस्तुएं संभालकर रखें. आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी. स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी. आपकी कार्यकुशलता से आपका व्यापार अच्छा चलेगा.

**कन्या** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. प्रसन्नता रहेगी. सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा. संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी. गणेश जी का ध्यान पूजन करें.

**तुला** समय आनंददायक है किसी खास कार्य का प्रयास करें. प्रसन्नता रहेगी. उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा. प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे. इत्र का दान करें.

**वृश्चिक** व्यवसाय ठीक चलेगा. निवेश शुभ रहेगा. प्रसन्नता रहेगी. अपनी वस्तुएं संभालकर रखें. जीवनसाथी से मतभेद. व्यवहार कुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा. वाहन सावधानी से चलाएं. नया वस्तु का आगमन होगा.

**धनु** आय अच्छा होगा पर कुसंगति से हानि होगी. आय कम होगी. नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे. व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का विशेष योग है. व्यापारिक निर्णय जल्दबाजी में न लें. गुरु ग्रह संबंधित वस्तु का दान करें.

**मकर** पिता से संबंध में सुधार होगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. चिंता रहेगी. प्रमोद न करें. परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे. शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी. अधूरे पड़े काम पूरे होने के योग हैं. काला वस्तु दान करें.

**कुंभ** बेरोजगारी दूर होगी. यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे. व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें. आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी. संतान की शिक्षा संबंधी समस्या रह सकती है. शनि को खुश करें.

**मीन** पूर्वतत्व शक्ति का शुख मिलेगा. क्रोध पर नियंत्रण आवश्यक है. कार्य होने से प्रसन्नता बनी रहेगी. आय में अधिक व्यय से मनोबल कमजोर पड़ सकता है. कार्य, व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा.

### राज्य वक्फ बोर्ड व राज्य हज कमेटी के गठन की मांग, सौंपा ज्ञापन

**रांची।** मुस्लिम एक्शन कमेटी के अध्यक्ष मो जबिउल्लाह, सचिव शकील अहमद अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम सचिवालय में ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड का गठन करीब 6 वर्षों से लंबित है. इस कारण झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड में बहुत सारे मामले लंबित हैं. जिसका निराकरण कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के स्तर से संभव नहीं है. यह बोर्ड के गठन से ही संभव हो पाएगा. बोर्ड का गठन होने से मामलातो का निराकरण होगा व झारखंड सरकार को भी राजस्व भी प्राप्ति होगी. साथ ही झारखंड हज कमेटी का भी कार्यकाल पूरा हुए एक वर्ष हो गया है. निवेदन है कि राज्य एवं सामाजिक हित में अविलंब झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड एवं झारखंड राज्य हज कमेटी का गठन किया जाये.


मो जबिउल्लाह

### चतरा में लूट कांड का खुलासा, एक गिरफ्तार, सामान बरामद

**चतरा।** जिले की प्रतापपुर थाना पुलिस ने लूट का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है. साथ ही उसके पास से घटना में प्रयुक फोल्डिंग चाकू, एक काले कवर में फोल्डेड वाला स्टीक, एक काले रंग का गमछा, चंदन कुमार शर्मा का आधार कार्ड, पैन कार्ड, एसबीआई का एटीएम कार्ड, बैग, लोहे का फाइटर पंजा बरामद किया है. चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन ने सोमवार को बताया कि गत 30 मई को बिहार के गया निवासी अमित कुमार ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ 97 हजार 710 रुपये लूट लेने के संबंध में मामला दर्ज कराया था. मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया था. इस बीच टीम ने गुप्त सूचना पर आरोपित मो. नईम अंसारी को चतरा के गजवा गांव से गिरफ्तार किया. आरोपित ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया है. आरोपित ने बताया कि पांच लोगों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया ता और लूट के पैसे को आपस में बांट लिया था.

सावन की पहली सोमवारी में दश्वमेश घाट की गंगा आरती की तर्ज पर होगी शिव महाआरती

# कोल राजधानी में दिखेगा भोले बाबा का तांडव, जुटेंगे हजारों शिवभक्त

## राजेंद्र सरोवर में जुटती है शिवभक्तों की भारी भीड़, हजारों की संख्या में पहुंचते हैं शिवभक्त



**संवाददाता। धनबाद**

जटा में नागराज और गले में मुंड की माला. ललाट पर भभूत, हाथ में डमरू और त्रिशूल के साथ भूत पिशाच की टोली संग अपना रौद्ररूप में भोले बाबा का अद्वितीय तांडव देखना हो तो आपको धनबाद आना होगा. हजारों की भीड़ धनबाद के राजेंद्र सरोवर पिछले दो सालों से भोले बाबा ऐसे ही रूप निहार रहे हैं. पिछली बार बाबा और डमरू को जीवंत और अद्भुत चित्रण देखकर भक्त भावविभोर हो गए थे, इस बार भोले बाबा का तांडव देखने को मिलेगा. यह सुनते ही कोयलांचल में भक्ति की अलग ही बयार बह गई है.

जी हां, राजेंद्र सरोवर धनबाद में सोनू मनमौजी की पार्टी द्वारा प्रदर्शित कला के काफी भक्त दीवाने हैं. शिवभक्तों को यहां होने वाले कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार होता है. इस कार्यक्रम का आयोजन जीटा द्वारा किया जाता है. जीटा के अध्यक्ष अमितेश सहाय ने बताया कि पिछले दो वर्ष की भांति इस बार तीसरे साल भी बनारस के गंगा आरती की तर्ज पर भव्य शिव महाआरती का आयोजन किया जाएगा. इस वर्ष शिव तांडव प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा. जाने माने कलाकार सोनू मनमौजी एवं उनके बीस साथियों के साथ शिव तांडव प्रस्तुति की जाएगी. इसके साथ ही बनारस के आचार्य रणधीर जी एवं उनके सदस्य दल द्वारा दश्वमेश घाट की गंगा आरती के तर्ज पर शिव महाआरती की जाएगी. अमितेश ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार भी कोई परेशानी न हो इसके लिए बरसात को ध्यान में रखकर राजेन्द्र सरोवर स्थित सभी घाटों पर वाटरप्रूफ पंडाल की व्यवस्था की जाएगी. साथ ही भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी. ट्रैफिक व्यवस्था के लिए रुट चार्ट जारी होंगे. मालूम हो कि जीटा द्वारा राजेन्द्र सरोवर में आयोजित शिव महाआरती में हजारों की भीड़ उमड़ती है. पिछले दो वर्षों में यह आयोजन श्रद्धा का विशेष केंद्र बन गया है. सावन के शुरू होते ही श्रद्धालु इस कार्यक्रम का इन्तेजार करते हैं.

**विधानसभा चुनाव 2019 :** चुनाव नजदीक आते ही आरोप-प्रत्यारोप शुरू

# 11 सीट पर इंडिया गठबंधन की हो गयी थी जमानत जब्त

**प्रवीण कुमार। रांची**

झारखंड में विधानसभा चुनाव में अब कुछ महीने ही शेष रह गए हैं. ऐसे में सभी सियासी दल चुनाव की तैयारियों में जोरशोर से जुट गए हैं. इस दौरान सियासी दलों में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो चुका है. झारखंड में सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन में शामिल झामुमो, कांग्रेस, राजद भी 2019 के चुनाव में जिन सीटों पर चुनाव लड़ी थी, उससे अधिक विधानसभा सीटों पर आपने हिस्से में करने के लिए आपने तर्क गढ़ रही है. 2019 के चुनाव में सत्तासीन पार्टियां, जिनमें कांग्रेस ने 31, झामुमो ने 43 और राजद ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था. इसमें 11 सीटों पर इनकी जमानत जब्त हो गयी थी. इसमें कांग्रेस की 6, झामुमो की चार और राजद की एक सीट पर जमानत जब्त हो गयी थी. बरकट्ठा सीट पर राजद को मात्र 2.29 प्रतिशत वोट मिले.

**क्यों हो जाती है प्रत्याशियों का जमानत जब्त?** विधानसभा चुनाव में सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के लिए जमानत राशि की रकम 10 हजार रुपये होती है, जबकि एससी और एसटी वर्ग के उम्मीदवारों को 5 हजार रुपये जमा कराने होते हैं. चुनाव आयोग के मुताबिक, जब कोई उम्मीदवार सीट पर पड़े कुल वोटों का 1/6 यानी 16.66% वोट हासिल नहीं कर पाता है, तो उसकी जमानत जब्त कर ली जाती है. मान लीजिए किसी सीट पर 1 लाख वोट पड़े हैं और वहां 5 उम्मीदवारों को 16,666 से कम वोट मिले हैं, तो उन सभी की जमानत जब्त कर ली जाएगी.

**कांग्रेस ने चुनाव तैयारी शुरू की :** कांग्रेस ने 2024 के चुनाव में 33 सीटों पर अपनी तैयारी शुरू कर दी है. 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की छह सीट पर जमानत जब्त हो गयी थी. हाल के दिनों में कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा था कांग्रेस झारखंड विधानसभा सीटों पर जहां चुनाव लड़ी थी, उन बुनियादी सीटों पर तैयारी शुरू कर कर दी है. 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 31 सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी उतारे थे. विधानसभा उपचुनाव में मांडर में जीत मिली और पोड़ैयाहाट से झाविमो विधायक प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गए. ऐसे में पार्टी ने इन सभी 33 सीटों पर चुनाव की तैयारी शुरू करने का निर्देश प्रभारी मीर ने दिया था.




**खास बातें**

- छह सीट पर कांग्रेस, चार पर झामुमो और एक पर राजद की हुई थी जमानत जब्त
- कांग्रेस के चंद्रशेखर दुबे, गौरव वल्लभ, झामुमो के फूलचंद मंडल की भी हो गयी थी जमानत जब्त

**2019 के चुनाव में जहां झामुमो की हुई थी जमानत जब्त**

| विधानसभा | जीते | मिले वोट | प्रतिशत | झामुमो स्थान | मिले वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सिमरिया | भाजपा | 61438 | 30.24 | चौथा स्थान | 61438 | 13.62 |
| बगोदर | माले | 98201 | 46.14 | आठवां स्थान | 2049 | 13.62 |
| जमशेदपुर | निर्दलीय | 73945 | 42.59 | तीसरा स्थान | 61438 | 13.62 |
| मांडर | झाविमो | 92491 | 41.14 | पांचवां स्थान | 8840 | 3.93 |
| विश्रामपुर | भाजपा | 40635 | 21.59 | चौथा स्थान | 26957 | 14.32 |
| भवनाथपुर | भाजपा | 98618 | 37.89 | चौथा स्थान | 10895 | 4.26 |

**2019 के चुनाव में जहां कांग्रेस की हुई थी जमानत जब्त**

| विधानसभा | जीते | मिले वोट | प्रतिशत | कांग्रेस स्थान | मिले वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजमहल | भाजपा | 88904 | 42.25 | तीसरा स्थान | 24619 | 11.07 |
| धनवार | झाविमो | 52352 | 27.57 | छठा स्थान | 14432 | 7.26 |
| सिंदरी | भाजपा | 80967 | 35.59 | तीसरा स्थान | 33583 | 14.75 |
| सारठ | भाजपा | 90895 | 42.49 | तीसरा स्थान | 25482 | 11.91 |

## कांग्रेस 81 विस सीटों पर चुनाव की कर रही तैयारी : डॉ. बलमुचू


पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व अन्य.

**संवाददाता। घाटशिला**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कुछ दिन पहले कहा था कि झामुमो 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रहा है. इसके बाद जेल से बाहर आने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने भी इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी भी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रही है. उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने सोमवार को घाटशिला दौरे के क्रम में पत्रकारों से कहीं. उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ता लगे हुए हैं. साथ ही उन्होंने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा के दौरान पिछले दिनों आईसीसी कंपनी के स्पोर्ट्स मैदान की दीवार तोड़ी गयी थी, जो आज तक नहीं बनी. भाजपा को जल्द से जल्द दीवार निर्माण कराना चाहिए.

## व्यापम घोटाले के सरपरस्त ईमानदारी का ढोंग रच रहे हैं

**विशेष संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा झारखंड विधानसभा प्रभारी शिवराज सिंह चौहान पर पलटवार किया है. कहा कि व्यापम घोटाले के सरपरस्त अब झारखंड में आकर ईमानदारी का ढोंग रच रहे हैं. उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल में 50 फीसदी कमिशन के जनक बने हुए थे. 10 साल केंद्र में पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार रही, रोज नये-नये वादे देश के प्रधानमंत्री ने किया. शिवराज सिंह चौहान उन वादों की भी बात करें, देश के कृषि मंत्री हैं. वो बतायें किसानों की एमएसपी की गारंटी की क्या है. ये बातें प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सह महासचिव राकेश सिन्हा ने कही. उन्होंने कहा कि कोरी बयानबाजी न करें, बल्कि हकीकत जानें और हकीकत यह है कि महागठबंधन की सरकार इस राज्य में 2 लाख रुपये किसानों की ऋष्ण माफ किये हैं, 200 यूनिट बिजली मुफ्त, विधवा पेंशन की उम्र सीमा हटाई गई, प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा केन्द्र सरकार द्वारा रोक दिया गया, तब हमने अबुआ आवास योजना के तहत राज्य के गरीब परिवारों को आवास मुहैया कराने का काम शुरू किया. निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत युवाओं को आरक्षण, पुरानी पेंशन योजना, मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ोतरी, आगंनबाड़ी सेविका, सहायिका की मानदेय बढ़ोतरी ऐसे कई जनहित की योजनाएं चालू हैं. अगर शिवराज सिंह चौहान कहें तो कुल 461 नहीं बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा धरातल पर उतरी जनयोजना की सूची उन्हें उपलब्ध करवा दें.

## राजद के कार्यकारिणी सदस्य का निधन, पार्टी में शोक की लहर



**संवाददाता। रांची**

प्रदेश राजद कार्यकारिणी सदस्य जमशेदपूर निवासी सनाउल्लाह अंसारी के आकस्मिक निधन पर पार्टी नेताओं ने धुर्वा विधानसभा गेस्ट हाउस में सोमवार को शोक संवेदना व्यक्त की. मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने कहा कि सनाउल्लाह अंसारी 76 वर्ष के थे. वे प्रखर समाजवादी नेता थे एवं कर्पूरी ठाकुर के विचारधारा व राजद अध्यक्ष लालू यादव यादव के नीति-सिद्धांत के पक्के सिपाही व राजद के समर्पित कार्यकर्ता थे. वे धर्मनिरपेक्षता की एकता के लिए सदैव संघर्षशील रहे. उनका निधन राजद पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है. प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि सनाउल्लाह अंसारी राजद के अभिभावक थे. पार्टी की ओर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, संजय प्र. यादव, रानी कुमारी, आबिद अली, डॉ. मनोज कुमार, चंद्रशेखर भगत, इब्राहिम खान, त्रिपुरारी सिंह, सज्जाद अहमद अंसारी, रामकुमार यादव, शब्बर फातमी आदि ने शोक जताया.

फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसो. का प्रतिनिधिमंडल मंत्री से मिला

## पीडीएस डीलरों की अनुकंपा नियुक्ति पर विचार करेगी सरकार : बन्ना गुप्ता

**वरीय संवाददाता। जमशेदपुर**

फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को स्वास्थ्य सह खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता से मिला. इस दौरान उन्हें पीडीएस डीलरों की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा. इसमें मुख्य रूप से 60 वर्ष की आयु के बाद पीडीएस डीलर की मौत होने पर परिवार को अनुकंपा नियुक्ति पर लगायी गयी रोक समेत अन्य मांगें शामिल हैं. मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह मांग लंबे समय से की जा रही है. इसलिए इस पर सरकार सहानुभूति पूर्वक विचार कर कोई निर्णय लेगी. साथ ही उन्होंने एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कहा कि सभी डीलरों को मैसेज भेजकर सचेत करें कि वे लाभुकों को समय पर राशन उपलब्ध कराएं. डीलरों की कमीशन बढ़ोतरी समेत अन्य मांगों पर सरकार जल्द विचार कर निर्णय लेगी. प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष मोहन साव पारस, प्रमोद गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, विनोद साव, विजय कुमार रजक, जिला प्रवक्ता पप्पू कुमार, कोर कमिटी सदस्य रवि कुमार, अरुण कुमार, संजय साव, शशि भूषण, मोती लाल रजक, राजू रजक शामिल थे.


मंत्री बन्ना गुप्ता को मांग पत्र सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी

### पूर्व विधायक अकील अख्तर ने आजसू से किया किनारा

**कोई फर्क नहीं पड़ता, पार्टी का है अपना जनाधार : चंद्रप्रकाश**

**रांची।** पूर्व विधायक अकील अख्तर ने आजसू को बाय-बाय कर दिया है. अकील ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी अपने समर्थकों को दी है. लिखा है कि निजी कारणों से आजसू पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है. अकील के इस्तीफे पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि पार्टी का अपना जनाधार है. कोई फर्क नहीं पड़ता है. बताते चलें कि एक जुलाई को अकील अख्तर ने आजसू सप्रीमो सुदेश महतो से मुलाकात की थी. मुलाकात के दौरान अकील अख्तर ने कहा था कि राज्य सरकार ने पाकुड़ की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया है.

**विडंबना** सड़क नहीं होने के कारण चारपाई की डोली बना कर अस्पताल ले जा रहे थे

# अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला ने दम तोड़ दिया

**संवाददाता। महुआडांड़/ लातेहार**

यह भी एक विडंबना है कि आजादी के 75 साल बाद भी गांवों में सुगम आवागमन के लिए सड़कें नहीं है. हम विकास का लाख दावा कर लें, लेकिन गांवों में हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है. आज भी लोगों को सड़क व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधायें मयस्सर नहीं हो पा रही है. अगर यूं कहें कि 21वीं सदी में भी लोग भगवान भरोसे हैं तो गलत नहीं होगा. ऐसा ही एक मामला आया है जिले के महुआडांड़ प्रखंड में दुरूप पंचायत के बसेरिया गांव में. यहां गांव तक सड़क नहीं रहने के कारण एंबुलेंस या अन्य वाहन नहीं पहुंच पाता है. सोमवार को महुआडांड़ प्रखंड के दुरूप पंचायत की बेसेरिया गांव की महिला शांति कुजूर पति रिमिस मिंज (45) की तबीयत अचानक खराब हो गयी. वह उच्च रक्तचाप की रोगी थी. सुबह वह शौच के बाद उसका बीपी बढ़ गया और वह असामान्य हो गयी. परिजनों ने महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक उसे ले जाने के लिए कई चार पहिया वाहन मालिकों से संपर्क किया, लेकिन सड़क नहीं होने के कारण सबों ने गांव तक जाने से इंकार कर दिया. इसके बाद लाचार परिजन उस महिला को एक चारपाई में लिटाया और डोली बना कर कंधों के सहारे अस्पताल ले जाने के निकले. वह अस्पताल तक जिंदा नहीं पहुंच पायी और रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी.


खाट पर लेटा कर अस्पताल ले जाते ग्रामीण.

**किसने क्या कहा**

जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेशिया ने इस घटना पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि सड़क के अभाव में एक आदिवासी महिला की इस तरह से मौत होना चिंता का विषय है. गांव में सड़क व अन्य विकास की योजनायें चलाने के लिए उपायुक्त से पत्राचार करेंगी. दुरूप पंचायत की मुखिया ऊषा खलखो ने भी इसे दुखद बताया. उन्होने बताया कि वह अपने निधि से गांव में विकास का कार्य कराती है.

जूनियर ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप

## दोनों वर्गों में झारखंड की लगातार दूसरी जीत



**संवाददाता। रांची**

जूनियर ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे मुकाबले में झारखंड ने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की. पुरुष वर्ग में झारखंड ने असम को 13 -1 के अंतर से मात दी. वहीं महिला वर्ग में झारखंड ने बंगाल को 4-1 के अंतर से शिकस्त दी. झारखंड के ओर से पुरुष वर्ग में जोलन टोपनो ने पांच गोल दागा. वहीं फगुआ ने तीन गोल किए. महिला वर्ग में पिंकी, रोशनी मुंडू ने गोल कर टीम को जीत दिलाई. बता दें 14 से 21 जुलाई तक दूसरी हॉकी इंडिया ईस्ट ज़ोन जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 का आयोजन वेस्ट बंगाल के कोलकाता में किया जा रहा है. झारखंड ने दोनों वर्गों में पहले मुकाबले में भी जीत दर्ज की थी.

# बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति

इतिहास का सबसे बड़ा सबक है कि उससे कुछ भी नहीं सीखा जाता है.यही कारण है कि समाज में नफरत और हिंसा को बढ़ाने वाली राजनीति को बदलने का भी प्रयास नहीं किया जाता है. अमेरिका जैसे समाजों में तो राजनीतिक विचारों में अतिवाद का सहारा लेने का परिणाम है कि वहां के युवा दिशाहीन होते जा रहे हैं. दुनिया भर में राजनीति की बागडोर ऐसे नेतृत्व के हाथों में है, जिनके शब्दकोश में शांति, सद्भाव, सहयोग और सहकार जैसे शब्द हैं ही नहीं. नस्ली, सांप्रदायिक और श्रेष्ठता वाली वर्चस्ववाद की राजनीति का ही परिणाम है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास हुआ. उनके ऊपर स्नाइपर से गोलियां दागी गईं. एक गोली उनके दांयें कान में लगी. यह सिर्फ संयोग है, वरना वह गोली घातक भी हो सकती थी. इस घटना से अमेरिका ही नहीं, पूरी दुनिया हिल उठी है. पेनसिल्वेनिया राज्य के बटलर की, जहां यह घटना हुई, चुनाव सभा में मौजूद एक ट्रंप समर्थक ने यह सनसनीखेज दावा किया कि उसने राइफलधारी व्यक्ति के बारे में पुलिस को पहले हीआगाह किया था, लेकिन अधिकारियों ने उस पर ध्यान नहीं दिया. यानी कुल कोशिश यही बताने की हुई है कि ट्रंप की जान लेने की इस कोशिश के लिए परोक्ष रूप से राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन जिम्मेदार है. अमेरिका में तीखे राजनीतिक ध्रुवीकरण के कारण माहौल जिस हद तक ज़हरीला बना हुआ है, उसके बीच ऐसे आरोपों का दूरगामी प्रभाव हो सकता है. वहां जब कभी अतीत में राजनीतिक हत्याएं हुई हैं, उसको लेकर यह शक उठा और फिर बना रहा है कि इसके पीछे "डीप स्टेट" की एजेंसियों का हाथ है. ट्रंप भी इस "इलीट" और "डीप स्टेट" को अपने विरुद्ध लामबंद बताते रहे हैं. ऐसे दावों और आरोपों में हकीकत हो या नहीं यह दीगर बात है. लेकिन ऐसी धारणाएं लोगों की राय और व्यवहार को प्रभावित करती हैं. ट्रंप समर्थकों के बारे में पहले से ही यह धारणा है कि उनमें एक किस्म का उन्माद होता है. यह रुझान उनमें किस हद तक है, इसका नजारा दुनिया ने छह जनवरी 2021 को देखा था, जब ट्रंप समर्थकों ने कैपिटॉल हिल यानी अमेरिका के संसद भवन पर धावा बोल दिया था. ताजा घटना से यह प्रवृत्ति और बढ़ेगी. ट्रंप के राष्ट्रपति होने के समय ऐसी खबरें आम थीं कि देश में बड़ी संख्या में "एंटीफा" (एंटी-फासिस्ट) हथियारबंद ग्रुप बने हैं, जो ट्रंप समर्थकों के साथ गृह युद्ध की तैयारी कर रहे हैं. अब ताजा घटना ट्रंप पर हमले के कुछ घंटे बाद ही रूस ने इसके लिए बाइडन सरकार को जिम्मेदार ठहरा दिया. रूस का कहना है कि बाइडन सरकार ने ऐसा माहौल बना दिया है, जिसकी वजह से ट्रंप पर यह हमला हुआ. रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यह बाहर बैठे सभी समीक्षक जानते थे कि ट्रंप की जान को खतरा है. अमेरिका पहले भी अपने दो लोकप्रिय नेताओं अब्राहम लिंकन और जॉन एफ. कनेडी को हत्यारों के हाथों खो चुका है. रीगन जैसे प्रभावी और शक्तिशाली नेता पर भी हत्यारों ने हमला किया था. हिंसारहित दुनिया की परिकल्पना के बगैर आंतरिक या बाह्य आतंकी घटनाओं को रोका नहीं जा सकता है.

> ट्रंप समर्थकों के बारे में पहले से ही यह धारणा है कि उनमें एक किस्म का उन्माद होता है. यह रुझान उनमें किस हद तक है, इसका नजारा दुनिया ने छह जनवरी 2021 को देखा था, जब ट्रंप समर्थकों ने कैपिटॉल हिल यानी अमेरिका के संसद भवन पर धावा बोल दिया था.

## सुभाषित

आयुषः खण्डमादाय रविरस्तमयं गतः ।
अहन्यहनि बोध्दव्यं किमेतेत् सुकृतं कृतम् ।।

अपनी आयु का एक दिन सूरज के अस्त होने पर कम हो जाता है. यह जानते हुए हरेक व्यक्ति को दिनभर के अपने किये हुए नेक काम पर विचार करना चाहिये. इसके बाद उस काम में आयी त्रुटि पर विचार करते हुए उसे सुधारने की चेष्टा करनी चाहिए.

# रोजगार बने बजट की सर्वोच्च प्राथमिकता

**पाठ्यक्रमों में बदलाव और शिक्षण संस्थानों को अपनी विचारधारा का अड्डा बनाने से सरकार को बाज आना चाहिए. वर्ना केवल कूप मंडूक संकीर्ण सोच के युवा ही तैयार होंगे. शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार अपर रोजगार सृजन की संभावनाएं लिए हुए है. स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जितना कम कहा जाय, उतना अच्छा. अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं आम आदमी की पहुंच के बाहर हो गई हैं. शिक्षा वाला ही हाल यहां भी है.**



• देश-काल



लाल बहादुर सिंह


लोकसभा चुनाव में रोजगार का सवाल तथा लोगों की जिंदगी के अन्य आर्थिक सवाल प्रमुख मुद्दा बने थे और उन्होंने भाजपा को अल्पमत में धकेल दिया, ऐसे में क्या मोदी सरकार नए बजट में कोई सुधार करेगी? आज हालत यह है कि देश के सर्वोत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे छात्र भी रोजगार को लेकर आश्वस्त नहीं हैं. दूसरी ओर प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक दो हिंदुस्तान बन चुके हैं. कभी जिन प्राइमरी स्कूलों से पढ़कर जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिभाएं निकलती थीं, आज उनकी गुणवत्ता इतनी गिर गई है कि गरीब से गरीब व्यक्ति भी अगर मजबूरी न हो तो अपने बच्चों को वहां न पढ़ाए. यह दो परिघटनाएं भारत में आज शिक्षा और रोजगार, जो युवा पीढ़ी के भविष्य अर्थात देश के भविष्य को तय करता है, को लेकर मोदी राज के परफॉर्मेंस को परिभाषित करती हैं. जहां तक रोजगार की बात है उसका संबंध शिक्षा नीति और अर्थ नीति दोनों से है. यह साफ है कि देश में अर्थनीति ऐसी है कि रोजगार सृजन नहीं हो रहा, जो विदेशी कंपनियां रोजगार देती हैं, उनकी जरूरत के अनुरूप बड़ी संख्या में योग्य युवा हमारी शिक्षा व्यवस्था नहीं पैदा कर पा रही.

जहां तक शिक्षा की बात है, उसका बजट जो आजादी के समय संकल्प था जीडीपी के 10%खर्च का, उसके आधे तक भी नहीं हो रहा. इस समय मोदी राज में यह 2.9% है. सबसे बडी बात यह है कि किसी स्तर पर अच्छी शिक्षा आम आदमी के बच्चों के लिए उपलब्ध नहीं है. इसका समाधान जब तक नहीं होगा, शिक्षा एक माइक्रोस्कोपिक अल्पसंख्या का विशेषाधिकार बन कर रह जायेगी. इसके दो ही समाधान है. या तो सरकारी शिक्षा गुणवत्तापूर्ण बने अथवा अच्छे निजी स्कूलों में सभी छात्र पढ़ सकें, सरकार उन्हें सब्सिडी देकर उनकी बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करे. जाहिर है इस सबके लिए बड़े पैमाने पर बजट बढ़ाना होगा. पाठ्यक्रमों में बदलाव और शिक्षण संस्थानों को अपनी विचारधारा का अड्डा बनाने से सरकार को बाज आना चाहिए. वर्ना केवल कूप मंडूक संकीर्ण सोच के युवा ही तैयार होंगे. शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार अपर रोजगार सृजन की संभावनाएं लिए हुए है. स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जितना कम कहा जाय, उतना अच्छा. अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं आम आदमी की पहुंच के बाहर हो गई हैं. शिक्षा वाला ही हाल यहां भी है. सरकारी सेवाएं ध्वस्त हो चुकी हैं और निजी सेवाएं इतनी महंगी हैं कि गरीब आदमी लाइलाज मरने के लिए अभिशप्त है. कुपोषण की मार ऊपर से. प्रति व्यक्ति खाद्य उपभोग घटता जा रहा है. इसमें जिंदा रहना मुश्किल है. समाधान एक ही है कि सबका मुफ्त स्वास्थ्य बीमा और स्तरीय इलाज सुनिश्चित किया जाय. जाहिर है इसके लिए बजट बड़े पैमाने और बढ़ाना होगा. आज वह दो प्रतिशत के आसपास पहुंचा है.

कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण रोजगार सृजन एवं मूल्यसंवर्धन का प्रमुख स्रोत है, लेकिन भारत में उत्पाद का मात्र लगभग तीन प्रतिशत (फलों का मात्र 4.5%, सब्जियों का 2.2%) प्रसंस्करण होता है, जबकि विकसित देशों में यह 90 प्रतिशत है. ठीक इसी तरह लघु व कुटीर उद्योग क्षेत्र जो हमारे कुल औद्योगिक उत्पादन तथा निर्यात दोनों में 40 प्रतिशत का योगदान करता था तथा कृषि के बाद रोजगार सृजन का सबसे बड़ा क्षेत्र है, आज सरकार की नोट बंदी जैसी विनाशकारी नीतियों और उपेक्षा के कारण मरता हुआ क्षेत्र है. वैसे तो मुकम्मल भूमि सुधार तथा चौतरफा कृषि विकास एवं कृषि आधारित उद्यमों का जाल हमारी संपूर्ण अर्थव्यवस्था के पुनर्जीवन की शर्त है, रोजगार की दृष्टि से भी इसका केंद्रीय महत्व है. कृषि एवं लघु-कुटीर उद्योग न सिर्फ स्वयं रोजगार का सबसे बड़ा क्षेत्र है, वरन इसकी खुशहाली से बनने वाला घरेलू बाजार ही वैश्विक मंदी के दौर में हमारे औद्योगिक विनिर्माण क्षेत्र के पुनर्जीवन का आधार बन सकता है. जाहिर है बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के लिए उक्त क्षेत्रों में भारी सार्वजनिक निवेश की नयी दिशा पर अमल करना होगा. जहां अर्थव्यवस्था के पिरामिड के आधार को विस्तारित करने के जरूरत है, वहीं श्रमशक्ति को न सिर्फ एम्प्लॉयबुल बल्कि इस लायक बनाने की ज़रुरत है कि वह अपना सर्वोत्तम सृजन व उत्पादन करने में सक्षम हो. प्रधानमन्त्री जिस चीन के 2013-14 के चुनाव अभियान में अक्सर उदाहरण देते थे, उसकी आर्थिक प्रगति का राज शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास में उसके द्वारा किये गए भारी सार्वजनिक निवेश में छिपा है. हमारे देश में शिक्षा पर 2.9 प्रतिशत तो स्वास्थ्य पर जीडीपी का महज 2.1 प्रतिशत खर्च होता है (केंद्र और राज्य मिलाकर). यह विकसित देशों, ब्रिक्स राष्ट्रों तथा अनेक विकासशील देशों की तुलना में काफी कम है. शिक्षा और स्वास्थ्य पर भारी सार्वजनिक निवेश न सिर्फ हमारी युवा शक्ति को कार्यकुशल बनाएगा और विराट आबादी को अच्छी शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायेगा, वरन शिक्षण संस्थाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं का बड़े पैमाने पर विस्तार करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा. साफ़ है कि 35 वर्ष से कम आयु की 65 प्रतिशत आबादी वाले देश को इस डेमोग्राफिक डिविडेंड का लाभ उठाने हेतु आर्थिक नीतियों, नियोजन व निवेश की नयी दिशा अपनानी होगी. वरना अब इसे डेमोग्राफिक डिजास्टर में बदलने में देर नहीं लगेगी. समय आ गया है कि देश के हर नागरिक को रोजगार देने के कार्यभार को राष्ट्रीय संकल्प में बदलने तथा इस दिशा में नीति - नियोजन को सरकार के लिए बाध्यकारी बनाने हेतु काम के अधिकार को संविधान में मौलिक अधिकार का दर्ज़ा दिया जाये. एआई पर राष्ट्रीय नीति तय होनी चाहिए, ताकि इससे होने वाले रोजगार ध्वंस को रोका जा सके. फ्रांस की जनता ने रास्ता दिखाया है, भारत की जनता ने भी लोकसभा चुनाव में इसी दिशा में बढ़ने का संकल्प व्यक्त किया, लेकिन वह एजेंडा अधूरा रह गया. उसे मंजिल तक पहुंचाने के लिए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि तथा मैन्युफैक्चरिंग को बजट में सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने हेतु देश की युवाशक्ति, जनतांत्रिक ताकतों तथा विपक्षी गठबंधन को सड़क से संसद तक दबाव बनाना होगा.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष — सुज्ञ



## जीवन का लक्ष्य

जो मनुष्य, 'जीव' (आत्मा) के अस्तित्व को मानता है, उसी के लिए जीवन के लक्ष्य को खोजने की बात पैदा होती है. जो मनुष्य जीव के अस्तित्व को नहीं मानता या मात्र इस भव (मनुष्य जीवन) जितना ही इस जीवन को मानता है तो उसके लिए कमाना, खाना और मज़े करना खाना, पीना, विवाह करना, संतानोत्पत्ति जैसी बाह्य बातें ही जीवन लक्ष्य होती है. अगर चिंतक नास्तिक हुआ तो कला, साहित्य, संगीत, सिनेमा आदि को भी अपने जीवन का लक्ष्य मान सकता है, किन्तु यह उच्च श्रेणी के नैतिकता सम्पन्न नास्तिक के विषय में ही समझना चाहिए. वैसे नास्तिकों के विषय में नहीं, जो आत्मस्थ होते हैं और स्व के अतिरिक्त उन्हें कुछ भी सूझता नहीं. या देखना ही नहीं चाहते. इसी प्रकार जिन जीवों को कुछ भी तत्व जिज्ञासा नहीं है, वे जीव भी बाहर के लक्ष्य में ही खो जाते है. ऐसे जीव बहिरात्मा हैं. वे स्थूल लक्ष्यों को ही अपने जीवन का लक्ष्य समझते हैं. परन्तु जिसे जीव के त्रैकालिक अस्तित्व में विश्वास है, वह तो चिंतन के माध्यम से ही अपने जीवन लक्ष्य का निर्धारण करता है. वह सोचता है कि सामान्य मनुष्य जैसे- खाने, पीने और मज़े करने में अपना जीवन व्यतीत कर देते हैं, क्या मुझे भी वैसे ही जीवन व्यतीत कर देना है? – ऐसा जीवन तो मात्र मृत्यु के लक्ष्य से ही जीया जाता है. 'जन्म लेना और भोग-भाग कर मर जाना' तो मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं हो सकता. अथवा मात्र मरने के बाद नाम अमर रखने की इच्छा तो जीवन- लक्ष्य नहीं हो सकता, क्योंकि उस नाम-अमरता का मरने के बाद आत्मा को कोई फर्क पड़ना नहीं है. कोई लाभ मिलना नहीं है. सोचना पडेगा कि जन्म और मृत्यु के मध्य की अवधि, किसी विशिष्ट पुरुषार्थ के प्रयोजनार्थ हैं. इसलिए मेरे जीवन का कोई ऐसा उत्तम लक्ष्य अवश्य होना चाहिए, जिससे मेरा जीवन सार्थक हो.इस चिंतन के साथ जब वह ज्ञानियों के वचनों के बल से, अपने जीवन लक्ष्य को खोजता है, तो वह निर्णय करता है कि 'मेरी आत्मा की शक्तियों का चरम और परम विकास ही मेरे जीवन का लक्ष्य है'. हमारे इस विकास में मुख्य बाधक है- हमारे विकार. अतः हमें दो उपचार साधनो को अपनाना होगा. पहला साधन है- विकारों का विराम. और दूसरा साधन है- आत्मगुणों के समरूप भावों का आराधन. विकारों पर विराम हेतु 'व्रत-नियम-संयम' है और आत्मा के सद्गुणों में उत्थान हेतू 'ज्ञान-दर्शन-चरित्र' का आराधन है. इसी से मोक्ष रूप लक्ष्य की सिद्धि होती है. वही सत्-चित-आनंद अवस्था होगी. यही परम लक्ष्य है.

# संविधान की हत्या का अर्थ जानिए

• विमर्श

प्रेमकुमार मणि

खबर है, गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 25 जून की तारीख संविधान हत्या दिवस के रूप में सरकार प्रति वर्ष मनाएगी. 1975 में इसी तारीख को इंदिरा गांधी सरकार ने इमरजेंसी लगाई थी. एक कम पचास साल पहले की उक्त घटना को मौजूदा सरकार जनता की स्मृति से विलोपित करना नहीं चाहती. शायद इससे उस वक्त की नेता इंदिरा गाँधी और उनकी पार्टी कांग्रेस के विरुद्ध नफरत का भाव पैदा करने में इसकी कुछ उपयोगिता हो. सरकार ने घोषित किया है तो यह अमल में भी आएगा और अब स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस की तरह संविधान हत्या दिवस भी एक राष्ट्रीय त्योहार हो जाएगा. जिस हिंदुत्व पर संघ और भाजपा का जोर होता है और जिसे वह भारतीय राष्ट्रीयता का प्राण-तत्व कहता रहा है, उसमें शोक-केंद्रित उत्सव आयोजित करने का कोई रिवाज नहीं है. नकार-केंद्रित उत्सव हमारी भारतीय परंपरा में नहीं है. ख़राब दिनों, शोक और नकारात्मक चीजों को हम भूलना चाहते हैं. हां, अरबी तहजीब में मुहर्रम आयोजित करने की और छाती पीटने की परंपरा है. भारतीय मुसलमान भी मुहर्रम को त्योहार के तौर पर मनाते हैं और शहीद हुसैन भाइयों की याद में ताज़िया निकालते हैं. लेकिन, इमरजेंसी लगाए जाने की तारीख को इस तरह सेलिब्रेट करने का कोई औचित्य मेरी समझ में नहीं आया. यदि ऐसा है तो 30 जनवरी को क्या भारत सरकार राष्ट्र हत्या दिवस के रूप में आयोजित करना चाहेगी, क्योंकि उस रोज राष्ट्रपिता गांधी जी की हत्या हुई थी. इमरजेंसी को हमारी पीढ़ी ने झेला है. इस बार भी 25 जून को मैंने एक पोस्ट लिखा था. उसकी हर कोई निंदा करता है, यहां तक कि लगाने वाले तक ने इसकी निंदा की है. मुझे वह दिन याद है जब इंदिरा गांधी और कमलापति त्रिपाठी ने पटना के गांधी मैदान की जनसभा में सार्वजनिक तौर पर आपातकाल लगाए जाने केलिए जनता से मुआफी मांगी थी. अब ऐसे निन्दित मामले को अमित शाह जिन्दा करते हैं तो यह उनकी अपनी पसंद हो सकती है. अमित शाह ने इमरजेंसी का खौफ नहीं देखा है. उनकी उम्र तब ग्यारह साल रही होगी. टॉफी खाने में मशगूल रहे होंगे. उनके आका नरेंद्र मोदी के बारे में कहीं पढ़ा था कि वह बड़ोदरा के जेल में अखबार पहुंचाया करते थे, जिस जेल में जॉर्ज फर्नांडिस भी थे. शायद उन्होंने खौफ का कुछ अंश देखा हो. लेकिन वास्तविक खौफ तो हमारे बिहार में था. क्योंकि जयप्रकाश आंदोलन का केंद्र पटना था. मेरा दूसरा एतराज भाषा सम्बन्धी है. मैं भाषाविद नहीं हूं. विद्वानों की राय जानना चाहूंगा. क्या 'संविधान-हत्या-दिवस' स्वयं में संविधान और व्याकरण-सम्मत शब्द है? 1975 में जब इमरजेंसी लगाई गई थी, तब उसका प्रावधान संविधान में था. यह जरूर था कि मनमानी की गई थी. जैसे कार्रवाई पहले शुरू हो गई और कैबिनेट का अनुमोदन 26 जून की सुबह हुआ. और भी कुछ गलतियां हुई थीं. सबसे बड़ी बात तो यह थी कि एक गैरसंवैधानिक व्यक्ति संजय गांधी के कण्ट्रोल में पूरे देश का प्रशासनिक ढांचा आ गया था, लेकिन यह सब संविधान का दुरुपयोग था, उसकी हत्या नहीं थी. अमित शाह जी! हत्या तो अंत होता है. क्या हत्या के बाद कुछ पुनर्जीवित हो सकता है? उसी संविधान की देख-रेख में 1977 का चुनाव हुआ. इंदिरा गांधी पराजित हुईं. इमरजेंसी हटा कर ही इंदिरा गाँधी ने अपनी सरकार का इस्तीफा दिया था. आने वाली सरकार ने संविधान में आवश्यक संशोधन कर ऐसी स्थिति बनाई कि फिर कोई इमरजेंसी नहीं लगा सके. शायद अमित शाह ने यह सब इसलिए किया है कि विपक्ष संविधान की प्रतियां लेकर इस बार संसद के सत्र में पहुंचे थे. विपक्ष का कहना है मौजूदा भाजपा सरकार लगातार संवैधानिक मर्यादा की तौहीन कर रही है. उनकी बातों में कुछ दम भी है. जांच एजेंसियों का जिस तरह दुरुपयोग हुआ है वह लोगों को दिख रहा है. लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कांग्रेस और उसके चरगट्टों ने संविधान की तौहीन नहीं की है. हकीकत यही है कि संविधान की मर्यादा दोनों पक्षों ने समय-समय पर तोड़ी है. और दोनों को इसका अभिज्ञान होना भी चाहिए. संविधान की मर्यादा तब भी आहत हुई थी, जब शाहबानो मामले पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना के लिए अध्यादेश निर्गत हुए थे और तब भी जब सुप्रीम कोर्ट में यथास्थिति बनाये रखने का वचन देकर भाजपा के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह हाथ पर हाथ धरे बैठे रह गए और विवादित ढांचा ध्वस्त कर दिया गया. इसलिए सबको अपने गिरेबान में झांकना चाहिए कि वह कितना संविधान सम्मत हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> भारतीय मुसलमान भी मुहर्रम को त्योहार के तौर पर मनाते हैं और शहीद हुसैन भाइयों की याद में ताज़िया निकालते हैं. लेकिन, इमरजेंसी लगाए जाने की तारीख को इस तरह सेलिब्रेट करने का कोई औचित्य मेरी समझ में नहीं आया. यदि ऐसा है तो 30 जनवरी को क्या भारत सरकार राष्ट्र हत्या दिवस के रूप में आयोजित करना चाहेगी, क्योंकि उस रोज राष्ट्रपिता गांधी जी की हत्या हुई थी.

# बजट से मध्यम वर्ग के लिए राहत के सवाल

• आर्थिकी

डॉ. जयंती लाल भंडारी

इन दिनों पूरे देश के साथ-साथ दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की निगाहें 23 जुलाई को पेश किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट की ओर लगी हैं. हाल ही में आयी वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मार्गन स्टेनली की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के नए बजट में राजस्व व्यय के मुकाबले पूंजीगत खर्च पर जोर रहेगा और इससे मध्यम वर्ग लाभान्वित होते हुए दिखाई दे सकता है. साथ ही इसमें 2047 तक विकसित भारत के लिए खाका और राजकोषीय मजबूती के लिए मध्यम अवधि की योजना पेश की जा सकती है. नए बजट के जरिये मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ा जा सकता है. मध्यम वर्ग को राहत देने को लेकर लगातार मांग तेज हुई है. विगत वर्षों में जहां गरीब वर्ग के लिए राहतों का एलान किया गया, वहीं कॉर्पोरेट जगत पर भी ध्यान दिया, लेकिन राहत पाने के मामले में सबसे अधिक टैक्स देने वाला मध्यम वर्ग पीछे छूट गया. 18वीं लोकसभा चुनाव के मतदान में मध्यम वर्ग की नाराजगी भी दिखाई दी है. पिछले दिनों प्रधानमंत्री के संबोधन में जिक्र था कि मध्यम वर्ग कैसे कुछ बचत बढ़ा सके तथा इस वर्ग के लोगों की जिंदगी को कैसे आसान बनाया जा सके, इस परिप्रेक्ष्य में रणनीति पूर्वक आगे बढ़ा जाएगा.गौरतलब है कि इस पूर्ण बजट 2024-25 के समय आयकर संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद है. पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. साल 2023-24 में आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8 करोड़ के स्तर को पार कर चुका है और बीते 10 साल में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने से अधिक हुए हैं. आयकर विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 2013-14 में आयकर संग्रह करीब 2.38 लाख करोड़ रुपये था. यह फिर तेजी से बढ़ता गया. यह वर्ष 2019-20 में 10.5 लाख करोड़ रुपये हो गया. कोरोनाकाल के कारण यह 2020-21 में कुछ घटा. लेकिन 2021-22 में 14.08 लाख करोड़ रुपये, 2022-23 में 16.64 करोड़ लाख रुपये और वर्ष 2023-24 में 19.58 लाख करोड़ रुपये हो गया.ऐसी मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नए और पुराने दोनों स्लैब की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं व मध्यम वर्ग को राहतों से लाभान्वित किया जा सकता है. खासतौर से वेतनभोगी वर्ग को लाभान्वित करने के भी विशेष प्रावधान नए बजट में दिखाई दे सकते हैं. इसके तहत मानक कटौती यानी स्टैंडर्ड डिडक्शन सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये तक किया जा सकता है. ज्ञातव्य है कि वर्ष 2018 में मानक कटौती की सीमा 40 हजार रुपये थी और वर्ष 2019 में इसे बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया गया था. मानक कटौती वह धनराशि है, जिसे वेतनभोगी करदाता अपनी कर योग्य आय में से बिना कोई सबूत दिए घटा सकता है. टीडीएस के कारण वेतनभोगी अपने वेतन पर ईमानदारी से आयकर चुकाते हैं, जहां आमदनी कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है. वेतनभोगी वर्ग द्वारा नए बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है कि इस वर्ग द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाता वर्ग द्वारा चुकाए गए आयकर से काफी अधिक होता है.नए बजट के तहत आयकर से संबंधित विभिन्न टैक्स छूटों में वृद्धि की जा सकती है. मौजूदा समय में धारा 80सी के तहत 1.50 लाख रुपये की छूट मिलती है. इसके तहत ईपीएफ, पीपीएफ, एनएससी, जीवन बीमा, बच्चों की ट्यूशन फीस और होम लोन का मूलधन भुगतान भी शामिल है. मकानों की बढ़ती हुई कीमत को देखते हुए धारा 80सी के तहत 2.5 लाख से तीन लाख की छूट दी जा सकती है. इसी तरह इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80डी के तहत कर कटौती की सीमा को बढ़ाया जा सकता है. 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स छूट बढ़ सकती है, ताकि टैक्सपेयर्स हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर प्रेरित हों. इसके साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सीमा बढ़ाई जाने से लोगों को स्वास्थ बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है. वहीं पीपीएफ में योगदान की वार्षिक सीमा को मौजूदा 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये किया जा सकता है.निःसंदेह देश में कर सुधारों से आयकर संग्रहण में आशातीत वृद्धि हुई है. लेकिन अभी आयकर के दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> गौरतलब है कि इस पूर्ण बजट 2024-25 के समय आयकर संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद है. पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. साल 2023-24 में आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8 करोड़ के स्तर को पार कर चुका है और बीते 10 साल में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने से अधिक हुए हैं.

## मीडिया में अन्यत्र

# सामाजिक ताने बाने में बदलाव का बुरा असर

**यह** विडंबना है कि हमारे सामाजिक ताने-बाने में तेजी से आए बदलाव के बीच वृद्ध माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं. अदालतों में गुजारा-भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं. यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिये बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नये कानून लाने की तैयारी में है. माता-पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश है. पहले वृद्ध माता-पिता अपनी संतानों से दस हजार रुपये तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे. बताया जा रहा है कि नये विधेयक के अनुसार अब माता-पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा. वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता-पिता व बुजुर्गों को त्यागने अथवा दुर्व्यहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की तैयारी है. सामाजिक संगठनों से विमर्श में यह बात सामने आई थी कि लंबी सजा से माता-पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है. कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है. दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यहार के मामले तेजी से बढ़े हैं.दरअसल, नये विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है. हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी. इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था. इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिये विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था. संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था. लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था. कालांतर में 17वीं लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के कारण विधेयक निष्प्रभावी हो गया था. जिसके बाद अब सरकार नये सिरे से इस विधेयक को संसद में लाने की तैयारी में है. उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में कई नये प्रावधानों को जोड़ा गया है. एक ओर जहां गुजारा भत्ते के सीमित दायरे को खत्म किए जाने का प्रावधान है, वहीं विगत में आए बच्चों की सजा बढ़ाने के प्रस्ताव को टाला गया है. अब इसे सिर्फ प्रतीकात्मक तौर पर ही रखा जाएगा. वहीं गुजारा भत्ता देने की जवाबदेही का विस्तार करते हुए अब पात्र बच्चों के दायरे में दामाद, पुत्रवधु,नाती-पोते, पोती-नातिन व अल्पवयस्क बच्चों के विधिक अभिभावकों को भी शामिल किया गया है. अब तक इस जवाबदेही के दायरे में बेटा-बेटी व दत्तक बेटा-बेटी ही शामिल थे. इसके अलावा विधेयक में प्रत्येक जिले में बुजुर्गों की गणना, मेडिकल सुविधाओं से लैस वृद्ध आश्रम व जिला स्तर पर एक सेल गठित करने जैसे प्रावधान हैं. **(दैनिक ट्रिब्यून)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### हिकमत/ हिमाकत

**किसी** शायर ने कहा है- नहीं मालूम क्या हिकमत है शेख़ इस आफ़रीनश की, हमें ऐसा ख़राबाती किया तुझ को मुनाजाती. शेख की हिकमत शायर को समझ में नहीं आ रही. हिकमत अरबी मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश के अनुसार इस शब्द की व्युत्पत्ति 'ह-क-म' से है. इसका मतलब है सूझबूझ, बुद्धिमत्ता अथवा महानता, गुण, भलाई, अच्छाई, चिकित्सा-कर्म, इलाज इत्यादि का ज्ञान अथवा शास्त्र, किसी वस्तु की वास्तविकता, मूलतत्त्व, मूलाधार, उपाय, युक्ति, योजना, चालाकी, चाल. उदाहरण के लिए कहा जा सकता है- सिपह-सालार ने कुछ दिलेर जंगजुओं को अपनी हिक्मत-ए-अमली से वाक़िफ़ कराया. यहां हिकमत का मतलब योजना से है, लेकिन जब यह कहा जाता है कि मोहन की हिकमत के चलते बना काम बिगड़ गया तो यहां उसका मतलब चालाकी से है. इस शब्द के और अनेक अर्थ हैं. जैसे ज्ञान अथवा शास्त्र जिसमें निरीक्षण, चिंतन-मनन, प्रमाण और तर्क से मूल अथवा सार को मालूम किया जाए, (अर्थात) तर्क शास्त्र, दर्शन शास्त्र, अर्थपूर्ण कहावत, बुद्धिमत्तापूर्ण कथन, सूझबूझ भरी बात, ढंग, शैली, आशय, तात्पर्य, व्यवस्था, प्रबंध, मितव्ययिता, रहस्य, भेद, चमत्कार. अधिकतर इसका प्रयोग सकारात्मक अर्थ में ही किया जाता है. उर्दू में इसे कुछ अधिक ही महत्व प्राप्त है, लेकिन हिंदी में इस शब्द का प्रयोग कम ही देखा जाता है. हिंदी भाषा में हिमाकत शब्द का प्रयोग खूब होता है. हिमाकत की व्युत्पत्ति 'ह-म-क' से है. यह अरबी भाषा मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका मतलब है मूर्खता, मूढ़ता, निर्बुद्धता, बेवकूफ़ी, अज्ञान, मूर्खता, अज्ञानता, नादानी. उदाहरण के लिए यह कहा जा सकता है- कम इल्मों से सलाह व मशविरा तलब करना हिमाक़त हैं. किसी शायर ने कहा है कितने चेहरे के रंग जर्द पड़े, आज सच बोल कर हिमाक़त की. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार हिमाकत शब्द का अर्थ है अनधिकार चेष्टा, धृष्टता, दुस्साहस, नासमझी, मूर्खता. चाहे हिकमत हो या हिमाकत, अच्छी तरह समझे बिना किसी शब्द का प्रयोग असर नहीं छोड़ता.

# स्वर्गलोक में आरक्षण की आग

• तीर-तुक्का

रवि श्रीवास्तव



हे प्रभु विनती सुन लो. देश में सामान्य वर्ग के लोग अपनी अर्ज लेकर रोज मंदिर में जाते हैं. इतनी पूजा को देख भगवान असमंजस में पड़ गए थे. उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा था. क्या करें कैसे अपने भक्तों की लाज रखें? यह संकट देख नटखट नारद को सुझाव के लिए बुलाया गया. सारे देवताओं का दरबार लगा. दरबार में लोगों की पुकार की आवाजें आ रही थी. तभी सब देवताओं ने सामान्य वर्ग के एक भक्त की पुकार सुनी. वह पुकार पुत्र प्राप्ति की थी. दरबार में एक बालक को बुलाया गया. उससे कहा गया कि पृथ्वी पर जाओ और भक्त की मनोकामना पूरी करो. उस बालक ने पूछा, हे प्रभु हमें जिसके यहां भेज रहे हो वह कौन है. किस वर्ग से ताल्लुक रखते हैं. भगवान ने कहा भाई सामान्य वर्ग में जन्म ले रहे हो और क्या चाहिए. हंसता खेलता परिवार है. बालक ने मना कर दिया. मुझे नहीं जाना है. ईश्वर के बहुत पूछने पर बालक ने कहा मुझे इस देश में आरक्षण वर्ग के यहां जन्म चाहिए. क्योंकि उनके यहां आरक्षण मिलता है. जहां आप मुझे भेज रहे हैं उस वर्ग में आरक्षण नहीं हैं. पूरी जिंदगी मेहनत से घिस जाएगी. मुझे नहीं जाना. भगवान की सभा में एक बालक के विरोध ने तो बवाल मचा दिया. अब हर बालक सामान्य वर्ग में जन्म लेने को मना कर रहा था. भगवान के यहां तो यह बड़ा धर्मसंकट पैदा हो गया. एक तरफ भक्त की पुकार थी तो दूसरी तरफ स्वर्ग में बालकों की जिद. भगवान ने एक बच्चे की जिद आखिर मान ली. उसे आरक्षण वर्ग में जन्म के लिए भेज दिया. उस बालक ने जन्म तो ले लिया, लेकिन वह बहुत गरीब परिवार में था. जिससे आरक्षण का कोई लाभ उसे नहीं मिल पा रहा था. भगवान को लगा कि संकट शायद टल गया है. लेकिन क्या पता कि एक नए संकट ने जन्म लिया था. अब फिर से वही समस्या अब आरक्षण वर्ग के घर में भी जन्म लेने पर बच्चे मना कर रहे थे. ईश्वर ने फिर दरबार लगाया. बच्चों ने अपनी फरमाइश रख दी. मुझे जन्म अब आरक्षण के उस वर्ग में देना जो पूरी तरह से सम्पन्न हो. उनको आरक्षण का बहुत फायदा मिलता है. ईश्वर को गुस्सा आ रहा था. बड़ी उलझन के बाद नारद मुनि को धरती से आरक्षण के बारे में पता लगाने को भेजा. पूरी खबर पता कर नटखट नारद मुनि सभा में पहुंचे. उन्होंने कहा हे प्रभु इस देश में अब काफी उलझनें बढ़ रही हैं. आरक्षण को लेकर लोग रोज सड़कों पर विरोध कर रहे हैं और यहां के बच्चे इसलिए दूसरे वर्ग में नहीं जा रहे है, क्योंकि आरक्षण वर्ग में पढ़ने, नौकरी में पाने में आसानी होती है. प्रभु ने कहा अरे नारद मैंने तो मनुष्य बनाया था. धरती पर खुद इन लोगों ने अपने को अलग कर लिया. क्या करें? इस आरक्षण ने तो हमारे यहां भी अपने पैर फैला लिया है. कही स्वर्ग में भी इसकी शुरुआत न हो जाए. इसलिए आज से इस देश को सिर्फ हम देवता देख सकें, ऐसा नियम बनाओ. जन्म लेने से पहले वाले बालक को इससे दूर रखा जाए. इस देश की आरक्षण की इस समस्या से मनुष्यों को खुद निपटने दो. हमें अपने यहां बात को फैलने से रोकना होगा.

## ऑडेमार्स पिग्यूट ब्रांड की रॉयल ओक परपेचुअल कैलेंडर प्रीमियर वॉच

# खास उपहार : यादगार रहेंगी ये सुनहरी घड़ियां

**अनंत-राधिका की शाही शादी 12 जुलाई को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में हुई जिसका राजसी अंदाज पूरी दुनिया में चर्चा का विषय रहा. इस शाही शादी में शाही मेजबानी के बाद मेहमानों को अच्छे रिटर्न गिफ्ट भी मिले. लेकिन इस मामले में अनंत अंबानी के 25 खास दोस्तों के लिए खास इंतजाम था. रेडिट पोस्ट के मुताबिक इन खास 25 दोस्तों को अनंत अंबानी ने अपनी तरफ से करीब 2 करोड़ की लग्जरी वॉच गिफ्ट की है. पोस्ट की मानें तो अनंत ने ऑडेमार्स पिग्यूट ब्रांड की रॉयल ओक परपेचुअल कैलेंडर प्रीमियर वॉच के 25 लिमिटेड एडिशन बनवाए थे. ये खास उपहार पाने वाले मित्रों में शाहरुख खान, रणवीर सिंह, वीर पहाड़िया, सलमान खान, मिजान जाफरी, शिकर पहाड़िया आदि शामिल हैं.**



### 18 कैरेट गोल्ड का डार्क ब्लू सब डायल

इस लग्जरी घड़ी का नाम ऑडेमार्स पिग्यूट ब्रांड की रॉयल ओक परपेचुअल कैलेंडर प्रीमियर वॉच है. घड़ी को 41 मिमी के 18 कैरेट गोल्ड और डार्क ब्लू कलर के सब-डायल नीलम क्रिस्टल से तैयार किया गया है, जिसकी कीमत 2 लाख डॉलर यानी 1.67 करोड़ रुपए है. दूल्हे के दोस्तों का इस खास वॉच को फ्लॉन्ट करते हुए एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

### डिजाइन ऐसी

शादी में रिटर्न गिफ्ट के तौर पर दी गई ऑडेमार्स पिग्यूट वॉच में 9.5 एमएम मोटा 41 एमएम 18 कैरेट रोज गोल्ड केस से बनाया है, जिसमें नीलम क्रिस्टल बैक और स्क्रू-लॉक क्राउन को जोड़ा गया है. इसमें ब्लू काउंटर, पिंक गोल्ड ऑवर मार्कर, ग्रांडे टैपिसरी पैटर्न और ल्यूमिनसेंट कोटिंग के साथ एक गुलाबी सोने की टोन वाली डायल है.

### यह है फीचर्स

इस घड़ी में गुलाबी सोने की टोन वाली इंटरनल बेजल और मैन्युफैक्चर कैलिबर 5134 सेल्फ-वाइंडिंग मूवमेंट शामिल है. इस घड़ी की खासियत है कि इसमें सप्ताह का दिन, डेट, महीना, खगोलीय चंद्रमा, लीप ईयर, घंटे और मिनट दिखाने वाला कैलेंडर है. यह घड़ी टोटल 40 घंटे का पावर रिजर्व प्रदान करता है. इसके अलावा घड़ी में एक ब्लू एलीगेटर स्ट्रैप, 18के गुलाबी सोने के ब्रेसलेट, और एपी फोल्डिंग बकल भी शामिल है.

*हाल ही में दाय्वू की तरफ से भारत में 32 इंच और 43 इंच स्क्रीन साइज के दो एंड्रॉयड स्मार्ट एलईडी टीवी को लॉन्च किया गया है. यह दोनों ही बजट स्मार्ट टीवी जिसमें शानदार पिक्चर क्वॉलिटी, कनेक्टिविटी और ऑडियो मिलने की उम्मीद है.*

### दाय्वू स्मार्ट एलईडी टीवी

# मिलेगी सिनेमा हॉल सी फीलिंग घर में



अगर अपने होम इंटरटेनमेंट सेटअप को अपग्रेड करने के मूड में हैं तो दाय्वू स्मार्ट एलईडी टीवी के नए लॉन्च मॉडल आपके लिए परफेक्ट च्वॉइस हो सकते हैं. अपने खूबसूरत डिज़ाइन, असाधारण रिज़ॉल्यूशन और सीमलेस कनेक्टिविटी विकल्पों के साथ, दाय्वू टीवी आपके लिविंग रूम में एक सिनेमेटिक अनुभव प्रदान करते हैं. पसंदीदा शो देखना हो, फिल्में देखनी हो या गेमिंग करनी हो, दाय्वू स्मार्ट एलईडी टीवी एक अलहदा अनुभव दिलाएगा, ऐसा कंपनी का दावा है.

### दाय्वू 32 इंच स्मार्ट टीवी

दाय्वू के 32 इंच स्मार्ट टीवी में 1366 बाई 786 पिक्सल रेजोल्यूशन मिलती है. स्मार्ट टीवी में 512 एमबी रैम और 4 जीबी स्टोरेज की सुविधा मिलती है. यह एंड्रॉयड वर्जन 11.1 पर चलती है. इसकी कीमत 13,490 रुपए है.

### दाय्वू के 43 इंच स्मार्ट टीवी

यह स्मार्ट टीवी 43 इंच स्क्रीन साइज में आती है. इसका पिक्सल रेजोल्यूशन 1920 बाय 1080 पिक्सल है. इस टीवी में 1 जीबी रैम और 8 जीबी स्टोरेज दिया गया है. यह एंड्रॉयड वर्जन 11.1 पर चलती है. इसकी कीमत 22,490 रुपए है.

### शानदार फीचर

देव्यू एंड्रॉयड स्मार्ट एलईडी टीवी के ये दोनों नए मॉडल स्लिम लाइन अल्ट्रा लाइट डिजाइन के साथ आते हैं. यह अल्ट्रा थिन प्रोफाइल में आते हैं. स्मार्ट टीवी बेहद लाइटवेट है. देव्यू का एंड्रॉयड स्मार्ट एलईडी टीवी कई विडियो सिस्टम को सपोर्ट करता है, जिसमें पीएएल, एनटीएससी, एसईसीएएम, एमपीईजी-2, एमपीईजी-4 और एच.264 शामिल हैं. इस रेंज के टीवी में शानदार ऑडियो क्वॉलिटी मिलती है. इससे टीवी में सिनेमा हाल जैसा एक्सपीरिएंस मिलता है.

*सड़क पर पानी भरा होना, तेज हवा और मूसलाधार बारिशऐसे में कई बार सामने के नजारे भी साफ नहीं दिखते. पानी भरे होने के कारण कई बार तो सड़कों पर कहां गड्ढ़ा है और कहां समतल जमीन यह पता भी नहीं चलता. इस कारण मानसून में दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है. आइए जाने क्या हैं सेफ्टी टिप्स*

### मानसून में बाइक राइडिंग के दौरान दुर्घटना से बचने के टिप्स

# झमाझम बारिश में जब बाइक से निकलें



पूरे देश के साथ झारखंड में भी मानसून अपने परवान पर है. जब-तब मुसलाधार बारिश हो रही है. ऐसे में कार चालकों की तुलना में बाइक चालकों के लिए समय जरा मुश्किल भरा है. बारिश में बाइक चलाते समय गीली सड़कों के साथ-साथ लो विजिबिलिटी से भी निपटने के लिए तैयार रहना पड़ता है. एक तो बारिश में भींगने का डर होता है, तेज हवा और बारिश के कारण चलाने में परेशानी होती है, वहीं सड़क पर कहां गड्ढे-कीचड़ जमा हैं, पता भी नहीं चलता. यही कारण है कि बरसात के मौसम में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं.
सड़कों पर फिसलन हो जाती है जिसकी वजह से सड़क दुर्घटना की घटनाओं में इजाफा होता है. कई बार छोटी-छोटी गलतियां भी बड़े हादसों को अंजाम देती हैं. आइए, एक्सपर्ट से की गई बातचीत के आधार पर जाने कि बारिश के मौसम में सड़क पर बाइक चलाते समय किन बातों का रखें ध्यान-

### स्पीड कम रखें

मानसून में स्कूटर चलाएं या बाइक, स्पीड तेज बिल्कुल नहीं हो. बारिश के समय अपने दोपहिया वाहन की स्पीड को 40 किलोमीटर प्रति घंटा से कम पर ही रखें. दरअसल बारिश में सड़क पर ट्रैक्शन कम हो जाता है जिसकी वजह से आपका कंट्रोल भी गाड़ी पर कम हो जाता है. ऐसे में ड्राइविंग के दौरान अचानक ब्रेक लगाने पर ब्रेक भी असरदार तरीके से नहीं लगते. तेज बारिश में विजिबिलिटी भी कम होती है. ऐसे में बेहतर है कि हम अपनी स्पीड को बहुत कंट्रोल में रखें.

### जरा थम जाएं

बारिश के मौसम में सड़कों पर जगह-जगह पानी भर जाता है. ऐसे में पता ही नहीं चलता कि कहां गड्ढे अधिक हैं और कहां समतल जमीन. खासतौर पर रात के समय ऐसी हालत में बाइक चलाना बहुत खतरे भरा काम होता है. इतना ही नहीं बहुत ज्यादा भरे पानी में निकलने से एक्जॉस्ट के अंदर पानी जाने का खतरा रहता है, जिससे गाड़ी बंद हो सकती है. बेहतर हो कि जहां पानी भरा हो वहां बिलकुल भी गाड़ी न चलाएं.

### फिंगर वाइपर

बारिश में हेलमेट के वाइजर (ग्लास) पर बूंदों के गिरने से देखने में दिक्कत होती है और कुछ दिखाई नहीं देता जिसकी वजह से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है. इनसे बचाव के लिए इन दिनों मार्केट में फिंगर वाइपर आने लगे हैं जो हेलमेट के वाइजर पर पानी की बूंदों को साफ करने में मदद करते हैं. इनका इस्तेमाल किया जा सकता है.

### आगे के वाहन से दूरी जरूरी

बारिश के दौरान सड़क पर आपसे आगे जो गाड़ी चल रही है, उससे उचित दूरी बना कर रखें. खासतौर पर उन गाड़ियों से जो ओवरलोडिंग के साथ चल रही होती हैं. बारिश में सड़क पर ट्रैक्शन कम होता है जिसकी वजह सही समय पर ब्रेक नहीं लगते. इसके अलावा गाड़ी की हेडलाइट हमेशा ऑन ही रखें.


### दुरुस्त हो हेलमेट

अक्सर हर्जाने के भय से हम हेलमेट लगाते हैं. आसपास कहीं निकलना हो और वहां ट्रैफिक पुलिस की नजर नहीं हो तो अक्सर बिना हेलमेट के भी हम निकल जाते हैं. बरसात में खासतौर पर हम बिना हेलमेट बाइक या स्कूटर बिलकुल भी न चलाएं, फिर चाहे आप कहीं नजदीक ही क्यों न जा रहे हों. बारिश के दौरान हेलमेट के शीशे की वजह से आंख पर बारिश की बूंदें नहीं पड़ती, जिससे बाइक चलाना आसान रहता है. इसके अलावा जब गिरने की आशंका अधिक होती है तो हेलमेट की सुरक्षा थोड़ा आश्वासन देती है. हेलमेट दुरुस्त हो, अच्छी कंपनी का हो, उसके बेल्ट टाइट हों, इन बातों का भी ध्यान रखें.

## पगानी हुआयरा मैनुअल गियर बॉक्स कार

# बड़े-बड़े रईसों की है ये ड्रीम कार

*हाल ही हम सब ने एक शाही शादी में देश के अमीरों और उनकी अमीरियत देखी जहां कपड़े -जेवर से लेकर गिफ्ट और रिटर्न गिफ्ट तक चर्चा के विषय रहे. पर आज हम बात करेंगे ऐसी कार की जिसे खरीदने से पहले रईसजादों को भी सोचना पड़े या लोन लेना पड़े. जी हां बात हो रही है इटालियन कार ब्रांड पगानी की हुआयरा कार की जिसकी कीमत करीब 35 करोड़ रुपए है. यह कार हाल ही मैनुअल गियर बॉक्स में लॉन्च हुई है.*



### हर कार है अलग

पगानी सुपर एक्सपेंसिव कारों के लिए जानी जाती है जिसकी हर कार में ग्राहकों के अनुसार कुछ पर्सनल टच होता है. ग्राहक इस कार को खरीदने से पहले अपनी पसंद के मुताबिक इसमें बदलाव भी कर सकते हैं. कंपनी ग्राहक की डिमांड के अनुसार कार का डिजाइन, लुक्स और इंजन परफॉर्मेंस को भी ट्यून करती है. इस कार ब्रांड की यही खास बात इसे औरों से अलग बनाती है.

### ऑटोमेटिक से मैनुअल का सफर

यह कार पहले ऑटोमेटिक कार ही थी. मैनुअल गियरबॉक्स में आने के पीछे लोगों की मांग थी. दरअसल कई लोगों को कारों का रॉ परफॉर्मेंस अधिक रास आता है. ड्राइविंग का असली मजा उन्हें ऑटोमैटिक गियरबॉक्स वाली कारों में नहीं मिलता. ऑटोमैटिक कारों में गियर अपने आप बदलता है जिससे उससे चलाने का एक्सपीरियंस भी बदल जाता है. वहीं मैनुअल कार में ड्राइवर अपने हिसाब से गियर बदलता है जिससे वह कार से अधिक कनेक्टेड महसूस करता है. कंपनी ग्राहकों की इसी भावना को समझते हुए इस सुपर कार को मैनुअल गियरबॉक्स में लाई है.

### जानिए फीचर्स

एक हाइपरकार है, जिसमें एएमजी से लिया गया 6 .0-लीटर ट्विन-टर्बोचार्ज्ड वी12 इंजन है, जो 1000 एनएम पीक टॉर्क और 730 बीएचपी मैक्स पावर फिगर देता है. इस कार में 7-स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है. यह मैनुअल गियरबॉक्स के साथ सड़क पर चलने वाली सबसे पॉवरफुल कार है. इसकी टॉप स्पीड 350 किमी/घंटा है.

## आज लॉन्च हो रहा

# वनप्लस का धांसू टैबलेट

वनप्लस कंपनी आज भारत में कई अन्य डिवाइस के साथ वनप्लस पैड 2 को लॉन्च करेगी. आज लॉन्च होने वाले कंपनी के अन्य प्रोडक्ट में वनप्लस नॉर्ड 4 स्मार्टफोन के साथ-साथ वॉच 2आर, नॉर्ड बड्स 3 प्रो शामिल हैं. इनके अलावा भी कुछ अन्य डिवाइस को भी लॉन्च किया जा सकता है. आज हम बात करें वनप्लस पैड 2 की जिसकी कीमत भी लॉन्चिंग से पहले ही लीक हो गई है.



### जानिए फीचर्स और प्राइस

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वनप्लस पैड 2 में 12.1 इंच का आईपीसी एलसीडी डिस्प्ले और 144 हट्र्ज रिफ्रेश रेट और 3000 बाय 2120 रेजोल्यूशन है. डिस्प्ले डॉल्बी विजन को सपोर्ट करता है. अधिकतम ब्राइटनेस 900 निट्स है. टैबलेट स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 प्रोसेसर से लैस हो सकता है और दो कॉन्फिगरेशन में उपलब्ध होगाः एक 8जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज के साथ, और दूसरा 12 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज के साथ. इसमें 67 वाट सुपरवुक फास्ट चार्जिंग के साथ 9,510 मेगाहट्र्ज की पावरफुल बैटरी मिलने की उम्मीद है. वनप्लस पैड 2 में 13 मेगा पिक्सल का मेन रियर कैमरा और 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा होगा. छह स्पीकर होंगे. रिपोर्ट की मानें तो टैबलेट का मूल्य 47,999 रुपए है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### ब्रीफ खबरें

### फिलहाल टेस्ट व वनडे खेलते रहूंगा : रोहित

**डलास (अमेरिका)।** पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह चुके भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह कम से कम कुछ समय तक टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे . रोहित वेस्टइंडीज में विश्व कप जीतने के बाद से ब्रेक पर हैं और श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैच भी नहीं खेलेंगे. 37 वर्ष के रोहित ने यहां एक समारोह में कहा, मैंने कहा है कि मैं बहुत आगे की नहीं सोचता. कम से कम कुछ समय तक तो मुझे खेलते देखेंगे. बीसीसीआई सचिव ने कहा था कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सत्र व चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित ही भारत के कप्तान होंगे.

### अनिर्बान लाहिड़ी आखिरी दौर में चूके

**सोटोग्रांडे (स्पेन)।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी आखिरी दौर में खराब प्रदर्शन के कारण खिताब से चूक गए और प्लेआफ में स्पेन के सर्जियो गार्सिया ने उन्हें हरा दिया. लाहिड़ी ने आखिरी दिन दो ओवर 73 स्कोर किया. वहीं दिन की शुरुआत में उनसे सात शॉट पीछे चल रहे गार्सिया ने पांच अंडर 66 स्कोर करके मुकाबले को प्लेआफ में खींचा और जीत दर्ज की. लाहिड़ी पिछले नौ साल से खिताब नहीं जीत सके हैं. उन्होंने आखिरी बार भारत में 2015 हीरो इंडिया ओपन जीता था.

### रंधावा स्विस सीनियर में सातवें स्थान पर

**जिनेवा।** भारत के ज्योति रंधावा लीजैंड टूर के स्विस सीनियर ओपन गोल्फ में संयुक्त सातवें स्थान पर रहे जबकि जीव मिल्खा सिंह संयुक्त 20वें स्थान पर रहे. स्वीडन के जारमो सेंडेलिन ने आखिरी दौर में 67 और कुल दस अंडर 200 के स्कोर के साथ खिताब जीता. 50 पार के खिलाड़ियों के लिए होने वाले इस टूर्नामेंट में रंधावा ने छह अंडर स्कोर करके शीर्ष दस में जगह बनायी. उन्होंने आखिरी दौर में तीन बर्डी लगाये और दो बोगी किये. भारत के जीव ने पांच बर्डी लगाये और तीन बोगी किये.

### अदिति अशोक संयुक्त 17वें स्थान पर रही

**एवियन ले बेंस (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने किसी मेजर टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आखिरी चार होल में तीन बर्डी लगाकर अमुंडी एवियन चैम्पियनशिप में संयुक्त 17वां स्थान हासिल किया. अदिति ने दो अंडर 69 और कुल सात अंडर स्कोर किया. वह पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट में शीर्ष 20 में रही हैं. इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2018 वुमेंस ओपन में था, जब वह संयुक्त 22वें स्थान पर रही थीं.



सूची में महेंद्र सिंह धौनी का नाम काफी पीछे, 66 पारी में पहला अर्धशतक जड़ा था

# सबसे कम पारी में फिफ्टी जड़ने वाले चौथे कीपर बने संजू

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

टीम इंडिया ने जिंबाब्वे दौरे पर टी20 के पांच मैचों की श्रृंखला 4-1 से जीत लिया. श्रृंखला में टीम इंडिया की युवा ब्रिगेड का जलवा दिखा. इसमें भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने जिंबाब्वे के खिलाफ पांचवें टी20 में अर्धशतकीय पारी खेली थी. सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में जहां टीम इंडिया के बाकी खिलाड़ी फ्लॉप रहे थे, वहां संजू ने शानदार पारी खेलते हुए 45 गेंदों में 1 चौके ओर 4 छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली थी. संजू की पारी की बदौलत ही टीम इंडिया 167 रन बना सकी थी. इस अर्धशतकीय पारी से संजू ने पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी को पछाड़ दिया.

दरअसल बतौर भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने टी20 इंटरनेशनल में पहला अर्धशतक लगाने के लिए 10 पारियों का सहारा लिया, जबकि एमएस धोनी ने विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में 66वीं पारी में पहला अर्धशतक लगाया था. यहां पर बात सिर्फ उन मैचों की बात हो रही है, जिसमें विकेटकीपर ने विकेटकीपिंग की है. इसी लिस्ट में केएल राहुल अव्वल नंबर पर हैं. राहुल ने बतौर विकेटकीपर टी20 इंटरनेशनल की पहली पारी में ही अर्धशतक जड़ा दिया था. लिस्ट में ईशान किशन दूसरे और ऋषभ पंत तीसरे नंबर पर हैं.

**टी20 में बतौर कीपर टीम इंडिया में सबसे कम पारियों में अर्धशतक**

| | |
|---|---|
| 1 पारी | – केएल राहुल |
| 3 पारी | – ईशान किशन |
| 5 पारी | – ऋषभ पंत |
| 10 पारी | – संजू सैमसन |
| 66 पारी | – एमएस धौनी |

**जिंबाब्वे में उभर कर आयी युवा टीम इंडिया**

बता दें कि जिंबाब्वे के खिलाफ खेले गई पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए शुभमन गिल को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया को 13 रनों से हार का सामना करना पड़ा था. इसके सीरीज के अगले चारों मैचों में मेन इन ब्लू ने जीत अपने खाते में डाली. दूसरे मैच में टीम इंडिया ने 100 रनों से जीत हासिल की. फिर तीसरे मैच में भारतीय टीम ने 23 रनों से जीत अपने नाम की. आगे बढ़ते हुए यंग इंडिया ने जिंबाब्वे को चौथे मुकाबले में 10 विकेट से और पांचवें में 42 रनों से हराया.

कोपा अमेरिका 2024 : 64वें मिनट में दौड़ते हुए गिरने से लियोनेल मेस्सी चोटिल


# अर्जेंटीना ने रिकॉर्ड 16वीं बार खिताब जीता



**एजेंसी। मियामी गार्डन्स**

अर्जेंटीना ने दूसरे हाफ में लियोनेल मेस्सी के पैर में लगी चोट से उबरते हुए कोलंबिया को 112वें मिनट में लौटारो मार्टिनेज के गोल के दम पर हराकर लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका फुटबॉल खिताब जीत लिया. मेस्सी को 64वें मिनट में दौड़ते हुए गिरने से चोट लगी. चोट के बाद बेंच पर बैठे मेस्सी ने दोनों हथेलियों से चेहरा छिपा लिया था. गोल करने के बाद मार्टिनेज ने बेंच पर जाकर अपने कप्तान को गले लगाया. हार्ड रॉक स्टेडियम पर दर्शकों के उपद्रव के कारण मैच एक घंटा 20 मिनट विलंब से शुरू हुआ. अर्जेंटीना ने 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप के बाद तीसरा बड़ा खिताब जीतकर स्पेन की बराबरी कर ली, जिसने 2008 और 2012 यूरो चैंपियनशिप के अलावा 2010 विश्व कप जीता था. अर्जेंटीना ने इसके साथ ही कोलंबिया का फरवरी 2022 से चला आ रहा 28 मैचों का अपराजेय अभियान भी रोक दिया.

**मेस्सी के पैर में लगी चोट, टखने में सूजन**



**मियामी गार्डन्स।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी को कोपा अमेरिका फाइनल से जल्दी विदा लेनी पड़ी जब 64वें मिनट में पैर में चोट के कारण वह बाहर हो गयी और बाद में बेंच पर बैठे मेस्सी के दाहिने पैर के टखने में काफी सूजन देखी गयी. मेस्सी ने गिरने के बाद तुरंत अर्जेंटीना बेंच की ओर देखा. वह कई मिनट तक लेटे रहे. जब ट्रेनर आये तो उनकी मदद से अपने दाहिने पैर से जूता निकाला. आठ बार के बलोन डि ओर विजेता मेस्सी ने मैदान से जाते समय कप्तान का आर्मबैंड निकाला और हताशा में जूता जमीन पर फेंका. इसके बाद सीट पर हथेलियों से चेहरा छिपाये बैठे रहे. जीत के बाद वह लड़खड़ाते हुए आये और निकोलस ओट्टामेंडी व एंजेल डि मारिया के साथ ट्रॉफी थामी. मेस्सी पूरे टूर्नामेंट में पैर की चोट से जूझ रहे थे और ग्रुप चरण का आखिरी मैच भी नहीं खेल सके.

यूरो कप 2024 : सभी खिलाड़ियों ने तीन-तीन गोल करके अवार्ड जीता

# हैरी केन, दानी ओल्मो समेत छह को गोल्डन बूट

**एजेंसी। बर्लिन**

स्पेन ने इंग्लैंड का 1966 के बाद पहला खिताब जीतने का सपना चूर-चूर करते हुए उसे 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल में रिकॉर्ड चौथी बार अपनी बादशाहत साबित कर दी. इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन समेत छह खिलाड़ियों ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में सर्वाधिक तीन गोल करके गोल्डन बूट जीता.

केन के अलावा स्पेन के दानी ओल्मो, जर्मनी के जमाल मुसियाला, नीदरलैंड के कोडी गाकपो, स्लोवाकिया के इवान शरांज और जॉर्जिया के जॉर्जेस एम ने भी तीन-तीन गोल किया. केन लगातार दो यूरो फाइनल हारने की त्रासदी झेल चुके हैं. तीन साल पहले फाइनल में इटली से पेनल्टी शूट आउट में हारी टीम में भी वह थे. इसके अलावा चैंपियंस लीग फाइनल और दो बार इंग्लिश लीग्स कप में भी वह फाइनल में पराजय झेल चुके हैं. केन यूरो चैंपियनशिप और विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वाले चार पुरुष खिलाड़ियों में हैं. उन्होंने 2018 विश्व कप में यह कमाल किया था. अगर कई खिलाड़ियों ने समान गोल किये हैं तो अब यूएफा उन्हें गोल्डन बूट पुरस्कार साझा करने की अनुमति देता है. पहले ऐसा नहीं था चूंकि पिछली बार पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और चेक गणराज्य के पैट्रिक शिक के पांच पांच गोल थे, लेकिन एक गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाने के कारण रोनाल्डो को विजयी घोषित किया गया. यूएफा ने स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' और फॉरवर्ड लामाइन यमल को सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना.



**यमल बने यूरो 2024 के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी**



**बर्लिन।** फुटबॉल की नयी सनसनी लामाइन यमल को 17वें जन्मदिन के एक दिन बाद यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. फाइनल में स्पेन की जीत के बाद यमल ने यह पुरस्कार जीता. उन्होंने कहा, मुझे जन्मदिन पर इससे बेहतर तोहफा नहीं मिल सकता था. यह सपना सच होने जैसा है.

# राजकुमारी केट ने अल्काराज को दी विंबलडन की ट्रॉफी



मिडलटन की राजकुमारी के हाथों ट्रॉफी ग्रहण करने के बाद अल्काराज.

**एजेंसी। लंदन**

कैंसर का उपचार करा रही वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन ने विंबलडन पुरुष एकल चैंपियन कार्लोस अल्काराज को ट्रॉफी सौंपी. युवराज विलियम्स की पत्नी केट का यहां रॉयल बॉक्स में पहुंचने पर दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया. पुरस्कार वितरण के बाद कोर्ट से जाते हुए उन्होंने मुख्य स्टेडियम के भीतर कमरे में अल्काराज से बात भी की. उन्होंने कहा, तुमने बहुत अच्छा खेला. मैच देखकर अच्छा लगा. ऑल इंग्लैंड क्लब की संरक्षक के तौर पर केट यहां आई थीं. उन्होंने बॉल किड्स से हाथ मिलाया और दोनों खिलाड़ियों से बात की. केट की बहन पिप्पा मैथ्यूज, अभिनेता टॉम क्रूस और बेनेडिक्ट कुम्बरबाक के अलावा पूर्व चैंपियन रॉड लावेर, आंद्रे अगासी और स्टीफन एडबर्ग भी यहां मौजूद थे.

चैंपियंस ट्रॉफी: भारत सरकार का फैसला बताएं

# बीसीसीआई लिखित में जानकारी दे : पीसीबी

**भाषा। कराची**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि बीसीसीआई इस बात का लिखित सबूत दे कि भारत सरकार ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सुरक्षा कारणों से टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है. पीसीबी के एक सूत्र ने यह बात कही. मेजबान बोर्ड चाहता है कि मामला जल्दी से सुलझाया जाये क्योंकि टूर्नामेंट अगले साल फरवरी मार्च में होना है. आईसीसी की सालाना कांफ्रेंस 19 जुलाई को कोलंबो में होगी, जिसमें 'हाइब्रिड मॉडल' पर चर्चा एजेंडे में नहीं है. इसके तहत भारतीय टीम अपने मैच यूएई में खेलेगी. पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, अगर भारत सरकार ने अनुमति नहीं दी है तो उसे लिखित में देना होगा और बीसीसीआई को चाहिए कि आईसीसी को वह पत्र तत्काल दे. उन्होंने कहा, हम लगातार कह रहे हैं कि बीसीसीआई पांच छह महीने पहले टूर्नामेंट के लिए टीम के पाकिस्तान जाने के बारे में आईसीसी को लिखित में सूचित करे. बीसीसीआई हमेशा से कहता आया है कि पाकिस्तान में खेलने का फैसला सरकार का होगा.

**खेलों का महाकुंभ** पिछले ओलंपिक टोक्यो 2020 सबसे ज्यादा सात पदक जीतने में सफल रहा था भारत

# ओलंपिक में भारत: टोक्यो 2020 में अबतक का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

ओलंपिक को खेलों का महाकुंभ माना जाता है. दुनियाभर के खिलाड़ी अलग-अलग खेलों में अपनी क्षमता दिखाकर मेडल जीतते हैं और अपने देश का झंडा लहराते हैं. इससे खेल जगत में देश का नाम होता है. ओलंपिक का इतिहास बहुत पुराना है. वैसे ही ओलंपिक में भारत का इतिहास भी काफी पुराना है. पहला मॉर्डन ओलंपिक 1896 में ग्रीस के एथेंस शहर में आयोजित किया गया था. लेकिन उस समय भारत ने खेल के इस महाकुंभ में हिस्सा नहीं लिया था. खेल के इस महाकुंभ में भारत के लिए सबसे अच्छा ओलंपिक टोक्यो 2020 रहा, जिसमें भारत अब तक के सबसे ज्यादा सात पदक जीतने में सफल रहा.

**भारत ने 1900 में पहली बार ओलंपिक में भाग लिया था :** भारत का ओलंपिक इतिहास 1900 में पेरिस खेलों से शुरू हुआ, जिसमें नॉर्मन प्रिचर्ड ने भाग लिया था. नॉर्मन प्रिचर्ड एक ब्रिटिशर थे, लेकिन उनका जन्म 23 जून 1875 को ब्रिटिश इंडिया के बंगाल प्रेसीडेंसी में कलकत्ता में हुआ था. प्रिचर्ड एक एथलीट थे. नॉर्मन प्रिचर्ड ने पेरिस ओलंपिक 1900 में 200 मीटर हर्डल रेस, 200 मीटर में भाग लिया. लेकिन, भारत ने अपनी पहली आधिकारिक टीम एंटवर्प ओलंपिक 1920 में भेजी थी. तब सिर्फ पांच एथलीट ही भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे.



**सात्विक-चिराग को अनुकूल ड्रॉ मिला**

**नयी दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की स्टार पुरुष युगल टीम को 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में अनुकूल ड्रॉ मिला है. थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (27 वर्ष) की जोड़ी को तीसरी वरीयता मिली है. स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी को ग्रुप सी में रखा गया है जहां फजर अल्फियां और मोहम्मद रियान एरदियांतो की इंडोनेशिया की छठे नंबर की जोड़ी उनकी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी होगी.

**ओलंपिक में भारत के पदक**

| ओलंपिक | पदक |
|---|---|
| पेरिस 1900 | 2 |
| एंटवर्प 1920 | 0 |
| पेरिस 1924 | 0 |
| एम्स्टर्डम 1928 | 1 |
| लॉस एंजिल्स 1932 | 1 |
| बर्लिन 1936 | 1 |
| लंदन 1948 | 1 |
| हेलसिंकी 1952 | 2 |
| मेलबर्न 1956 | 1 |
| रोम 1960 | 1 |
| टोक्यो 1964 | 1 |
| मेक्सिको 1968 | 1 |
| म्यूनिक 1972 | 1 |
| मॉन्ट्रियल 1976 | 0 |
| मास्को 1980 | 1 |
| लॉस एंजिल्स 1984 | 0 |
| सियोल 1988 | 0 |
| बार्सेलोना 1992 | 0 |
| अटलांटा 1996 | 1 |
| सिडनी 2000 | 1 |
| एथेंस 2004 | 1 |
| बीजिंग 2008 | 3 |
| लंदन 2012 | 6 |
| रियो 2016 | 2 |
| टोक्यो 2020 | 7 |

**ओलंपिक में भारत ने पहला पदक भी पेरिस में जीता था**

भारत ने अपना पहला ओलंपिक पदक 1900 में पेरिस ओलंपिक में जीता था. उस समय नॉर्मन प्रिचर्ड ने दो रजत पदक जीते थे. एक 200 मीटर की हर्डल रेस में और दूसरा 200 मीटर में. लेकिन आधिकारिक तौर पर एम्स्टर्डम ओलंपिक 1928 में भारत अपना पहला पदक और खास तौर पर स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा. यह भारतीय हॉकी टीम ही थी, जिसने भारत को उसका पहला पदक दिलाया था. जो एक स्वर्ण पदक था. इस टीम का नेतृत्व ध्यानचंद ने किया था और उन्होंने कोई गोल नहीं खाया, सिर्फ गोल किए. इसके बाद भारत ने 1932 और 1936 में भी हॉकी में स्वर्ण पदक जीते.

**ओलंपिक में अबतक भारत ने 35 पदक जीते हैं**

पेरिस ओलंपिक 1900 से लेकर टोक्यो ओलंपिक 2020 तक भारत ने अब तक 25 समर ओलंपिक में हिस्सा लिया है. तब से अब तक आधिकारिक और अनाधिकारिक तौर पर कुल 1,218 भारतीय एथलीट हिस्सा ले चुके हैं. टोक्यो ओलंपिक 2020 तक भारत ने 35 पदक जीते हैं. जिसमें 10 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक और 16 कांस्य पदक शामिल हैं. इन 25 ओलंपिक खेलों में भारत ने सबसे ज्यादा 7 पदक टोक्यो ओलंपिक 2020 में जीते हैं. इसके साथ ही भारतीय हॉकी ने ओलंपिक में सफलता का परचम लहराया है. हॉकी टीम ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 12 पदक जीते हैं.

कोहली ने ओलंपिक जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामना दी

# हर चौराहे, नुक्कड़ पर इंडिया इंडिया... का शोर गूंजेगा

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली ने देशवासियों से भारत के ओलंपिक दल की हौसलाअफजाई का आग्रह करते हुए कहा कि 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक में पदक के लिए जोर आजमाइश करने जा रहे खिलाड़ियों का उनके साथ सभी समर्थन करें. सोशल मीडिया पर करीब एक मिनट के वीडियो में कोहली ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत को खेलों की महाशक्ति के रूप में जाना जाये. वीडियो में ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीद भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निशांत देव शामिल है. कोहली ने कहा, अब हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सूचना प्रौद्योगिकी का केंद्र हैं. उन्होंने कहा, हम क्रिकेट और बॉलीवुड के लिए, स्टार्ट अप यूनिकॉर्न और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए जाने जाते हैं. अब इस महान देश के लिए अगली बड़ी बात क्या होगी. ज्यादा से ज्यादा स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक. उकोहली ने कहा, हमारे भाई बहन पदक जीतने के लिये पेरिस जा रहे हैं. एक अरब से अधिक भारतवासी रोमांच के साथ उन पर नजरें गड़ायें होंगे, जब वे ट्रैक और फील्ड, कोर्ट या रिंग में उतरेंगे. उन्होंने कहा, हर चौराहे, नुक्कड़ पर इंडिया इंडिया का शोर गूंजेगा. मेरे साथ आप भी उनके चेहरों को याद रखिये जो गर्व से तिरंगे का परचम लहराएंगे.



### एथलेटिक्स को मिली सबसे अधिक धनराशि

**नयी दिल्ली।** सिर्फ एक ओलंपिक पदक किसी खेल को बढ़ावा देने के लिए काफी है और अगर यह स्वर्ण पदक हो तो फिर सोने पर सुहागा है. तीन साल पहले टोक्यो खेलों में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद भारत में इस ओलंपिक चक्र में ट्रैक व फील्ड के खिलाड़ियों को सरकारी कोष में सबसे बड़ा हिस्सा मिला है. पीटीआई के पास उपलब्ध भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरकार ने एथलेटिक्स पर 96 करोड़ आठ लाख रुपये खर्च किए. इस बार 16 खेलों के लिए भारत की तैयारियों पर लगभग 470 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं. पिछले ओलंपिक चक्र में टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत एथलेटिक्स पर पांच करोड़ 38 लाख रुपये खर्च किए गए थे. 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस खेलों में चोपड़ा की अगुआई में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स दल भारत का प्रतिनिधित्व करेगा. भारतीय दल में कुल 118 खिलाड़ी शामिल हैं.

### ब्रीफ खबरें

### शहीद जवान का पार्थिव शरीर पटना पहुंचा

**पटना ।** मणिपुर के जिरीबाम जिले के मोंगबुंग गांव में कुकी उग्रवादियों के हमले में बिहार के मधुबनी जिले के मदनपुर प्रखंड के बांकीपुर गांव निवासी सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा का बलिदान हो गया. सोमवार को शहीद के पार्थिव शरीर को विशेष विमान से पटना लाया जाएगा. एयरपोर्ट से सीधे शहीद के पार्थिव शरीर को सड़क मार्ग से उनके पैतृक गांव ले जाया जाएगा. शहीद के माता-पिता मधुबनी गांव में रहते हैं जबकि उनके बच्चे एवं पत्नी मुजफ्फरपुर स्थित सीआरपीएफ कैंप में ही रहती हैं.

### मुखिया के घर से 1.31 क्विंटल गांजा बरामद

**पूर्वी चंपारण ।** जिला पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार देर रात बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने गुप्त सूचना पर गांजा तस्करी में शामिल एक मुखिया को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है. गिरफ्तार तस्कर आदापुर थाना क्षेत्र के बखरी पंचायत का निर्वाचित मुखिया बताया जा रहा है. इसके घर और स्कार्पियो में रखे 1.31 क्विंटल गांजा आदापुर थाना पुलिस व एसएसबी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बरामद किया है. पुलिस के अनुसार मुखिया के मकान से 11 किलो व स्कॉर्पियो में लदे 1.21 क्विंटल गांजा जब्त किया गया है.

### बार्डर से बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के रक्सौल बार्डर से इमिग्रेशन विभाग ने एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को हिरासत में लिया है. पकड़ा गया बांग्लादेशी नागरिक जी एम सोहाग के पास से फर्जी भारतीय आधार कार्ड और पासपोर्ट भी बरामद किया गया है, जिसमें इसने फर्जी पता पश्चिम बंगाल के हुगली निवासी मोहम्मद जावेद पिता मीर हसन और जन्म तिथि 13 फरवरी 1987 अंकित है. इमिग्रेशन अधिकारियों नें शंका के आधार पर गहराई से पूछताछ की तो पता चला कि यह बांग्लादेश के पातुआखाली जिला के पातुआखाली सदर के बोतलवानिया का रहने वाला है जो अब्दुल रज्जाक गाजी का पुत्र है.

# बह गया निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन, कई गांवों का संपर्क टूटा

## देव प्रखंड के लोगों में निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन बहने और आवागमन ठप होने को लेकर जिला प्रशासन के खिलाफ खासी नाराजगी है

**संवाददाता । औरंगाबाद**

बिहार में पुल के ढहने और सड़कों के ध्वस्त होने का सिलसिला थमा नहीं था कि अब निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन बहने का मामला सामने आया है. ताजा मामला औरंगाबाद का है. यहां देव प्रखंड के चट्टी बाजार स्थित देव-अंबा रोड में बारिश की वजह से निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन बह गया है. इसकी वजह से यहां के कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है. लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है. देव प्रखंड के लोगों में निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन बहने और आवागमन ठप होने को लेकर जिला



प्रशासन के खिलाफ खासी नाराजगी है. प्रखंडवासी भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं. इधर, जिला परिषद प्रतिनिधि ने निर्माणाधीन पुल निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है. इलाके के लोगों का कहना है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण एजेंसी निर्माण कार्य में लापरवाही बरत रही है. उनका आरोप है कि एजेंसी और ठेकेदार की मिलीभगत से सरकार के पैसों का बंदरबांट हो रहा है. वहीं समाजसेवी संजीव कुशवाहा का कहना है कि अंबा से देव और बालूगंज से देव जाने के लिए यह एकमात्र सड़क है. अंबा-देव रोड में पुल का निर्माण कराया जा रहा है. इसकी वजह से यहां डायवर्सन बनाया गया था. लेकिन तेज बारिश में यह बह गया. ऐसे में आवागमन तो बाधित हुआ ही है. साथ ही कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क भी टूट गया है. बताया कि अभी पुल निर्माण कार्य पूरा होने में काफी समय लगेगा. ऐसे में आवागमन सुचारु करने के लिए फिर से डायवर्सन बनवाने की जरुरत है. उन्होंने प्रशासन से डायवर्सन बनाने की मांग की है.

### 18 जून से ध्वस्त होने का सिलसिला जारी

आपको बता दें कि बिहार में पुलों के गिरने का सिलसिला बीते 18 जून से शुरू हुआ था, जो अब भी जारी है. बिहार में बीते 25 दिनों में 15 से ज्यादा पुल ध्वस्त हो चुके हैं. इसके अलावा तेज बारिश में कई पुलिया भी बह गयी. इतना ही नहीं सड़कें भी ध्वस्त हो गयीं. सबसे पहले 18 जून को अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर 12 करोड़ की लागत से बना पुल गिरा था. वहीं चार दिन बाद 22 जून को सिवान में दरौंदा और महाराजगंज ब्लॉक को जोड़ने वाली नहर पर बना पुल गिरा था. 23 जून को मोतिहारी के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा पुल भरभरा कर गिर गया था.इसके बाद 27 जून को बिहार के किशनगंज में कनकई और महानंद नदी को जोड़ने वाली सहायक नदी पर बना 70 मीटर लंबा पुल का पिलर अचानक ढह गया. वहीं 28 जून को मधुबनी में भी निर्माणाधीन पुल का गर्डर गिर गया. वहीं एक जुलाई को किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड के पथरिया पंचायत स्थित खोशी डांगी गांव में बूंद नदी पर बना पुल का पिलर तेज बारिश के बाद नदी का जलस्तर बढ़ने से करीब एक से डेढ़ फीट धंस गया. इसके बाद भी सीवान, सारण, किशनगंज, मधुबनी और पूर्वी चंपारण से पुल गिरने के कई मामले सामने आये.

### बिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

**पटना ।** सेंट्रल सिलेक्शन बोर्ड ऑफ कांस्टेबल्स, बिहार (सीएसबीसी) ने बिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा 2024 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है. योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट csbc.bih.nic.in से अपने हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं. लिखित परीक्षा 7 से 28 अगस्त तक दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी. उम्मीदवारों को परीक्षा के दिन सुबह 9.30 बजे अपने संबंधित केंद्रों पर रिपोर्ट करना होगा. भर्ती अभियान का उद्देश्य कुल 21,391 पुलिस कांस्टेबल पदों को भरना है. यह परीक्षा 7, 11, 18, 21, 25 और 28 अगस्त को राज्य भर के 38 जिलों में आयोजित की जाएगी. अधिक जानकारी के लिए यहां नोटिफिकेशन देखें.

## पटना में दो बच्चों की हत्या के बाद भारी हंगामा, रोड जाम

# पहले जमकर पीटा, आंखें फोड़ दी फिर चाकू गोद कर मार डाला

**संवाददाता । पटना**

राजधानी पटना में सुबह-सुबह हंगामा मच गया, जब सड़क किनारे एक गड्ढे में दो बच्चों के शव होने की जानकारी सामने आयी. गुस्सा और भड़क गया, जब पीटकर हत्या करने के साथ आंखें फोड़े जाने की सूचना लोगों के बीच फैली. यह घटना बेउर इलाके में हुई है. सोमवार सुबह डबल मर्डर के बाद बेउर-अनीसाबाद के बीच सड़क जाम कर लोग जमकर प्रदर्शन किए.

लोगों का कहना है कि दोनों बच्चों की नृशंस हत्या की गई है. दोनों की लाशें देखकर स्पष्ट लग रहा है कि अपराधियों ने उन्हें बेरहमी से पीटा. फिर दोनों की आंखें फोड़ दी. इससे भी मन नहीं भरा तो दोनों के छाती में चाकू से वार किया. लोग हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं. लोगों का कहना है मॉर्निंक वॉक करने निकले थे. इसी दौरान सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में दोनों बच्चों की लाशें दिखीं. इसके बाद पुलिस को सूचना दी.

लोगों का दावा है कि रविवार शाम से दोनों बच्चे लापता थे. इनमें से दो की लाशें मिली है. अपराधियों ने दोनों की निर्मम हत्या कर दी गई. घटना से गुस्साए लोगों ने पटना बाइपास सड़क को जाम कर किया और प्रदर्शन करने लगे. वारदात के बाद गर्दनीबाग और बेउर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है.



रोते-बिलखते परिजन

**अर्ध निर्मित मकान में मिली लाश :** घटना के बारे में पुष्टि करते हुए बेउर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि गर्दनीबाग थाना क्षेत्र का रहने वाले दो बच्चों की लाश मिली है. इनकी पहचान विवेक कुमार (12) और प्रत्युष कुमार (11) के रूप में हुई है. दोनों गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के सरिस्ताबाद निवासी हैं. दोनों रविवार की शाम से ही लापता थे. सोमवार की सुबह एक अर्ध निर्मित मकान में दोनों की डेड बॉडी मिली है. लोगों को समझाया-बुझाया जा रहा है. कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है. मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है.

**परिजन रात भर दोनों बच्चों को खोजते रहे :** मृत विवेक कुमार के पिता विनोद कुमार ने बताया कि वह गाड़ी चलाने का काम किया करते हैं. उन्होंने बताया कि उनका बेटा विवेक चौथी कक्षा में पढ़ता था. रविवार देर शाम दोनों घर से खेलने निकाले थे. उसके बाद अचानक लापता हो गया. काफी प्रयास के बाद जब दोनों का सुराग नहीं मिला तो उन्होंने इसकी सूचना गर्दनीबाग थाने को दी. रात्रि 10:00 बजे के आसपास जब गर्दनीबाग थाना को सूचना दिया गया तो थाना के एक सिपाही ने बताया कि अभी कोई पदाधिकारी नहीं है. कल सुबह आकर इसकी जानकारी दीजिए. इसके बाद परिवार के सभी लोग रात भर दोनों बच्चे को खोजते रहे.

**पुलिस पर लगाया लापरवाह बरतने का आरोप :** विनोद कुमार ने बताया कि सुबह में यह सूचना मिली कि दो बच्चे का शव 70 फीट के नजदीक एक पानी भरे गड्ढे में फेंका हुआ है. विनोद कुमार ने आरोप लगाया कि 70 फीट के नजदीक ग्रीन सिटी कैंपस के पास वहां एक कमरे में बंद कर हाथ पैर बांधकर दोनों बच्चे को जमकर पीटा गया है. बच्चे की आंख फोड़ दी गई है, जीभ में चाकू मारा गया है. सीने पर चाकू से वार किया गया है और फिर हत्या करने के बाद दोनों के शव को पास के एक पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया गया है.

## समस्तीपुर में कार सवार दंपती पर तलवार से हमला

# 3 गिरफ्तार, 2 नाबालिग भी पकड़ाए

**संवाददाता । समस्तीपुर**

समस्तीपुर के दलसिंहसराय में रविवार की शाम मुहर्रम जुलुस में शामिल कुछ उपद्रवियों ने सड़क किनारे से गुजर रही कार पर तलवार, हॉकी स्टिक और लाठी-डंडे से हमला कर दिया. गाड़ी का शीशा तोड़ दिया. कार सवार दंपती मधुबनी से पटना जा रहे थे. जुलूस में शामिल उपद्रवी इतने पर ही नहीं रुके बल्कि सड़क किनारे कई बाइक सवार के साथ भी मारपीट की. इस मामले में तीन गिरफ्तारी हुई है जबकि दो नाबालिग लड़कों को भी पकड़ा गया है. रविवार को हुई इस घटना के बाद



पुलिस गिरफ्त में हमलावर

अफरातफरी मच गई. घटना के बाद जुलूस में शामिल उपद्रवी भाग खड़े हुए. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी. पुलिस ने टीम बनाकर छापेमारी करते हुए पांच लड़कों को पकड़ लिया जिसमें से दो नाबालिग हैं. वहीं जुलूस में शामिल अन्य उपद्रवियों की पहचान करते हुए उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है.

### रिमांड होम में बाल बंदी की मौत, परिजनों ने जमकर किया बवाल

**गया ।** गया के रिमांड होम में बंद बाल कैदियों की मौत का सिलसिला जारी है. सोमवार की सुबह अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती बाल कैदी की इलाज के क्रम में मौत हो गई. बाल कैदी की मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया. मृत के भाई चंदू पासवान ने कहा कि रिमांड होम से दो पुलिसकर्मियों के संरक्षण में अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

# पूर्व मंत्री समेत पांच गिरफ्तार स्कॉर्पियो से 57 गोली बरामद

**संवाददाता । बक्सर**

बक्सर में हथियार के बल पर विवाद सुलझाने आये एक पूर्व विधायक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पूर्व मंत्री सह राजपुर के पूर्व विधायक छेदी राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. उनके साथ पूर्व मुखिया संजय राम समेत कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है. बक्सर पुलिस ने पूर्व मंत्री को उनके चार अन्य सहयोगियों के साथ राजपुर के बसंतपुर छावनी से गिरफ्तार किया है. उनके पास से दो राइफल और 57 कारतूस के अलावा एक खोखा और एक स्कॉर्पियो को भी पुलिस ने जब्त किया है. जानकारी के मुताबिक, बक्सर पुलिस ने जमीन कब्जा करने के आरोप पर यह कार्रवाई की है. पूर्व मंत्री छेदी राम अपने कुछ लोगों के साथ विवादित जमीन पर कब्जा करने के लिए पहुंचे थे. ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की. घटना की प्राथमिकी करते हुए पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है.

## कारोबार

### चीन की अर्थव्यवस्था रही धीमी

**बैंकॉक ।** चीन की अर्थव्यवस्था 2024 की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही में 4.7 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ी, जो पूर्वानुमान से कम है. सरकारी रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई. यह वर्ष की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही में देखी गई 5.3 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से भी काफी कम है. अर्थशास्त्रियों ने बताया कि कमजोर उपभोक्ता मांग और कम सरकारी खर्च के कारण वृद्धि प्रभावित हो रही है. वर्ष की पहली छमाही में अर्थव्यवस्था पांच प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो सरकार द्वारा निर्धारित वृद्धि लक्ष्य के अनुरूप है.

### सेबी 19 संपत्तियों की करेगा नीलामी

**नयी दिल्ली ।** बाजार नियामक सेबी मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स, सन प्लांट बिजनेस लिमिटेड और सुमंगल इंडस्ट्रीज समेत सात कंपनियों की 19 संपत्तियों की 12 अगस्त को नीलामी करेगा. सेबी के अनुसार, नीलामी 12 अगस्त को ऑनलाइन आयोजित की जाएगी. सेबी ने सुमंगल इंडस्ट्रीज, सनहेवन एग्रो इंडिया, रविकिरण रियल्टी इंडिया, मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स, पुरुषोत्तम इन्फोटेक इंडस्ट्रीज, जीवन साथी ड्रीम प्रोजेक्ट्स और सन प्लांट बिजनेस के खिलाफ वसूली कार्यवाही में बोलियां आमंत्रित कीं.

### ब्लूस्मार्ट ने 2.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए

**मुंबई ।** घरेलू इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी ब्लूस्मार्ट ने वित्त पोषण के एक दौर में 2.4 करोड़ अमरीकी डॉलर (200 करोड़ रुपये) जुटाए हैं. प्री-सीरीज बी फंडिंग' दौर में रेस्पॉन्सएबिलिटी इन्वेस्टमेंट्स एजी जैसे मौजूदा निवेशकों के साथ-साथ रीन्यू के चेयरमैन सुमंत सिन्हा और एमएस धोनी फैमिली ऑफिस जैसे नए निवेशकों ने भी भागीदारी की. कंपनी के अनुसार, यह धनराशि ब्लूस्मार्ट को अपने परिचालन का विस्तार करने तथा बड़े भारतीय शहरों में ईवी चार्जिंग अवसंरचना तथा परिसंपत्तियों के निर्माण में सहायता करेगी. ब्लूस्मार्ट के सह-संस्थापक पुनीत गोयल ने कहा, हमारा 2.4 करोड़ अमरीकी डॉलर का नवीनतम कोष जुटाना है.

## थोक मूल्य सूचकांक : जून महीने में लगा महंगाई का झटका

# लगातार चौथे महीने बढ़कर 3.36% पर पहुंची



**एजेंसी । नयी दिल्ली**

देश में थोक मुद्रास्फीति जून में लगातार चौथे महीने बढ़कर 3.36 प्रतिशत हो गई. खाद्य वस्तुओं, खासकर सब्जियों तथा विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही. थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 प्रतिशत थी. जून 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, जून 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे रसायन तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रही.

आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जून में 10.87 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मई में यह 9.82 प्रतिशत थी. सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 प्रतिशत रही, जो मई में 32.42 प्रतिशत थी. प्याज की महंगाई दर 93.35 प्रतिशत रही, जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 प्रतिशत रही. दालों की महंगाई दर जून में 21.64 प्रतिशत रही. ईंधन और बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.03 प्रतिशत रही, जो मई में 1.35 प्रतिशत से थोड़ी कम है. विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति जून में 1.43 प्रतिशत रही, जो मई में 0.78 प्रतिशत से अधिक थी. जून में थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के अनुरूप थी. पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य तौर पर खुदरा मुद्रास्फीति को ही ध्यान में रखता है.

### निर्यात जून महीने में 2.56% बढ़कर 35.2 अरब डॉलर पर, व्यापार घाटा 20.98 अरब डॉलर हुआ

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

देश का वस्तुओं का निर्यात जून में 2.56 प्रतिशत बढ़कर 35.2 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया. एक साल पहले इसी महीने में निर्यात 34.32 अरब डॉलर रहा था. सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है. आंकड़ों के अनुसार, जून में आयात लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर 56.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान महीने 53.51 अरब डॉलर था. समीक्षाधीन माह में व्यापार घाटा (आयात और निर्यात का अंतर) 20.98 अरब डॉलर रहा. निर्यात आंकड़ों की जानकारी देते हुए वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने संवाददाताओं से कहा कि मौजूदा रुख को देखते हुए देश का वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात चालू वित्त वर्ष में 800 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है. उन्होंने कहा कि 2024-25 की पहली



तिमाही के दौरान वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात लगभग 200 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है. मई में भारत का वस्तुओं का निर्यात 9.1 प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर रहा था, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया था. चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जून के दौरान निर्यात 5.84 प्रतिशत बढ़कर 109.96 अरब डॉलर और आयात 7.6 प्रतिशत बढ़कर 172.23 अरब डॉलर रहा है.

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शुद्ध लाभ 47% बढ़कर 1,293 करोड़ हुआ

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का चालू वित्त वर्ष पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 47 प्रतिशत बढ़कर 1,293 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में कमी तथा ब्याज आमदनी बढ़ने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है. पुणे के इस बैंक ने 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में 882 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था. शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बैंक ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 6,769 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान तिमाही में 5,417 करोड़ रुपये थी. तिमाही के दौरान बैंक की ब्याज आय 4,789 करोड़ रुपये से बढ़कर 5,875 करोड़ रुपये रही. बैंक की संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ है. समीक्षाधीन अवधि में बैंक का सकल एनपीए कुल कर्ज के 1.85 प्रतिशत पर आ गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 2.28 प्रतिशत था. इसी तरह, बैंक का शुद्ध एनपीए भी 0.24 प्रतिशत से घटकर 0.20 प्रतिशत रह गया. बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 18.07 प्रतिशत से घटकर 17.04 प्रतिशत पर आ गया.

# हिंडाल्को महाराष्ट्र में 595 करोड़ रुपये में बेचेगी जमीन

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज महाराष्ट्र के कलवा में एक जमीन 595 करोड़ रुपये में बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एकमाया प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचेगी. कंपनी ने 12 जुलाई 2023 को कहा था कि निदेशक मंडल ने महाराष्ट्र के कलवा स्थित जमीन को बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड को बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, उपरोक्त लेन-देन अब बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट




लिमिटेड (बिरला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड के बजाय) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एकमाया प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया जाएगा. कंपनी सूचना के अनुसार, लेन-देन अंतिम दस्तावेजों पर हस्ताक्षर, पारंपरिक समापन शर्तों के पूरा होने और नियामक अनुमोदन के अधीन है.

### अशोक लीलैंड को 2,104 निर्मित बसों का मिला ठेका

**नयी दिल्ली ।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम से पूर्णतः निर्मित 2,104 बसों का ठेका मिला है. कंपनी बयान के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) से मिला यह अभी तक का सबसे बड़ा ठेका है. इन 'वाइकिंग' यात्री बसों का निर्माण अशोक लेलैंड के विशेष 'बस बॉडी' संयंत्रों में किया जाएगा. हालांकि, कंपनी ने ठेके के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया. अशोक लेलैंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शेनू अग्रवाल ने कहा कि यह नया ठेका एमएसआरटीसी के साथ कंपनी की दीर्घकालिक साझेदारी का एक हिस्सा है. अग्रवाल ने कहा, यह ठेका अत्यधिक कुशल तथा प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत उत्पादों के उत्पादन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो देश में सार्वजनिक परिवहन की वृद्धि को बढ़ावा देगा.

## भारतीय बाजार — सेंसेक्स 145 अंक चढ़कर सर्वकालिक उच्चस्तर पर, निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड

# बीएसई 145 अंक से अधिक की तेजी के साथ हुआ बंद

**एजेंसी । मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 145 अंक से अधिक की तेजी के साथ नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ. निफ्टी भी नये शिखर पर पहुंच गया. कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 145.52 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 80,664.86 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 343.2 अंक तक चढ़कर




80,862.54 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 84.55 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,586.70 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह 132.9 अंक की बढ़त के 24,635.05 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था. सेंसेक्स के शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक सबसे ज्यादा 2.55 प्रतिशत चढ़ा. कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में वृद्धि की घोषणा के बाद बैंक का शेयर चढ़ा. इसके अलावा एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, मारुति और आईटीसी प्रमुख रूप से लाभ में रहे.

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बजट को लेकर सकारात्मक रुख के साथ घरेलू बाजार में तेजी बनी हुई है. इसके अलावा मजबूत एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) प्रवाह और आईटी कंपनियों के उम्मीद से बेहतर वित्तीय नतीजों से भी बाजार को बढ़त मिल रही है. उन्होंने कहा, साथ ही, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शुरुआती परिणाम के साथ पीएसयू सूचकांक में मजबूती आई है. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में इंडियन ओवरसीज बैंक 7.35 प्रतिशत चढ़ा. केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक में भी तेजी रही. मझोली कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई मिडकैप 0.95 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप सूचकांक 0.21 प्रतिशत के लाभ में रहा. एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा. यूरोप के प्रमुख बाजारों में कारोबार के दौरान गिरावट का रुख रहा. अमेरिकी बाजार शुक्रवार को सकारात्मक दायरे में रहा. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 4,021.60 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत चढ़कर 85.15 डॉलर प्रति बैरल रहा. बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 622 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 80,519.34 अंक पर और एनएसई निफ्टी 186.20 अंक की बढ़त के साथ 24,502.15 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ था.

# जोमैटो ने चुनिंदा शहरों में अपने प्लेटफॉर्म शुल्क में बढ़ोतरी की

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

खानपान उत्पादों की ऑनलाइन आपूर्ति करने वाले मंच जोमैटो ने दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में प्रत्येक ऑर्डर पर लिए जाने वाले शुल्क को पांच रुपये से बढ़ाकर छह रुपये कर दिया है. हालांकि, जोमैटो के प्रतिद्वंद्वी मंच स्विगी ने एक दिन पहले अपने शुल्क में की गई बढ़ोतरी सोमवार को वापस ले ली. इसके ऐप पर उपलब्ध सूचना के मुताबिक, अब स्विगी एक ऑर्डर पर पहले की ही तरह पांच रुपये का शुल्क ले रही है. इस बढ़ोतरी की वजह के बारे में संपर्क किए जाने पर जोमैटो और स्विगी दोनों ने ही कोई प्रतिक्रिया देने से मना कर दिया. दोनों ही ऑनलाइन फूड डिलिवरी कंपनियों ने पिछले साल




पहली बार अपने मंच के जरिये दिए जाने वाले ऑर्डर पर शुल्क लगाया था. शुरुआत में यह शुल्क दो रुपये प्रति ऑर्डर था जिसे धीरे-धीरे बढ़ाया गया. जानकारों का कहना है कि जोमैटो और स्विगी जैसी कंपनियां प्लेटफॉर्म शुल्क लगाकर लाभ कमाने की अपनी क्षमता बढ़ाना चाहती हैं. इस खंड में इन दोनों कंपनियों का ही दबदबा है.

**जानलेवा हमला :** पूर्व राष्ट्रपति ने हत्या के प्रयास को 'विचित्र अनुभव' बताया, कहा-अब से अधिक शिष्टतापूर्ण हो सकता है मेरे और डेमोक्रेट बाइडन के बीच अभियान

# मेरी मौत नियत कर दी गयी थी : ट्रंप

एजेंसी। मिलवॉकी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में उन पर हुए जानलेवा हमले के बाद उनकी 'मौत नियत कर दी गयी थी' तथा उन्होंने इस घटना को एक "विचित्र अनुभव" बताया. अखबार ने बताया कि ट्रंप ने सुझाव दिया कि उनके और डेमोक्रेट बाइडन के बीच अभियान अब से अधिक शिष्टतापूर्ण हो सकता है. घटना के बाद अपने पहले साक्षात्कार में 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति ने रूढ़िवादी अमेरिकी मीडिया को बताया कि उन्हें लगता है कि वे "भाग्य या भगवान" की कृपा से बच गये. पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार से शुरू हो रहे 'रिपब्लिकन राष्ट्रीय सम्मेलन' के लिए मिलवॉकी जाते समय 'न्यूयॉर्क पोस्ट' से बात करते हुए कहा, "मेरे बारे में यह माना जा रहा था कि मैं यहां नहीं रहूंगा, मेरी मौत नियत कर दी गयी थी." उन्होंने कहा, "सबसे अविश्वसनीय बात यह थी कि मैंने न केवल अपना सिर घुमाया, बल्कि सही समय पर और सही मात्रा में घुमाया." उन्होंने यह भी कहा कि जो गोली उनके कान को छूती हुई निकली, उससे उनकी आसानी से मौत हो सकती थी. ट्रंप ने कहा, मेरे बारे में माना जा रहा था कि मैं यहां नहीं रहूंगा." ट्रंप ने अपनी तस्वीर की तरफ इशारा करते हुए कहा, 'लड़ो'. इस तस्वीर में वह मुट्ठी बांधे हुए दिख रहे हैं और उनके चेहरे पर खून की बूंदें दिख रही हैं. ट्रंप ने कहा, "बहुत से लोग कहते हैं कि उन्होंने ऐसी प्रभावशाली तस्वीर पहले कभी नहीं देखी." उन्होंने कहा, "वे सही हैं और मैं नहीं मरा.'



### हमलावर ने अकेले घटना को अंजाम दिया : एफबीआई

अमेरिका में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गोली चलाने वाले युवक ने अकेले इस घटना को अंजाम दिया. एफबीआई इस घटना की जांच 'घरेलू आतंकवाद' के पहलू से भी कर रही है. बंदूकधारी की पहचान थॉमस मैथ्यू क्रुक्स (20) के रूप में की गयी है. एफबीआई की राष्ट्रीय सुरक्षा शाखा के कार्यकारी सहायक निदेशक रॉबर्ट वेल्स ने कहा, 'जांच में इस चरण में ऐसा प्रतीत होता है कि उसने अकेले घटना को अंजाम दिया लेकिन हमें अब भी काफी जांच-पड़ताल करनी है. एफबीआई इस घटना की, हत्या के प्रयास तथा 'संभावित रूप से घरेलू आतंकवाद' के पहलू से भी जांच कर रही है.'

## अभूतपूर्व सुरक्षा के बीच शुरू हुआ रिपब्लिकन का सम्मेलन

**मिलवाउकी (अमेरिका)।** हर चार वर्ष में आयोजित होने वाला 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन', पार्टी के राष्ट्रपति पद के संभावित प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की असफल कोशिश के बाद अभूतपूर्व सुरक्षा के बीच सोमवार को यहां शुरू हुआ. मिलवाउकी में 18 जुलाई को ट्रंप पार्टी के आधिकारिक प्रत्याशी के तौर पर नामांकन को औपचारिक रूप से स्वीकार करेंगे और भाषण देंगे. इससे एक दिन पहले, उनको उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार भी घोषित किए जाने की संभावना है. ट्रंप रविवार शाम स्थानीय समयानुसार करीब छह बजे मिलवाउकी पहुंचे. उनके प्रचार अभियान दल और कन्वेंशन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि वे 'अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर चुनाव लड़ने के लिए उन्हें (ट्रंप) नामांकित करने के वास्ते' सम्मेलन जारी रखेंगे. देशभर के 2,400 से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधि यहां एकत्रित होंगे और ट्रंप के समर्थन में वोट करने के लिए अपने फैसले की औपचारिक घोषणा करेंगे. यह तीसरी बार है जब ट्रंप को पार्टी का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नामित किया जाएगा. ट्रंप पर खतरे को देखते हुए कन्वेंशन स्थल पर हजारों सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है.

# राजनीतिक बयानबाजी पर 'विराम' लगाने का समय आया : जो बाइडन

एजेंसी। मिलवॉकी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले की घटना का जिक्र करते हुए रविवार को जनता से संकट की इस घड़ी में एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि समय आ गया है कि देश में राजनीतिक बयानबाजी पर 'विराम' लगाया जाए. राष्ट्रपति कार्यालय 'ओवल ऑफिस' से राष्ट्र को संबोधित करते हुए बाइडन ने कहा, 'मैं आज रात आपसे राजनीतिक बयानबाजी को कम करने की जरूरत पर बात करना चाहता हूं और यह कहना चाहता हूं कि भले ही हम एक-दूसरे से असहमत हों, लेकिन हम दुश्मन नहीं हैं. हम पड़ोसी हैं, मित्र हैं, सहकर्मी हैं, देश के नागरिक हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अमेरिकी हैं.' राष्ट्रीय एकता का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, 'हमें एक साथ खड़ा होना चाहिए.' बाइडन ने कहा, 'कल पेनसिल्वेनिया में डोनाल्ड ट्रंप की रैली में हुई गोलीबारी की घटना हमें यह सोचने के लिए मजबूर करती है कि हम कहां खड़े हैं और यहां से आगे हमें किस दिशा में बढ़ना है.' पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान ट्रंप पर गोली चलाए जाने की घटना के बाद से 24 घंटे से भी कम समय में राष्ट्रपति ने तीसरी बार संबोधन दिया है. बाइडन ने कहा कि इस हमले के पीछे के कारण का फिलहाल पता नहीं चल पाया है. उन्होंने कहा, 'हम उसके (हमलावर) मकसद के बारे में नहीं जानते. फिलहाल यह नहीं पता चल पाया है कि उसे किसी से मदद मिली थी या समर्थन प्राप्त था या इस साजिश में कोई और भी शामिल था या नहीं.



## ब्रीफ खबरें

### ट्रक से 20 किग्रा गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पुलिस ने गांजा की तस्करी करने के आरोप में ओडिशा पुलिस के अधिकारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान गांजा तस्करों रविंद्र भुक्ता (50) और गगन आनंद मेहर (42) को गिरफ्तार किया है. उन्होंने बताया कि आरोपी भुक्ता ओडिशा पुलिस में सहायक उप निरीक्षक पद पर है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से दो लाख रुपये से अधिक कीमत का लगभग 20 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है. अधिकारियों ने बताया कि जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है.

### नशे में धुत दो सिपाहियों ने मॉल में की गोलीबारी

**नोएडा (उप्र)।** नोएडा के एक मॉल में कथित तौर पर नशे में धुत दो पुलिसकर्मियों ने गोलीबारी की, जिसके बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया. एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि घटना रविवार रात सेक्टर-38 स्थित गार्डन गलेरिया मॉल में हुई, जब गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम थाने में तैनात सिपाही धीरज कुमार और मुकुल यादव किसी निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे. सहायक पुलिस आयुक्त (नोएडा) प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि दोनों के पास सरकारी असलहा थे. उन्होंने बताया कि कथित तौर पर शराब पीने के बाद मुकुल ने सरकारी असलहे से गोली चला दी, हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.


### चीन और रूस ने शुरू किया नौसैन्य अभ्यास

**बीजिंग।** चीन और रूस की नौसेनाओं ने रविवार को दक्षिणी चीन में एक सैन्य बंदरगाह पर संयुक्त अभ्यास शुरू किया. चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने यह जानकारी दी. यह अभ्यास ऐसे वक्त में हो रहा है, जब कुछ दिन पहले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों ने बीजिंग को यूक्रेन में युद्ध का 'निर्णायक समर्थक' बताया था. चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दोनों देशों की वायु सेना ने हाल में पश्चिमी और उत्तरी प्रशांत महासागर में गश्त की और इस अभ्यास का अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्थितियों से कोई लेना-देना नहीं है तथा इसमें किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाया गया.

नयी सरकार के समक्ष राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने की चुनौती

# ओली ने चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की ली शपथ

एजेंसी। काठमांडू



- राष्ट्रपति पौडेल ने दो उप प्रधानमंत्री को भी शपथ दिलाई, इसके अलावा 19 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली
- नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा की पत्नी आरजू राणा देउबा कैबिनेट में विदेश मंत्री होंगी

केपी शर्मा ओली ने सोमवार को चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और वह नयी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे जो हिमालयी देश में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने की कठिन चुनौती का सामना करेगी. नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को रविवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया. ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे. ओली (72) पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' की जगह लेंगे जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल नहीं कर पाये.

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली को राष्ट्रपति भवन के मुख्य भवन शीतल निवास में पौडेल ने शपथ दिलाई. शपथ ग्रहण समारोह आधे घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ. समाचार पोर्टल 'माई रिपब्लिक' के अनुसार, पार्टी के भीतर विवाद के चलते नेपाली कांग्रेस सरकार में शामिल होने के लिए अपने मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने में विफल रही जिसके कारण ही शपथ ग्रहण समारोह में देरी हुई. राष्ट्रपति ने दो उप प्रधानमंत्री, प्रकाश मान सिंह और बिष्णु पौडेल को भी शपथ दिलाई. इसके अलावा 19 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली. सिंह शहरी विकास मंत्रालय का कार्यभार भी संभालेंगे जबकि विष्णु प्रकाश पौडेल वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे. नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा की पत्नी आरजू राणा देउबा कैबिनेट में विदेश मंत्री होंगी. सरकार में नेपाली कांग्रेस से 10 कैबिनेट मंत्री हैं. इसी तरह प्रधानमंत्री को छोड़कर, सीपीएन-यूएमएल से आठ, जनता समाजवादी पार्टी से दो और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी से एक मंत्री हैं. समारोह में निवर्तमान प्रधानमंत्री प्रचंड, विदेशी राजनयिक व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए.

**ओली को 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा :** इससे पहले रविवार को राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक नोटिस के अनुसार राष्ट्रपति पौडेल ने नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 76-2 के तहत ओली को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया था. शुक्रवार देर रात ओली ने नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के समर्थन से सरकार बनाने का दावा पेश किया और प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला समर्थन पत्र सौंपा, जिस पर उनकी पार्टी से 77 तथा नेपाली कांग्रेस से 88 सदस्यों के दस्तखत थे. ओली को अब नियुक्ति के 30 दिनों के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा. ओली को 275 सीट वाली प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 मतों की आवश्यकता होगी. प्रचंड को विश्वास मत का सामना करना पड़ा क्योंकि पिछले सप्ताह की शुरूआत में ओली की पार्टी ने उस गठबंधन से अपना समर्थन वापस ले लिया था और नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए देउबा के साथ सात सूत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए थे. सीपीएन-माओइस्ट सेंटर के अध्यक्ष प्रचंड शुक्रवार को शक्ति परीक्षण के दौरान विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए थे.

### लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना कर रहा हिमालयी देश

पिछले हफ्ते की शुरुआत में, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने नयी गठबंधन सरकार बनाने के लिए सात सूत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए थे. देउबा और ओली के बीच एक जुलाई को हुए समझौते के अनुसार, दोनों दल 2027 में होने वाले अगले आम चुनाव तक बारी-बारी से सरकार का नेतृत्व करेंगे. यह चौथी बार है जब ओली ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली. सबसे पहले ओली ने 11 अक्टूबर 2015 से तीन अगस्त 2016 तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया. इस दौरान नयी दिल्ली के साथ काठमांडू के संबंध तनावपूर्ण रहे. इसके बाद वह पांच फरवरी 2018 से 13 मई 2021 तक फिर प्रधानमंत्री रहे. इसके बाद वह तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी की वजह से 13 मई 2021 से 13 जुलाई 2021 तक पद पर बने रहे. बाद में उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया कि ओली का प्रधानमंत्री पद पर बने रहना असंवैधानिक है. नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है और गणतंत्र प्रणाली लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश ने 14 सरकारें देखी हैं.

## तमिलनाडु में सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में नाश्ता योजना का विस्तार



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को सरकारी सहायता प्राप्त ग्रामीण क्षेत्रों के निजी विद्यालयों में प्राथमिक स्कूल के बच्चों के लिए नाश्ते की योजना का विस्तार किया. तिरुवल्लूर जिले के सेंट ऐनी स्कूल में इस योजना की शुरुआत करते हुए स्टालिन ने बच्चों को खाना परोसा और उनके साथ बैठकर खाना भी खाया. इस योजना का विस्तार दिवंगत मुख्यमंत्री के कामराज की जयंती पर किया गया. स्टालिन ने कहा कि सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों (कक्षा एक से पांच तक) सहित कुल मिलाकर 20.73 लाख से अधिक बच्चे प्रतिदिन पौष्टिक और स्वादिष्ट नाश्ता करते हैं. मुख्यमंत्री ने प्रायोगिक तौर पर इस योजना की शुरुआत 15 सितंबर 2022 को की थी. लगभग एक साल बाद 25 अगस्त 2023 को इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू किया गया, अब इस योजना के पहुंचने के बाद राज्य के 21.87 लाख बच्चों को नाश्ता मिलेगा.

# स्टालिन ने कावेरी का कम पानी छोड़ने के कर्नाटक सरकार के रुख की निंदा की, सर्वदलीय बैठक बुलायी

एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोमवार को कहा कि तमिलनाडु को कावेरी नदी का कम पानी छोड़ने का कर्नाटक सरकार का रुख कड़ी निंदा योग्य है. उन्होंने घोषणा की कि अंतरराज्यीय नदी विवाद में आगे के कदम पर फैसला करने के लिए 16 जुलाई को विधायक दल के नेताओं की बैठक बुलाई गई है. स्टालिन ने यहां एक बयान में कहा कि 15 जुलाई 2024 तक कर्नाटक के चार मुख्य बांधों में कुल भंडारण 75.586 टीएमसी फुट है, जबकि तमिलनाडु के मेट्टूर जलाशय में जल स्तर मात्र 13.808 टीएमसी फुट है. स्टालिन ने कहा कि इसके अलावा, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार, पर्याप्त वर्षा की गुंजाइश है, इसलिए, कर्नाटक का कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) के निर्देश के अनुसार पानी छोड़ने से इनकार करना तमिलनाडु के किसानों के साथ विश्वासघात है. स्टालिन ने कहा कि राज्य इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा. रविवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा था कि राज्य सरकार सीडब्ल्यूआरसी के निर्देशानुसार इस महीने के अंत तक एक टीएमसी फुट के बजाय कावेरी नदी से तमिलनाडु को प्रतिदिन 8,000 क्यूसेक पानी छोड़ने के लिए तैयार है. स्टालिन ने कहा कि उन्होंने कावेरी जल को लेकर उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श करने के लिए राज्य विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले दलों के नेताओं की एक बैठक मंगलवार को बुलाई है.

राज्यपाल सीवी आनंद बोस मानहानि मामला

# ममता ने कहा-मेरी टिप्पणी में कुछ भी मानहानिकारक नहीं

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को अपने इस बयान पर दृढ़ता से कायम रहीं कि महिलाओं ने कोलकाता में राजभवन में जाने को लेकर डर जाहिर किया था. ममता ने



मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अन्य नेताओं के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में अंतरिम आदेश के लिए राज्यपाल सीवी आनंद बोस की ओर से कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष दाखिल याचिका का विरोध भी किया. ममता के वकील एसएन मुखर्जी ने न्यायमूर्ति कृष्ण राव के समक्ष दलील दी कि मुख्यमंत्री की टिप्पणी सार्वजनिक हित के मुद्दों पर एक निष्पक्ष टिप्पणी थी और यह मानहानिकारक नहीं थी. मुख्यमंत्री के अपने बयान पर कायम रहने की बात कहते हुए मुखर्जी ने दलील दी कि उन्होंने केवल राजभवन में कुछ कथित गतिविधियों पर महिलाओं की आशंकाओं को प्रतिध्वनित किया था. मुखर्जी ने कहा कि वह हलफनामे में उन महिलाओं के नाम बताने को तैयार हैं, जिन्होंने ऐसी आशंका जाहिर की है. दो मई को राजभवन में कार्यरत एक संविदा महिला कर्मचारी ने बोस के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाया था.

## पश्चिम बंगाल सरकार समान चालक परीक्षा व्यवस्था लागू करेगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल का परिवहन विभाग ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदकों के लिए समान चालक परीक्षा व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर रहा है ताकि तय पाठ्यक्रम के आधार पर वाहन चलाने के प्रभावी अध्ययन को बढ़ावा दिया जा के. एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस व्यवस्था में समान कंप्यूटर आधारित प्रश्न उत्तर आधारित परीक्षा होगी जो आवेदक को अंतिम ड्राइविंग परीक्षा देने से पहले देनी होगी. उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था को मंजूरी मिलने के बाद इसे परिवहन विभाग की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा. अधिकारी ने बताया कि यह फैसला परिवहन सचिव सौमित्र मोहन की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया है.

पाक सरकार ने लगाया देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप

# पीटीआई को किया जाएगा प्रतिबंधित

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि वह जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर देश विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए प्रतिबंध लगाएगी तथा उनके और उनकी पार्टी के दो वरिष्ठ सहयोगियों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करेगी.

सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह आश्चर्यजनक घोषणा करते हुए कहा, "विदेशी वित्तपोषण मामले, 9 मई के दंगों और सिफर प्रकरण के साथ-साथ अमेरिका में पारित प्रस्ताव को देखते हुए, हमारा मानना



है कि खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर प्रतिबंध लगाने के लिए बहुत विश्वसनीय सबूत मौजूद हैं." अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद से 71 वर्षीय खान अपने खिलाफ कई मामलों के कारण रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं. 'जियो न्यूज' के अनुसार, संघीय सरकार ने पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ पीटीआई के संस्थापक खान और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के खिलाफ अनुच्छेद 6 के तहत देशद्रोह का मामला दर्ज करने का फैसला किया है. तरार ने कहा कि अगर देश को आगे बढ़ना है तो वह पीटीआई के रहते ऐसा नहीं कर सकता. तरार ने कहा, "हमारे धैर्य और सहनशीलता को हमारी कमज़ोरी माना जाता है. पीटीआई और पाकिस्तान एक साथ नहीं रह सकते क्योंकि सरकार देश को राजनीतिक और आर्थिक रूप से स्थिर करने की कोशिश कर रही है, जबकि इसके प्रयासों को विफल करने के प्रयास किए जा रहे हैं." उन्होंने कहा कि संघीय सरकार पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के लिए उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर करेगी.

नेपाल बस हादसा

## बचावकर्मियों ने अभी तक 11 शव बरामद किए

**काठमांडू।** नेपाल में यात्रियों से भरी दो बसों के बीते शुक्रवार को भूस्खलन के मलबे के साथ बह जाने की घटना में नदी से बचावकर्मियों ने अब तक कुल 11 शव बरामद किए हैं. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. बचावकर्मियों को लापता बसों और उनमें सवार लगभग 50 लोगों की तलाश के दौरान नदी के किनारे अलग-अलग स्थानों पर शव मिले. सरकारी प्रशासक खीमा नंदा भुसाल ने बताया कि सात शवों की पहचान कर ली गई है और उनके रिश्तेदारों से संपर्क किया गया है. मृतकों में तीन भारतीय हैं और बाकी चार नेपाली नागरिक हैं. नदी से चार और शव बरामद किए गए हैं, लेकिन उनकी पहचान नहीं हो पाई है.

**गुहार** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने शीर्ष अदालत में तलाक की लगाई अर्जी

# 'जज साहेब हमारी शादी टूट चुकी है, तलाक दे दीजिए'

एजेंसी। नयी दिल्ली

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने तलाक के मामले में सुप्रीम अदालत का दरवाजा खटखटाया है. अब्दुल्ला की अर्जी पर अदालत ने उनकी पत्नी पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. उमर अब्दुल्ला ने अदालत से कहा कि हमारी शादी टूट चुकी है और अब रिश्ते सुधर नहीं सकतेय इसलिए तलाक चाहिए. इस पर न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी किया और छह सप्ताह के भीतर उनसे जवाब मांगा. इसके साथ ही कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 अगस्त की तारीख तय की है.



### काफी सालों से रह रहे अलग

उमर अब्दुल्ला का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, दोनों की शादी खत्म हो चुकी है. दोनों बीते 15 सालों से अलग रह रहे हैं. उनके बीच अब पति और पत्नी जैसा कोई रिश्ता नहीं है. उन्होंने पीठ से मांग की कि वह संविधान के आर्टिकल 142 में वर्णित अधिकार के तहत इस मामले में फैसला सुनाएं. बता दें, शादियों को लेकर इस नियम का हवाला सुप्रीम कोर्ट ने दिया था. इसके आधार पर किसी भी तलाक के मामले को वाजिब समझते हुए कोर्ट खुद शादी को भंग करने का आदेश दे सकता है. कपिल सिब्बल की दलील पर जस्टिस धूलिया और जस्टिस अमानुल्लाह ने पायल को नोटिस जारी किया है.

### 1994 में हुई थी उमर और पायल की शादी

उमर और पायल की शादी सितंबर 1994 में हुई थी, लेकिन वे काफी समय से अलग रह रहे हैं. उमर की तलाक याचिका को 30 अगस्त, 2016 को एक पारिवारिक अदालत ने खारिज कर दिया था. पारिवारिक अदालत ने माना कि वह शादी के टूटने को साबित करने में असफल रहे. अदालत ने कहा कि उमर क्रूरता या त्याग के अपने दावों की पुष्टि नहीं कर सके और किसी ऐसी विशिष्ट परिस्थिति की व्याख्या करने में असमर्थ थे, जिसके कारण पायल के साथ संबंध बनाए रखना उनके लिए असंभव हो गया था. इसके बाद उमर अब्दुल्ला हाईकोर्ट चले गए थे और अब उनकी तलाक की अर्जी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है.

#### हाईकोर्ट से लग चुका है झटका

दरअसल, उमर अब्दुल्ला ने इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था. उन्होंने कहा था कि उन्हें क्रूरता के आधार पर तलाक दिया जाए. इस पर उच्च न्यायालय ने कहा था कि उमर अब्दुल्ला के आरोप अस्पष्ट हैं और साबित नहीं होता है कि पायल ने उनके साथ क्रूरता की है. हाईकोर्ट से झटका लगने के बाद उमर अब्दुल्ला ने शीर्ष अदालत का रुख किया और फैसले को चुनौती दी है.

# डेढ़ घंटे के इंतजार के बाद शरद पवार से छगन भुजबल की हुई मुलाकात

एजेंसी। मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता छगन भुजबल सोमवार को अचानक पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार से मुलाकात करने पहुंचे. मुंबई के सिल्वर ओक में हुई दोनों नेताओं की मुलाकात ने कई तरह की अटकलों को हवा दे दी है.हालांकि अजित पवार गुट के नेता छगन भुजबल ने तमाम अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने मराठा और ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर बात की. उन्होंने कहा, ओबीसी और मराठा समुदाय के मुद्दे पर में किसी से भी मिलने जाऊंगा. जरूरत पड़ी तो में राहुल गांधी से भी मिलने को तैयार हूं. भुजबल ने कहा कि शरद पवार मुंबई में हैं, ये जानकारी मिली इस लिए



उनसे मिलने पहुंचा. पार्टी की तरफ से नहीं एक विधायक के तौर पर मैं उनसे मिलने गया था. भुजबल ने कहा, महाराष्ट्र में स्थिति बहुत खराब है. मराठा, ओबीसी की दुकान में नहीं जा रहे हैं. मैंने उनसे कहा कि आप राज्य के बड़े नेता हैं, आपको इस में आगे आकर रास्ता निकालना चाहिए. झगड़े को खत्म करना होगा.

**सीएम से बात करेंगे शरद पवार :** छगन भुजबल ने दावा किया, पवार साहब ने मुझे कहा कि सरकार की मनोज जरांगे से क्या बातचीत हुई, मुझे कोई जानकारी नहीं है. पवार साहब ने कहा कि मैं एक दो दिनों में सीएम से बातचीत कर बैठक का आयोजित करता हूं. महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल को एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार से मुलाकात के लिए करीब डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा. उन्होंने कहा, शरद पवार के पास गया, मैंने उनसे मिलने के लिए समय नहीं मांगा था. मैं जब गया तो वो सो रहे थे. इसलिए मैंने एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार किया. उन्होंने उठने के बाद मुझे बुलाया. हमने उनसे चर्चा की. मैंने उनसे कहा कि मैं किसी राजनीतिक मकसद के साथ नहीं गया हूं. मैं मंत्री या विधायक बनकर नहीं आया हूं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)